शुक चरित्र प्रस्ताव

[बासठवां समय]

सुख विलास वर्णन ।

अरिल्ल ॥ उत्तर पष्य अषाढ पवित्रं । आर्द्रा मंडल मंडि नषित्रं ॥
दान भोग फल दूए लछि गत्तिय । विलसन राज करै नवनित्तिय
छं० ॥ १ ॥

पृथ्वीराज की मदान्धता ।

कवित्त ॥ इक जोवन धन मद्द । मद्द राजन मद वारुनि ॥
अरु मद देह अरोज । संग नव वनिता तारुनि ॥
अरु बंधन पति साह । पैज कनवज्ज संपूरिय ॥
एते मद राजनं । दुप दंदह करि दूरिय ॥
आनंद कंद उमगे तनह । संजोगी सर हंस सरि ॥
जानै न राज अस्तम उदय । मह्हि जोवन मानै रितु परि ॥छं०॥ २॥

पृथ्वीराज का अंतर महल में सभा करना और संयोगिता को अर्द्ध आसन देना ॥

आर्या ॥ आषाढ़े मासे दुतियानं । राज सभा नंडिय महिलानं ॥
सां इंछिनि दच्छिन पामारी । सील सुच पति व्रत संचारी ॥
छं० ॥ ३ ॥

पुच्छी मा जदि पुक्ति पंगानी । श्रीधाय वद्द प्राया प्रीयानी ॥
सिंघासन अर्द्ध आसन । दिन्नासी लच्छिय इह दानी ॥
मठी वित्तां करै । मन मे
छं० ॥ ४ ॥

इक प्रौढह इक्कह सुगधानं। दुहु लच्छन बंधे बं
इंछिनि प्रौढ पवित्र पुंआरी। मुगध संजोगिय प

दुविधि प्रीति राजन प्रति पारी। चतुरत्तन चिंत्यं
न्है बरनी ¹बहनि बर संच्यौ। विनय वल पंगज

मुख्य पटरानी इंछनी के हृदय में ईर्षा उत्प

खिपि नेनं सु चिन्ह विनानं। वसिकरि मोहि सु
तिय परिमान तिया परिजानं। इहां अंदेस जु

मैं विनया विनया वर संच्यौ। कनवज्जनि वसि
बान पंच धरि काम विनानं। धर धर धुक्कि परी

६

दू...। ॥ स्लरत ⁴खन्नी धव धवलि। रमनि रमे रति रंग ॥
...सम संजोगि आलिंगनह। अमन चित्त अति भ्रंग

...नी इंछनी का अपने पालतू सुग्गे
दुःख कहना।

सुरिल्ल ॥ छिन छिन... छिन किसलय तन तुट्टी। मन लोइन
अब्बुअ गढ़पति... सुअ अति ⁶संदुल। भोजन ताहि व

छं

चोटक ॥ भषि तंदुल मंजुल...यं मुषयं। क्रमयं क्रम कीर कहै
तवं इंछिनि इंछिनियं ⁷मिलयं। बसयं बस बास...

६

(१) ए. कृ. को.-बरुनी।
(४) ए. कृ. को.-बरन्नी।
(७) मो.-गिलनं-अलिनं।

ृगया म्रग मद्दन पान नयं । घन सार निहारन आननयं ॥
सना रस रचित दूअ चियं । रदनं छदनं पिन पीन पियं ॥
छं० ॥ १२ ॥
ावरी कुसुमं विसरंत नयं । श्रुति कुंडल लाल दुमाजनयं ॥
दुति मुत्तिय नासिकयं सुहयं । सुनि स्वामिनि स्वामि सुहं दुहयं ॥
छं० ॥ १३ ॥

सुग्गे का इंछनी की बातों पर रुष्ट हो जाना।

प दुप इंछिनि सु दुज। मन मंडिय सुनि कान॥
नोसे बातैं बहुत किय। करों पवरि चहुआन॥ छं० ॥ १४ ॥

: सुग्गे का कहना कि तू मुझे एक रात्रि के लिये संयोगिता के शयनागार में पहुंचा दे।

सुक उचरंत सु कीय। इंछि पस्सारि पवित्तिय ॥
नैत अनुजि अंजुलिय। सलप नंदनि अनुरत्तिय ॥
ामय अमय भरतार। हार हरनी उर जंपिय ॥
ामय उमय दुरजनिय। वाम विस्तरि [1]कर कंपिय ॥
नलसैन विसरि रस प्रिय प्रियनि। विरह विसरजन भ्रमन करि॥
ारम्य संजोगिय निसि निगम। महल मोह मंडिपहि धरि ॥
छं० ॥ १५ ॥

ौत वैर से संतप्त इंछनी का संयोगिता से संबंध बढ़ाना।

ृ चिय कर चिय निसि निगम। जाम दुनिसि गई विति ॥
क सुंदरि मंदिरनि मिल्ल। [2]पंजुलि प्रसन प्रतीति ॥ छं० ॥१६॥
ृत घात सों मन मिलै। और वैर मिट जाइ ॥
ृति वैर अंतर जलनि। दिन प्रति ग्रीषम लाइ ॥ छं० ॥ १७ ॥
ृ मिट्ठी वित्तां करै। मन में देत सराप ॥

कृ. को.-करु। (२) ए. कृ. को.- पंगुलि।

बंटै प्रेम सु प्रीय कौ। अंतर दरूक्कै आप ॥ छं० ॥ १८ ॥

एक दिन संयोगिता का सब रानियों का न्योता करना।

एक दिवस संजोगि ग्रह। महमानिय सब सौति ॥
आनि सुष्य प्रगटन मछर। अधिक [1]सपतनी होति ॥ छं०॥१९॥
सौति सुहागिनि सुष्य दिपि। लग्गैं नैन अँगार ॥
ज्यों ज्यों वह छंदा करै। त्यौं त्यौं करवत धार ॥ छं० ॥ २० ॥
* धन ग्रह बंढन मुत्ति नग। हेम पटंबर सार ॥
पुनि चिय प्रिय बंढन सुरति। लगै अधिक पग धार ॥छं० ॥ २१ ॥

सुग्गे की चातुरी का वर्णन।

लघुनराज ॥ अयं महे मयं जुरी। प्रसाद प्रेम मंजुरी ॥
उछंम पाट पानयं। सगुन्नं कीर जानयं ॥ छं० ॥ २२ ॥
सनूर निद्ध वासयं। प्रतीति रीति दासयं ॥
करं जु बंद सुंदरी। नरम्म द्रष्टि मंजुरी ॥ छं० ॥ २३ ॥
निगम्म वेद बादयं। वरन्न आदि सादयं ॥
सु चातुरी चितं चढं। पुछंति कीरयं पढं ॥ छं० ॥ २४ ॥
निरम्म रूप निद्धयौ। तिलक्क सोर सद्धयौ ॥
जुवत्ति रीति जानयं। हरम्य तुष्ट सानयं ॥ छं० ॥ २५ ॥

रानी इंछनी का पिंजरे को हाथ में लेकर संयोगिता के महल को जाना।

दूहा ॥ कर धर इंछनि कीर लिय। हीर मुत्ति जुत कंठ ॥
मन संजुल तंडुल दधहि। प्रेम पुच्छ भ्रम नट्ठ ॥ ॥ छं० ॥ २६ ॥
दुज पंजर बहु भांति रचि। अरु [2]जरीय जर भूल ॥
आडंबर जग रचई। भट वेस्या भ्रत भूल ॥ छं० ॥ २७ ॥
मुरिल्ल ॥ सषि संकुल सावक्किति सज्जिय। [3]ग्रिह ग्रिहस राज सद्रिग बद्दिय ॥
दाहिम्मिय समद मह्लिानिय। संजोइय भुवनह संपानिय ॥
छं० ॥ २८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सपत्ती। * छन्द २१ मो. प्रति में नहीं है।
(२) ए. कृ. को. नरीन। (३) ए. कृ. को.-"ग्रह ग्रह राज सभा द्रग वद्दिय।

संयोगिता के महल का वर्णन।

वचनिका ॥ कचित् शृंगाराय। मुक्ति बंधन विहाराय ॥
नवन दृष्टि निहाराय। रंजनं घनसाराय ॥
मृगमदगंध उछाराय। अलि निवास उभाराय ॥
मृदु मंजरी रस सुराराय। एवं काम विहाराय ॥ छं० ॥ २९ ॥

संयोगिता का सब रानियों को उचित आदर देना।

सुरिल्ल ॥ द्रिग द्रिग सों रंजिय पंगानिय। आमन समरकंद दिय दानिय॥
जर जरीन चवरिय तिर चानिय। काजल कुंकुमयं कृत पानिय॥
छं० ॥ ३० ॥

पृथ्वीराज की दसों रानियों के नाम।

वचनिका ॥ प्रथम पुंडीर जादी। इंद्रावती राज सादी ॥
सुंदरी हमीर जानी। जबूं गिर इंछिनी मानी ॥
कूरम्भी पज्जून जाता। बलिभद्र नाम भ्राता ॥
कंजानी बड़ जन गज्जरी जाता। सदलासांमि राता ॥
हंस गमनी हंसावती सुजानी। दिवासी सरूपा सुमानी ॥
दाहिमी रूप रवनी। मत्त मातंग गमनी ॥
आदरं आदि राजा। वीनानं कंठ बाजा ॥ छं० ॥ ३१ ॥

पृथ्वीराज और संयोगिता के प्रेम का प्रभुत्व।

दूहा ॥ न्रप वर चामर सपि सरहि। वपु गुंजहि हर नच्छ ॥
कला केलि दिन दिन चढिय। सुक्षग सँजोई सिच्छ ॥ छं०॥३२॥
सुभ आदर रानिय सुपट। चरित चित्त चहुआन ॥
दुर दिन दाहिम्मिय महिल। किम किन्नौ पायान ॥ छं०॥ ३३ ॥
श्लोक ॥ सगुनं ज्येष्ठ जेष्ठानां। ज्येष्ठ रूपं सरूपिनां ॥
ज्येष्ठं पितु मान राजानां। ज्येष्ठा[1] मान विलोकनी ॥ छं०॥३४॥

(१.) को.- ए.-जेष्ट।

पृथ्वीराज का रनिवास में जाकर सब रानियों को देने के लिये वस्त्र आभूषण देना।

दूहा ॥ राजन उठि मन्निय महल। गहिलै गुरजन सथ्थ ॥
जु कछु चरित तिहि महिल किय। सुनहु सु बूझन कथ्थ ॥
छं० ॥ ३५ ॥

नग मुत्तिय बंटन बसन। तात संजोइय दत्त ॥
सहस असंषिन लष्पियौ। गनि को कहै निरत्त ॥ छं० ॥ ३६ ॥

रसावला ॥ छवी छवि पट्टं, अनेकं [1]निघट्टं।
मनी मुत्ति बट्टं, नगं नेम तट्टं ॥ छं० ३७ ॥
सु गंधं सु घट्ट……संजोगि सु ग्रेहीं[2]।
उछंगं सु देहीं…………॥ छं० ॥ ३८ ॥
अलष्पंग नानं, सु कोरी प्रमानं. सची सोभ रागं। द्रुतं देव वागं।
छं० ॥ ३९ ॥
अनंदं सु लागं, निसा कित्ति जागं। भुअं भान भागं, धुअं मत्त मागं॥
॥छं०॥४०॥
दिपंती सुहागं, [3]अवूरत्त रागं। * * * * ॥ छं० ॥४१ ॥

सब रानियों का परस्पर मिल कर अपनी अपनी विरह वेदना कहना।

दूहा ॥ अनु दिन सषि संकुल विकल। अकल केलि सुनि चंद ॥
बरष एक सषि सुष समझि। परषि प्रीति फुनि मंद ॥ छं०॥४२ ॥
परसप्पर मिलि बत्ति कहि। हम नहिं दिट्ठौ कंत ॥
बरष इक हम षम करी। नह लद्धी गति अंत ॥ छं० ॥ ४३ ॥
क्रम क्रम तट छंडै सरहि। बर छंडै रति जोर ॥
मति छंडै बिरह्न तनहा। गति पावस मति मोर ॥ छं० ॥ ४४ ॥

---

(१) कृ. को.-निहट्टं। (२) ए. कृ. को.-सुग्रहे। (३) ए. कृ. को.-अनूरत्त।

अरिल्ल ॥ पमद न सब किसु लच्छिन पिम्महि । दहियन रोस सुधारति [1]नेमहि॥
रमिय न निज निज पति क्रीला । बिन इंछिनि सब ग्रेह सुजानं॥
छं० ॥ ४५ ॥

रानी इंछनी का पृथ्वीराज और संयोगिता के प्रेम की परीक्षा करने के लिये संयोगिता को अपना सुआ देना और संयोगिता का उसे प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार करना।

इंछिनि इंछिय अच्छनि रष्षन । राज संजोइय प्रेम परष्षन ॥
दुर्जं दिय हथ्थ प्रजंक संजोइय । निसि गति मोहि कथा सुनि तोइय॥
छं० ॥ ४६ ॥

दूहा ॥ दिय पामारि पवित्त सुक । लिय संजोइय वंदि ॥
पन प्रजंक टट्टन टरति । गति न कहै सुर सदि ॥ छं० ॥ ४७ ॥

संयोगिता का सुग्गे को अपने महल में ले जाना। उसकी शोभा वर्णन ।

चंद्रायन ॥ लीय सु दुज्ज संजोइय पत्तिय साल बर ।
जहां आभास सुभासहि मनि मानिक्क जर ॥
चित्त विचित्त विचित्त सु चित्तह रंजि रस ।
थंभ सुरंग अनूप अलंक्रत अंग तस ॥ छं० ॥ ४८ ॥
विधि विधि वास तरंग अनंग उछाह अति ।
मधु माधव किय वास सुभासित रंग रति ॥
जर पंजर कल धौतन उत्त विराजि मनि ॥
सुष आये षित ताम विरामित साल बनि ॥ छं० ॥ ४९ ॥
आर्या ॥ मिलि सा सुष्ष सयानं । मानि गानि अन्न उत्तिम विधानं ॥
सत्त विहंग विहंगर बानं । मज्जन संजोगि रचि रहि ठानं ॥
छं० ॥ ५० ॥

(१) ए. कृ. को.-मेनह ।

संयोगिता का स्नान करके नवीन वस्त्र आभूषण पहिनना। संयोगिता के अंगों का सौन्दर्य्य वर्णन।

मोतीदाम ॥ रचे सब मज्जन रज्जन ठान। निरंतर अंतर ग्रेह गुरान ॥
सजे सब भूषन पंगज अंग। कलेवर सानि सनेह सु ठंग ॥
छं० ॥ ५१ ॥

लहस्सिय कज्जल लोइन लोइ। अनंग उभार चब्यौ तन तोई ॥
धरे वर पट्ट कनक्कस रूअ। करे वर पट्ट सु घट्टित दूअ ॥
छं० ॥ ५२ ॥

सरोहिग पट्ट संजोगिय तास। मनों सजि पट्टर तिज्जय काम ॥
अनेक सुगंध सुबासित वार। सवी सब आनि सु-बंधिय धार ॥
छं० ॥ ५३ ॥

सने हरि आनि सुधा रस बास। बहू विध उस्वत अप्प सु राज ॥
जलप्पय वासन तज्जिय तिन्न। अरोहित पट्ट जिके चित चिन्ह ॥
छं० ॥ ५४ ॥

सुगंध सु धूप अनोपम वास। अनेक सु भांति विविद्ध विलास ॥
कनष्पय वुंद चुवै चर केस। तही भय तस्स सु रष्पहि रेस ॥
छं० ॥ ५५ ॥

उभै कुल उप्पर कच्च चुअंत। मनों सुति नागिनि संभु [1]युअंत ॥
कुचग्गलि केस सुभै सित लग्ग। सुधा सचि कुंभ सरप्प उरग्ग ॥
छं० ॥ ५६ ॥

विराजित भंति अलक्क सु मुष्प। मनों हरि बीहरि सम्मिय रुष्प ॥
तिलक्क सभाल रची रचि रेष। मनों मय ग्रेह दुआरनि देष ॥
छं० ॥ ५७ ॥

घनं भ्रुअ दूअ तिलक्कस रानि। जिते धर अड्डर लग्ग [2]सुतानि ॥
रचे जल कज्जल रेष सु भेष। मृषी भय काम जरे जनु एष ॥
छं० ॥ ५८ ॥

(१) ए. को.-पुअंत। (२) मो.-सुजांनि।

चलचल नेन सु नासिक रूअ । कुसुम्मह मधि कलरै [1]अलि दूअ॥
कटाच्छह सेत चलै सति वंक । नयै जनु बीर कचोल कनंक ॥
छं० ॥ ५९ ॥

तिलक्क जरावध वद्दन विंदु । सज्यौ रथ सारहि काम सु इंदु ॥
जुआ भ्रूअ कंध धरे कच एन । तटंकह चक्क जिते तिअ तेन ॥
छं० ॥ ६० ॥

चिवुक्कह विंद असेत सु वानि । प्रसारित कंज अली सिसु ठानि॥
सुनै जुरि आनि सु नग्ग सु घट्ट । जनों सजि काम जिते दुअ पट्ट॥
छं० ॥ ६१ ॥

रोमावलि वान मनंसथ तान । करै कुच ओट द्रिगं त्रिग[2]ठान ॥
रची वर मानिक [3]पुद्रनि रुच । मनोहरि रास सवैं ग्रह सुच ॥
छं० ॥ ६२ ॥

वने सव भूषन धारिय अत्ति । झनक्किय नूपुर घूघर गत्ति ॥
मनों वजि बाजिच काम स भूप । विजै कज वाज सवैं पुर नूप[4] ॥
छं० ॥ ६३ ॥

[5]तमो रसमो रस पूरिय मुष्य । वनै सव रास तजै भव दुष्य ॥
अनोपम रूप सिंगार वितूल । धरै कवि मत्त रहे गति भूल ॥
छं० ॥ ६४ ॥

संयोगिता का सेज पर जाना और सुग्गे को भी चित्रसारी में ले जाना।

चौपाई ॥ रचि श्रृंगार अनोपम रूपं । चातुरता गति मति आनूपं ॥
मंगहि इष्ट सुकं मति गत्ती । बिधि परजंक [6]संजोगि सपत्ती ॥
छं० ॥ ६५ ॥

दूहा ॥ गय गति इंछनि दीय दुज । लिय मन हरष सु जानि ॥
इह चातुरता दूत है । कहन सुनन परिमान ॥ छं० ॥ ६६ ॥

(१) ए.कृ.को-अति ।　　(२) ए.कृ.को-थानि ।
(३) ए.कृ.को.-पुद्रनि, पुद्रनि ।　　(४) मो.-नूर ।
(५) मो.-"तमोर सपूरिय मोरि समुष्य"　　(६) ए. कृ. को.-संजोइय ।

शैय्या सुखमा।

विराज ॥ प्रजंक सु जोई, तलप्प सु सोई। प्रसून समोही, कुंज सुप्प सोही॥ छं० ॥ ६७ ॥

धुत्र धूप रुद्ध, उत्र सुक्कि गंधं। प्रसंसं प्रसून, फलं वासि पूनं॥ छं० ॥ ६८ ॥

चिषा तुष्ट कामं, रति देव धामं। दुजं स्वस्तिमंचं, निरष्षै सुगंचं॥ छं० ॥ ६९ ॥

निसा दीप दानं। रतिं की प्रमानं। * * * ॥छं० ॥ ७०॥

रतिवर्णन।

कवित्त ॥ रस क्रीडत बिपरीत। चिंति दंपति दंपति रिति ॥
पंच पंच सुट्टए। पंच लग्गेति पंच पति ॥
उठिय बाल सज्जिय दुकूल। सुक पंजर सु धाम चित॥
हर हराट उप्पज्यौ। तजिय अक्कौट कान ह्रत ॥
धरि थान कंथ्थ सुक सौं कहिय। रहि न लज्ज लज्जी बिलग ॥
जग पुब्ब भाव भांवरि सु वत। सुबर बाल उट्ठी सु द्रिग ॥
छं० ॥ ७१ ॥

[1]ससि रुन्नी स्रग [2]वह्यौ। कह्यौ सुक सप्त दीप तन ॥
तम सु देव पुलि पंग। जोति संदीप छिनहि छिन ॥
हुई लज्ज अचलीय। कलिय सुद्ध गति जानं ॥
छिम छिम तमह रंतिपति। परसि पहु पंजलि थानं ॥
न्रप तुष्टि कास कमलारमन। भवन द्रष्टि रुचि रमन मन ॥
जिम जिम सु बिनय बिलसिय प्रबल। तिम तिम रुक बुद्धिय प्रमन॥
छं० ॥ ७२ ॥

दूसरी रात्रि का रति विलास वर्णन।

तारक ॥ * दुतिया दिन संझ बिजै कुल कम्म। सहचरि प्रौढ़ रमै रति रम्म॥
दुष्षम सुष पिम्म मनोहर रीति। बिलस्सिय आस भयं भव जीति॥
छं० ॥ ७३ ॥

(१) को.-समि। (२) को.-हहयौ। * मो.-प्रति में नहीं है।

युक्त ॥ आसीनी सज्जानी विग्यानी उल्लानी निरधानी थ्यानी उरथानी॥
वय न्यानी सम्मानी अलसंज तानी उद्दित न्यानी सपि आनी॥
पारस संजोइय सुष सुष मोहिय संतोहिय * *
* * * * * * छं० ॥ ७४ ॥

दूहा ॥ संकल अंकुलयं विपथ । चप कंकन उन पान ॥
प्रथम रवन रवनिय मिलिय । रति गति राजन थान ॥
छं० ॥ ७५ ॥

सुख सहवास का क्रमशः चाव और आनंद वर्णन ।

त्रोटक ॥ तन कंपन कुं पुनयं पुनयं । सनयं सनयं सिरयं धुनयं ॥
वलयं चलयं नकयं चकयं । अलि भारन मंजरियं भगयं ॥
छं० ॥ ७६ ॥

प्रियनं प्रियनेति पियूष पियं । धकयं धक छंडिन तोहि अयं ॥
लजनं रजनं भजनं भवनं । चतुरष्ट न तुष्ट रचै रवनं ॥छं०॥७७ ॥
कलिनं अलिनं ललिनं वयनं । सयनं [1]चलिनं चलिनं रचनं ॥
* * * । * * ॥ छं० ॥ ७८ ॥

दूहा ॥ सुनि संचल अंचिल रवनि । तन धर हरि दिढ कम्म ॥
सपि पारस [2]सारस व्रतन । नव कर बँधिलि अरम्भ ॥छं०॥७९॥

पारस ॥ नै व्रत सज्ज्या, जोवन पुज्ज्यां ।
.... छं० ॥ ८० ॥
सैसव साता, रम्मन कांता ॥
विलसिन तांता, सुर [3]तित आंता ॥ छं० ॥ ८१ ॥

दूहा ॥ अग्गिराज संजोगि सों । मानि चतुरभय चित्त ॥
एकादस पूरे अपँग । पंचम परसु सहित्त ॥ छं० ॥ ८२ ॥

एकम से लगा कर पूर्णिमा पर्य्यंत का रति वर्णन ।

चोटक ॥ हक्रितं हक्रितं क्रितयं क्रितयं । दह अंगुलि संसुपयं मितयं ॥
अमियं अपि वासन तं हितयं । मनं आप निषद्ध पतं चितयं ॥
छं० ॥ ८३ ॥

[१) ए. कृ. को.-सलिनं ।　(२) मो.-पारस ।　(३) ए. कृ. को.-सुरतिन ।

सुक द्रष्टिहि द्रष्टिनि छोह लजं। दिव दीपक अंचलयं जु भजं॥
दुतियं दिन केलि कला वरयं। चितयं चिष मंझि समावरयं॥
छं० ॥ ८४ ॥

उभयं दुति दीहनि चामरनं। दुति तीय दिनं सम तुष्ट रनं॥
षट षष्ठिय लज्जि सु नीर दियं। सत सत्तय पौमिनि प्रेम प्रियं॥
छं० ॥ ८५ ॥

चवदून दिनं दिनयं दिनयं। निज नोमिय नौरसयं भनयं॥
दसमी दिसि वड्डिय प्रीति घनं। दस एकह एक सु एक मनं॥
छं० ॥ ८६ ॥

रति द्वादस द्वादस देवतियं। दस तीनि सिआर घिलो कलियं॥
दस च्यारि चयं सुकयं सुकयं। सुभ पूनिम इंछिनि सो भषयं॥
छं० ॥ ८७ ॥

रति के अंत में दंपति की प्रफुल्लता और शोभा वर्णन।

कवित्त॥ देषि बदन रति रहस। बुंद कन [१]स्वेद सुभ्भ बर॥
चंद किरन मन मध्य। हथ्थ कुट्ठे जडु डुक्कर॥
सु कविचंद बरदाय। कहिय उप्पम श्रुति चालह॥
मनो मयंक मनमध्य। चंद पूज्यौ सुत्ताहय॥
कर किरनि रहसि रति रंग दुति। प्रफुलि कली कलि सुंदरिय॥
सुक कहै सु किय इंछिनि [२]सुनवि। पै पंगानिय सुंदरिय॥
छं० ॥ ८८ ॥

दूहा॥ अप्रापत प्रापति सु पति। कर संजोइय काम॥
उर आनंदिय अप्प वर। ते चिय पुज्जिय वाम॥ छं० ॥ ८९ ॥
सुष सुष मंडिग रति रवन। सुभ इंछिनि प्रति प्रात॥
गुरजन गुर लज्या दवन। विपथ बिकंपन गात छं० ॥ ९० ॥

इंच्छनी का सुग्गे से संयोगिता का रतिरास पूछना।

लज्जन लष्पन जन सजन। कहु सुक संकुल पंष॥
अनि रतु तु तन जंपनह। तं षिन षिन तं अष्षि॥ छं० ॥ ९१ ॥

(१) ए. क. को.-दीय। (२) मो.-श्रेद। (३) ए. कृ. को.-सुनहि।

सुग्गे का कहना कि यद्यपि ऐसा करना पाप है परंतु कहता हूं सुन ।

हसन गुरज्जन सवकि मुष । दूपन मुगध वधूनि ॥
फिरि फिरि फिरि पंजर परनि । मंजरि कलि हरि धनि॥छं०॥९२॥

संयोगिता के मुख की शोभा वर्णन ।

अरिल्ल ॥ सुनि इंछिनि [1]पंगी जु रवन्नी । धपत राज सुभ लाज मवन्नी ॥
आननयं काननयं कन्नी । पूनिम पूरनयं सुक व्रन्नी ॥ छं०॥९३॥

सुग्गे का पृथ्वीराज और संयोगिता का अंतरंग रास वर्णन करना और सखियों सहित इंच्छनी का चित्त दे सुनना ।

वाघा ॥ छंदम छंदयलं सुक छंदं । मो मंजीरनयं सुर मंदं ॥
वर किंकिन पंकित पुकारं । हक्कित क्रित्त सुर मुर उच्चारं ॥
छं० ॥ ९४ ॥

विपन पनोकनु मंथरि धीरं । पंडन कल पल करि अति भीरं ॥
कच ग्रहि रति रिझ्झन रंग रोरं । पंपुलितं ललितं गति मोरं ॥
छं० ॥ ९५ ॥

काकज पाल नयं सब दंधी । भाप छ उच्चरियं [2]मन सुंधी ॥
अम्रतयं म्रतयं भ्रम राजं । तंदुल मंदुलयं करि साजं॥ छं०॥९६॥
भूषन दूषनयं करि दूरं । उम्मन चुम्मनयं करि पूरं ॥
जं जं लोचनयं छिन जूरं । तंतं उच्चरियं मुष मूरं ॥ छं०॥९७॥
हं हं हं कुलयं कल लज्जी । चरबर चंच पुटी सुर सज्जी ॥
.... छं० ॥ ९८ ॥
[3]धर धर छत्तिय नच्छित लोलं । हर हर सावक्किय हसि बोलं ॥
दुंदुन मंदुनयं दुरि दुरियं । परिजय पंक पजंकनि सुरयं ॥
छं० ॥ ९९ ॥

---

(१) ए. कृ. को. पगिनि । (२) मो.-परि ।
(३) मो.-धर धर धर छतियन छिन लोलं ।

सरन मारयन प्रिय सरय । तिथि विधि पंच दसी दिन भरयं ॥
इहि विधि केलिनि पाइ जियन्नं । इति एकंत पुकारि पियन्नं ॥
छं०॥१००॥

कवित्त ॥ सुक्रिय वक्र कटाछय । श्रवन लग्गत ओपम थपि ॥
शिव कंद्रप द्रग कूप । श्रवन कन्या लेयन धुपि ॥
दुति तरंग उल्हसहि । फेरि ता कूपन माही ॥
तात रंग सागरह । पऱ्यौ मनु बुंद अथाही ॥
सुक कहै सुक्रिय इंछनि सुनहि । भ्रम्म अनेकन छंडि तत ॥
तारंग तंत तरुनी सु बर । सुबर बाल ऋतुट्टिय सुमति ॥छं०॥१०१॥

दूहा ॥ श्रुति राजन हुंक्रित हँसन । कुंचित हँसन नयन्न ॥
चुटि चाटंकन भगन किय । नग बिनु रहन मवन्न ॥छं०॥१०२॥

सुग्गे के दूतत्व की धृष्टता का कथन ।

कुंडलिया ॥ जो रस रसनन अनुदिनह । अधर दुराइ दुराइ ॥
सो रस दुज कन कन कह्यौ । सषिन सुनाय सुनाइ ॥
सषिन सुनाइ सुनाइ । हियै सुचि सुचि लज मन्नह ॥
सुथल बिथल थल कंपि । नेन लटकीय नहन्नह ॥
जियन मरन मिलि मेंन । कह्यौ अदभुत प्रिय रस ॥
ए रस अंतर भेद । प्रीय जानै चिय जौ रस ॥ छं० ॥ १०३ ॥

इंच्छनी का संयोगिता के गूढ अंगों के विषय में पूछना ।

दूहा ॥ फुनि पुच्छति इंछिनि सु कहि । सौति रूप मनि साल ॥
तौ पुच्छौं कैसी कहै । अंतरंग सु बिसाल ॥ छं०॥ १०४ ॥

सुग्गे का संयोगिता के प्रच्छन्न अंगों का वर्णन करना ।

कवित्त ॥ क्रिसल थूल सित असित । थान चव एक एक प्रति ॥
पानि पाइ कटि कमल । सथल रंजे सुच्छिम अति ॥
कुच मंडल भुज मूल । नितंब जंघा गुरुअत्तं ॥
करज हास गोक्रन्न । मांग उज्जल सा उत्तं ॥

कुच अग्र काच्च द्रिग मद्धि तिल्ल । स्यामा अँग सब्ब गवन ॥
षोडस सिंगार सारूव सजि । सांइ रँजै संजोगि तन ॥छं०॥१०५॥

सुग्गे का सम्पूर्ण शृंगार सहित संयोगिता के नख शिख का वर्णन करना ।

पद्धरी ॥ संजोग जोग जय संत तंठ । आनंद गान जिन करिय कंठ ॥
बर रचिय केस विचि सुमन पंति । विच धरे जमन जल गंग कंति॥
छं० ॥ १०६ ॥

सिर मद्धि सीस फूलह सुभास । किय जमन अद्ध सुर गिरि प्रकास॥
कुंडली मंडि बंदन स, चंद । कसतूर ढिगह घनसार बिंद ॥
छं० ॥ १०७ ॥

बर किरन भोम परसत प्रकार । मनों ग्रसित राह ससि सहित तार॥
ओपमा भूअ वेनी विसाल । नागिनी असित ससि सहत वाल ॥
छं० ॥ १०८ ॥

ओपमा भाव उच्चरि विरूप । मनुं ससी राह सित पय मजप ॥
सैसव्व मद्धि जोवन प्रवेस । देषियै नैन मग अति सुदेस ॥
छं० ॥ १०९ ॥

ओपम सु कव्वि बरदाय कीय । ज्यों ग्रेह उंच दिसि जल निदीय॥
सित असित सोभ द्रिग बर विसाल । कै ससिज प्रगटि तम मद्धि वाल॥
छं० ॥ ११० ॥

ओपम्म चंद नासिक विसाल । मनों अरै लरन रवि राह वाल ॥
ओपम्म अधर कवि कहि विदुष्प । उग्गरे अद्ध ससि चपि मजप ॥
छं० ॥ १११ ॥

सोभै सुरंग दंतनि सु पंति । कदलीन केत कै मुत्ति कंति ॥
कै तरु सु बिंब लुंबी सुरंग । ससि भूम गंग जल सिँचि अनंग ॥
छं० ॥ ११२ ॥

मधु मधुर बानि कलग्रंठ रह । आनँग अनेव केवल सु सह ॥
तारक्क तेज नग जटि सुरंग । ओपम्म चंद तिन कहि सु अंग ॥
छं० ॥ ११३ ॥

[1]वित्तह सत्त सब चित्र ह्वर । सेवहित सत ग्रह तप करूर ॥
नन धरै अरनि धारे सु तव्व । तिन मक्षिक्ष रहिग ससि कला सव्व॥
छं० ॥ ११४ ॥

कप्पोल कला कल नगज सीप । दुहु परी छोड़ मयुष समीप ॥
चिवली सुरंग विच पीति जोति । ओपम्म सुबर तित मक्षिक्ष होति॥
छं० ॥ ११५ ॥

उछराह रेह गुरु जोज गम्म । परदष्षि देत ससि देषि हम्म ॥
सुतियन माल कुच विच सुरंग । प्रतिव्यंव फलकि सुष उदिम अंग॥
छं० ॥ ११६ ॥

ससि श्रंग मीन विद्रुमनि चाहि। ससि सहत कढत अहि गंग मांहि॥
[2]जगमगत कंठ सिर कंठ केस । मनु अठ्ठ ग्रह चंपि ससि सीस वैसि॥
छं० ॥ ११७ ॥

नग माल लाल कुच पर विसाल । ओपम्म चंद चिंती सु साल॥
चिंतिय सु बैर बर सिंभ पुव्व । मनमथ्थ ऊक सुष फुंकि उच्च ॥
छं० ॥ ११८ ॥

निझरि सु माल उर वली भासि । ओपम्म चंद बरदाय तास ॥
बिय पंति सोम रचि अति सुलाह। ससि गहन चढत जनु न्वपति राह
छं० ॥ ११९ ॥

सोभै चिमाल कुच तट तरंग । जनु तिथ्थराज मँडलौ अनंग ॥
सोभै सुरंग कुंचकी वास । जनु संवरेह पटकुटी काम ॥छं०॥१२०॥
राजीव रोम राजै सु कंति । उत्तरन चढ़त पप्पील पंति ॥
चित लोभ भरिग ग्रहराज जंति । दिठि राह मेर परसरि सुपंति॥
छं० ॥ १२१ ॥

कटि तट्ट छुद्र घंटिय रुरंत । जगमग सु नग्ग ओपम्म कंति ॥
कविचंद देषि ओपम्म भासि । ग्रह लगे चंपि जनु सिंघ रासि॥
छं० ॥ १२२ ॥

कटि घाट निठ्ठ मुट्ठहि समाय । मनुं ग्रहन धनुष मनमथ्थ राय॥

१) मो.-विनतह । (२) मो.-जगमत्त ।

नितंब गरूअ द्रप्पन कि काम। उदै अस्त भानु जनु पंति वाम॥
छं० ॥ १२३ ॥

वर जंघ रंभ विपरीत तंक्ष। कै पिंडि दिट्ठ मनमथ्थ संक्ष॥
ओपम्म वीय कविचंद सादि। मनमथ्थ हथ्थ उत्तरि परादि॥
छं० ॥ १२४॥

पिंडीय पग्ग ओपम्म थट्ट। कुंकुम कनक्क मम तेज घट्टि॥
नप न्नमल तेज तारक्क सुत्ति। कंद्रप्प द्रप्प दिपि कार धुत्ति॥
छं०॥१२५॥

षोड़स सु सज्जि सजि सुत्ति वाल। घुध्घरन नग्ग जटि अति सुसाल॥
ग्रह अट्ठ छोड़ तजि छोड़ हंस। सजि तेज भूलि गति भूलि तंस॥
छं० ॥ १२६ ॥

पृथ्वीराज और संयोगिता के परस्पर प्रेम नेम और चाह का वर्णन।

दूहा ॥ अह निसि सुधि जानै नहीं। अति गति प्रौढ़ सु रथ्थ ॥
गुरु बंधव मित लोक सव। मन विपरीत सु गत्ति ॥छं० ॥ १२७ ॥
विज़ुरन मन चित्तै नहीं। मनो वसंत रिति भ्रंग ॥
रस लोभी भ्रम भ्रम भ्रसे। विसराए सव अंग ॥ छं० ॥ १२८ ॥

चोटक ॥ सगना जिहि च्यारि परंत गुरं। सोइ चोटक छंद प्रमान घरं॥
पय मत्त वनं वरनं वरनं। निय नाग कहै चप जा श्रवनं॥
छं० ॥ १२९ ॥

पवनं गति सीत सुगंध सु मंद। लगै भ्रम रीतन मन्न अनंद॥
जगी जगि भ्रंग निभ्रंग निवार। सुनिद्धनि कंठिय कंठ सहार॥
छं० ॥ १३० ॥

कुहुक्कहु कांम सु धांम धमारि। उड़ै पिय पंथ पराग सवार॥
मुकल्लित मल्लित हल्लित पोंन। ननं कविचंद रसंमि सु मोंन॥
छं० ॥ १३१ ॥

प्रथम्मह प्रेम दुवं सुष [1]लष्षि। उदै रवि रथ्थ मनों रथ मष्षि ॥
लुदै न लिनं अलिनं रहि मंझि। मधु ब्रत मत्त बसो जिन संझ॥
छं० ॥ १३२ ॥

रहै गहि संपुट लंपट नारि। सु पंघ पराग हरै उन हारि ॥
रसं घन घुंटि गुलाल सु थाल। घटी घटि लग्गि फ,निफ्फ,नि लाल॥
छं० ॥ १३३ ॥

बरब्बर बौर सिरी बर बौर। गिरै जिनि लग्गि पिया अलि और॥
मधू रस मिश्रित पाडर डार। बजे रव रंग उपंग सु मार ॥
छं० ॥ १३४ ॥

सु वेत सेवंति कुमकु,म काज। षिजै जिन [2]षीन अष्ठो षगराज ॥
सु चंपक चारु वितामन कंध। दरस्सन देवि कियौ दल गंध ॥
छं० ॥ १३५ ॥

लगै अंग केतु कि पंग पराग। तुटै लगि कंठक कोइय भाग ॥
बन ब्रत्त बेलि बिलंबहु बेलि। करों दिन केक करन्निय केलि ॥
छं० ॥ १३६ ॥

लबक्किय लग्ग लवंग निहार। मनों न सु गंध कुसम्म अपार ॥
सहै न बियोग बुरै सिर [3]गात। तजै तिन कंत बसंत प्रमात ॥
छं० ॥ १३७ ॥

अबस्सर प्रीति न मुक्कहि प्रान। [4]हँसै तिन नेह न वेन सुजानि ॥
इसी विधि कंत मधू मधु नारि। कहै मिसि धार बसंत बिचारि॥
छं० ॥ १३८ ॥

अली लगि कंत किमंध सु गंध। लगे न्त्रप काम पगानिय बंध॥
रते रति राग पराग बचन्न। रहै टग लग्गिय काइक मन्न ॥
छं० ॥ १३९ ॥

सबै षट रित्तुनि राज बसंत। भ्रमे भ्रमरावलि नाम सु कंत ॥
* * * ॥ * * * छं० ॥ १४० ॥

(१) ए- कृ. को.-लग्गि अग्गि। (२) मो.-हीन। (३) मो.-मात।
(४) मो.-हसै तिन नैनह वैन सजान।

दंपति के रतिरस की रात्रि के युद्ध से उपमा वर्णन ।

कवित्त ॥ लाज गढ़्लोपंत । वढ़िय रद सन दक रज्जं ॥
अधर मधुर दंपतिय । लूटि अत्र ईंव परज्जं ॥
अरस प्ररस भर अंक । पेत परजंक पटक्किय ॥
भूषन टूटि कवच्च । रहे अध बीच लटक्किय ॥
नीसान थान नूपुर वजिय । हाक हास कारपत चिहुर ॥
रति वाह समर सुनि इंछिनिय । कीर कहत वत्तिय गहर ॥छं०॥१४१॥ *

कर कंकन मुद्रिका । छुद्र घंटिका कटि तट ॥
वसन जघन पहिराइ । भार वित्तयौ सघन थट ॥
कुच निहार कंचुकिय । भुजनि वंध वाजू वंध ॥
पग तोड़र नूपुरिय । हरे रूपि अड़िग पेत मधि ॥
संग्राम काम जीतें भरनि । करिय रीझ कनवज्जनिय ॥
तंवोल पान दीनो अधर । कीर कहत सुनि इंछिनिय॥छं०॥१४२॥ *

तम रस तीय संजोगि । सुमन सहत्तीय निसराइय ॥
पति कों नव रस भँवर । प्रीति पोमिनि सिरछाइय ॥
हाय भाय विभ्रम कटाच्छ । हंस सरह पग रज्जं ॥
नेह वीर वचननि पराग । लाज कोदिव सुप पज्जं ॥
जन जंत रूप लहरीति गुन । दुत्तिय यह याहं मयन ॥
सकंत प्रेम उदित उदित । वर फुल्लित वर सुनि वयन ॥छं०॥१४३॥

मदन वयट्टौ राज । काज मंचौ तिहि अग्गै ॥
हाय भाय विभ्रम कटाच्छ । भेद संचारि विलग्गै ॥
काम कमलनी वनिय । चक्कनिय निय नित्यं भर ॥
मोह विहि पिभझति । प्रज्ज मो सनिय पिंड वर ॥
वीनीति मधुर तिहि लोभ वसि । वसि संजोग माया उरह ॥
जयपन मग्गगहि अंगम गति । न्टप क्रम सह छुट्टिय वरह॥छं०॥१४४॥

---

* छन्द १४१ और १४२ मो.प्रति में नहीं है ।

संयोगिता की समुद्र और पृथ्वीराज की हंस से उपमा वर्णन।

दूहा ॥ दुहु दिसि वढिय सनेह सव । संजोगिय वर कंति ॥
जियन वार बिछुरत तरुनि । हंस जुगल विछुरंत ॥ छं० ॥ १४५ ॥
रूप समुंद तरंग दुति । नदि सव की मल्लि मानि ॥
गुन मुत्ताहल अप्पि कै । वस किन्नौ चहुआन ॥ छं० ॥ १४६ ॥
गुर भ्रित चिय देषंन प्रिय । दुज मिटि दोन न वार ॥
निसुष रूप संजोग की । टरै न वार अतार ॥ छं० ॥ १४७ ॥

कुंडलिया ॥ उज्जल कहु संजोगि में । नेह स पुत्ती रूप ॥
कला सहित पूरन्न ससि । अहि अजीज मिलि भूप ॥
अहि [1]अजीज मिलि भूप । तिमर तोरेज पंग दल ॥
राह रूप सुरतान । लग्गि सु कीनी कीव वल ॥
* * * । तप विडंभूत न मुज्जल ॥
चकवा कहु जलंन । सुष अरपति अति उज्जल ॥ छं० ॥ १४८ ॥

दूहा ॥ दो इंछनि पुच्छै सषी । किहि वय किहि मति रूप ॥
किहि लच्छन उनिहार किहि । किम दच्छिन रचि रूप ॥
छं० ॥ १४९ ॥

संयोगिता के अंग प्रत्यंगों पर प्रतीयालंकार कथन।

कवित्त ॥ ससि रुन्नौ म्रग वद्यौ । काम हीनौति भीन रति ॥
पंकज अलि दुम्मनौ । सुमन सुम्मनौ पयन पति ॥
पतँग दीप लग्गिय न । मीन दुम्मनो जीय नम ॥
सुकिय सषिय सुष दिष्ट । चितचिंतति नेह भ्रम ॥
सुष सक्ति हीन सो दान न्टप । हाव भाव विभ्रम श्रवन ॥
यों रति चरित्त मंगल गवन। सुनि इंछनि इंछनि रमन ॥
॥ छं० ॥ १५० ॥

ऐरापति भय मानि । इंद गज वाग प्रहारं ॥
उर सँजोगि रस मद्धि । रह्यौ दबि करत विहारं ॥

---

(१) मो.-अजीत ।

कुच उच्च जनु प्रगट्टि । उकसि कुंभस्थल आइय ॥
तिहि ऊपर स्यामता । दान सोभा दरसाइय ॥
विधिना निमंत मिट्टत कवन । कीर कहत सुनि इंछनिय ॥
मन मध्य समय प्रथिराज कर । करज कोस अंकुस वनिय ॥छं०॥१५१॥

दूहा ॥ वै दुप चिय इंछिनि सुनिय । रूप प्रभूतन साहि ॥
चिसल तेज लग्गिय चिभू । संजोगी सुनि ताहि ॥ छं०॥ १५२॥

संयोगिता की स्वाभाविक एवं सहज लुनाई का वर्णन ।

हनुफाल ॥ सुनि इंछिनीय सु जानि । रस करनि घरि सुनि कान ॥
लज देहु विटप सकाम । वर व्रन्न [1]दिप्पय वाम ॥छं०॥१५३ ॥
सुप कइन कंत सु वत्त । तिय वदन धूम सरत्त ॥
सुनि कहत ओपम ताइ । सुप संम द्रप्पन झांइ ॥ छं० ॥ १५४ ॥
अति छीन वद्दल जेम । ससि तेज तरुनि कितेम ॥
सुनि इंछिनि वर जोइ । कर छुट्टि मैला होइ ॥ छं० ॥ १५५ ॥
वर रूप सागर वढ्ढि । मनमथ्थ मथि करि कढ्ढि ॥
भरि एक सकन निस्संक । पुन लभ्भ लोइन रंक ॥ छं०॥१५६ ॥
द्रिग सहित देषिय जोइ । तन त्रिविध ताप न होइ ॥
सुष वढै दिपि तजि दंद । ज्यों जाय सो नंद कंद ॥छं०॥ १५७ ॥
चतुरान देषिय रिष्य । सातुक्क भाव विसिष्य ॥
न्रिप देपि वल्लिय सथ्थ । वर वेन सम लै हथ्थ ॥ छं० ॥ १५८ ॥
गुन चवन सुनन न कोइ । कवि थके ओपम भोइ ॥
ससि सरद कहि हंस लोइ । शिवगंग वहरी होइ ॥छं० ॥ १५९ ॥
चामीय करतिय जोग । संजोगितासी जोग ॥
सुनि इंछिनी तजि रीस । लछिने वाल वतीस ॥ छं० ॥ १६० ॥
भय रूप शंकर पीय । होवै न चीय न वीय ॥
ससि पंचमिय घटि बढ्ढि । चिय देषि षह मुष चढ्ढि ॥छं०॥१६१ ॥
सम नही इसिमती जोइ । छिन गरुअ छिन लघु होइ ॥
देपंत चीय सुरंग । तब भयौ काम अनंग ॥ छं० ॥ १६२ ॥

(१) मो.-दिप्पय ।

उप्पनौ देषि सु हंस । जौ लियौ बन कौ अंस ॥
सुनि कोकिला कलि गाव । भयौ बरन स्याम सुभाव ॥छं०॥१६३॥
ओपम्म दीजै आहि । सो नहीं ओपम चाहि ॥
बस चीय अह निसि प्रीय । जुमि जम्म सम्हौ जीय ॥छं०॥१६४॥
सैसब वासी नारि । जो भइ पुब्ब संसार ॥
मति मान गरुअ समद्द । रति करी छवि वर रद्द ॥ छं० ॥ १६५॥
वह नहरि नारि न बीय । किहु नाइ रचि बुधि कीव ॥
सँजोगि मन कढ़ि ओइ । छिन बीय द्रप्पन होइ ॥ छं० ॥ १६६॥
सम्मान प्रीति विपंग । सो पुच चिय मन अंग ॥
* * * * ॥ * छं० ॥ १६७ ॥

संयोगिता के नेत्रों का वर्णन

दूहा ॥ बाला संभरि बाल बयन । सीत सीत रति रंग ॥
राह केत मंगल बिचें । जमुन सरसती गंग ॥ छं० ॥ १६८॥
मर बल अंबर बदन सौ । लोयन सो करपाइ ॥
ईह अपूरब चरि अरक । पंती अट्ट कलाइ ॥ छं० ॥ १६९ ॥

सुग्गे की उक्त बातें सुन कर इंछिनी रानी का अत्यंत दुखित होना।

सुरिल्ल ॥ कल कल बानी सुक्क प्रगासै । हद्द बाल वे कौतिक भासै ॥
जो को दीष दीह तो बालं । जंपी जेम तोहि तो कालं ॥
छं० ॥ १७० ॥

दूहा ॥ जं देही तौ दुष्षई । दुष्षह सुष्ष सरीर ॥
दुष्ष न अन्नं सुष्षतं । किय सो कंनि धरीर ॥ छं० ॥ १७१ ॥
सतम बरस सज्जिय अरय । दीन छीन संसब्ब ॥
हद्द चीय अरु थिर अरय । देह विधिनि लिषि देव ॥छं०॥१७२॥
राजन सुक पुच्छन विगति । भयो इँछिनि दुष राज ॥
हूं माया रस भुल्लयौ । नहु पायौ गुन काज ॥ छं० ॥ १७३ ॥

सुग्गे का इंछिनी को समझाना कि वृथा दुःख करने से क्या लाभ है ।

गाथा ॥ जीवं वारित रंगं । आयासं नथ्थिवै दुष्य देहं ॥
भाविय भाविय गतनं । किं कारनं दुष्य वालायं ॥ छं०॥१७४ ॥

रानी इंछिनी का कहना कि सौत भाव का दुःख मैं भुला नहीं सकती ।

दूहा ॥ सौत सोत चंचल भयं । भिरिग दोष अनुराग ॥
मनु चित नेन व्याहन चढ़े । दुज काननि पुछि भाग ॥छं०॥१७५॥
जौ पुच्छै सुष दुष्य मौ । तौ मौ एह अंदेस ॥
देषि कहै वर वत्त मैं । किहि गुन रचिय नरेस ॥ छं० ॥ १७६ ॥

सुग्गे का सलाह देना कि यदि तूं यह महल छोड़ दे तो तेरा दुःख आप घट जावे ।

सुनि बाला वर वेन मुहि । मंच भेद वहु भेस ॥
जौ वंछै इंछिनि महल । तौ मेटै अंदेस ॥ छं० ॥ १७७ ॥

इंछिनी का महलों से निकल कर चलने की तैयारी करना ।

कवित्त ॥ सुक पंजर करि हेम । माल मोतीन मंच जरि ॥
धन सुगंध निकुरास । देस संघ गुरिग हथ धरि ॥
दस हथ्थी इंछनि रसाल । माल विय साल [1] उनंगी ॥
सेत रत्न वर सुमन । मुक्कि करि गंध सुरंगी ॥
नर भेष नारि कंचुकि सरस । दुइ दासी चर भज्जि मन ॥
क्रम चुकंति दुक्कति विकम । वयन दरसि सज्जल नयन॥छं०॥१७८॥

राजा का इंछिनी को रोकना और मान का कारण पूछना ।

अरिल्ल ॥ दस हथ्थी पंजर धर मुक्किय । दिसि संजोगि राज दिठि रुक्किय ॥
नन तुच्छौ न्रप पच्छिल रत्ती। ज्यों सर फुट्टै हंस प्रपत्ती ॥छं०॥१७९॥

(१) ए. कृ. को.-उतंगी ।

सुग्गे का कहना कि इस सब का कारण संयोगिता है।

दूहा ॥ वक्र दिष्ट संजोग की। सुक कहि न्नपहि सुनाय ॥
एक अचिज्ज इंछिनिय। में ग्रह दिट्ठी राइ ॥ छं० ॥ १८० ॥

सुरिल्ल ॥ गरजी तब ढोलक सघनं। वट्टि न घन नेह सयन्नं ॥
दोष आकोचन भोज पलायौ। अगि अंकुरिय विरह पनायौ ॥
छं० ॥ १८१ ॥

राजा का कहना कि रे पक्षी तु ही ने भेद किया फिर ऊपर से बातें बनाता है।

दूहा ॥ कहै सुक फुनि फ,नि न लग। न्निप सुनि कही न वत्त ॥
मंच भेद उप्पर करी। करत चित्त अनुरत्त ॥ छं० ॥ १८२ ॥

सुग्गे का इंछिनी से कहना अच्छा तुम दोनों निपट लो।

जब सुक न्नप कान न लो। तब पुच्छयौ बर जोइ ॥
जो कछु कह्यौ सु कंत सौं। ज्यौं कंह्यौ कंत जो होय॥छं०॥१८३॥

राजा के मनाने पर इंछिनी का मान जाना।

पद्धरी ॥ मति मान रूप लच्छीय मान। जीवन सु पीव आनंद थान ॥
करवत्त दोष कप्पन कुँवारि। वर कंक दिन्न बर सव्व रारि ॥
छं० ॥ १८४ ॥

धुम्मर बदन्न दुष दमित पाइ। ज्यौं आनंद जाइ कुमलाइ पाइ ॥
मंडित्त मत्त तिहि चाहुआन। मुष रुट्ठि चौय नन रुट्ठि प्रान ॥
छं० ॥ १८५ ॥

राजा पृथ्वीराज को रानी के मान करने का दुःख होना।

चौपाई ॥ न्नप पर दुष्ष अलप्प जु किन्नौ। ज्यौं बारि गयौ तरफै रहि मीनौ॥
दुष निद्रा निसि घट्टिय आई। तिहि न्नप सज्ज सपन्नौ पाई ॥
छं० ॥ १८६ ॥

रात्रि के राजा पृथ्वीराज का स्वप्न देखना। स्वप्न वर्णन।

भावी गति आगम विगति। को मेटन समरथ्थ ॥
राम युधिष्ठिर और नल। तिन मैं परी अवथ्थ ॥ छं० ॥ १८७ ॥
मान करैं मति हीन नर। जोवन धन तन रूप ॥
कौंन न दिन द्वै है गये। विना ज्ञान रस कूप ॥ छं० ॥ १८८ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराज रासके शुक विलास वर्णनो नाम बासठवों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ६२ ॥

आषेट चष श्राप नाम प्रस्ताव ।

[तिरसठवां समय]

कन्नौज में समस्त सगे संबंधियों के मारे जाने से पृथ्वीराज का खिन्न मन होकर उद्विग्न होना ।

दूहा ॥ जिन बिन न्रप रहते न छिन । ते भट कटि कनवज्ज ॥
उर उप्पर रष्पत रहै । चढै न चित हित रज्ज ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ कटे कुटुंब मन मित्त । हितकारी का का भट ॥
कटे सूर सामंत । सजन दुज्जन दहंन ठट ॥
कटे सुसर सारे सहेत । मातुलह पछ्य फुनि ॥
कटे राज रजपूत । परम रंजन अवनी जन ॥
निसि दिन सुहाइ नह न्रपति कों । उच्च सास छंडै गहै ॥
अंतरति अग्नि उद्वेग अति । सगति सूल सालै सहै ॥
छं० ॥ २ ॥

राजा के मन बहलावे के लिये रानी इंछिनी का कहना कि हम लोगों को अहेर का रहस दिखाइए ।

दूहा ॥ तब सारे अंते उरह । कीनौ मनौ विचारि ॥
न्रप अग्गैं उच्चार किय । धरि मुष अग्ग पँवारि ॥ छं० ॥ ३ ॥
चरन लग्गि युग जोरि करि । कह्यौ सुनहु महि इंद ॥
हमहि सिकार दिषाइये । मत्त म्रगादि मयंद ॥ छं० ॥ ४ ॥
क्यौं बराह बागुर रूकै । क्यौं बंधहि बर वानि ॥
क्यौं छुट्टै छर डोरि कै । क्यों जुट्टहि सक स्वान ॥ छं० ॥ ५ ॥

राजा का कहना कि तुम लोग अपनी तय्यारी करो ।

विहसि बयन अलसित नयन । दिय इह उत्तर राय
गोठि करो गोरी सकल । तो आषेट पिलाइ ॥ छं० ॥ ६ ॥

रानियों का राजा की आज्ञा मानना।

कहि परमान प्रनाम करि। रानिय मानिय बात ॥
सकल षरच संजोगिता। साज सु जोवत प्रात ॥ छं० ॥ ७ ॥

राज महल के प्रभात की आभा वर्णन।

पद्धरी ॥ हुअ प्रात रात पति अस्त हुअ। उड़गन सु गए तजि बिना धूअ॥
पसरे पवंन तर वरन पान। जोगिंद जग्य पूरै विधान ॥छं०॥८॥
झल्लरि झनंक भई देव द्वार। षुल्ले किनंकि ग्रह ग्रह किंवार ॥
नर नारि वारि फिरि लाज कीन। झट झट झटक्कि पट कूल लीन ॥
छं० ॥ ९ ॥
उठि प्रात गात दुजराज मंजि। पढि वेद मंच हरि देव रंजि ॥
गर बंध धंध छुट्टिय सुधेन। लीनौ अछादि गौरैं न गेन ॥
छं० ॥ १० ॥
नौबति निसान दरबार बज्जि। रिफ रोर चोर गय कुहर भज्जि ॥
सहनाइ सुरति कीनौ सँचार। गायन ललित गरवर उचार ॥
छं० ॥ ११ ॥
पावन प्रसाद षुल्लै पुरान। अविछन्न धार हर होत न्हान ॥
सत सती पाठ पाठी करंत। जप ध्यान इक्क नव ग्रह धरंत ॥
छं० ॥ १२ ॥

रानी संयोगी का शैय्या से उठ कर गोठ की तैयारी के लिये आज्ञा देना।

तिहि वार जागि रानी सँजोइ। दिय हुक बोलि बड़वार दोय ॥
झट लेहु साह झगरू बुलाइ। मागै सु द्रव्य दीजौ गिनाइ ॥
छं० ॥ १३ ॥
करियो अनेक पकवान वानि। सक्कै न कोइ जिन जाति जानि ॥
सौरँभ सँवारि मिलक्क अनेक। घन सार सार मृग मद विवेक ॥
छं० ॥ १४ ॥
एलचि लवंग संगति सँवारि। स्यामा समेत सद सुद्धि डारि ॥

रा मठी रंग रचि मिरचि देहु । पुनि सकल भांति गोरसहु लेहु ॥
छं० ॥ १५ ॥

दूहा ॥ लेहु सरस सक्कर पहिल । पांडी पंड अनंत ॥
विंजन बहु बनवाइयौ । लागे गहर गनंत ॥ छं० ॥ १६ ॥
पानि पंथ पहुंचाइयौ । सकल बाटिका बीच ॥
कीजहु बहु आचार सों । दरसन लहै न नीच ॥ छं० ॥ १७ ॥

रनिवास की कतिपय दासियों के नाम।

चोटक ॥ सुनि सद्द इतैं श्रुति स्वामिन के। नमि तुंग चले गज गामिन के॥
गुनवेलि सहेलनि बीच वड़ी । न्टप कैं चित जाचप कोर गड़ी ॥
छं० ॥ १८ ॥
मदनावति मालति मोहनियं । कमला विमला संग सोहनियं ॥
वुधिलाल लिलावति लाजमती । क्रम माल मराल गवन्न गती ॥
छं० ॥ १९ ॥
पठ मंजरि पंजरि नेन नगी । सुर हंसिय बंसिय पेम षगी ॥
ललिता कलिता चलिता सु सषी । रतनावलि रामगिरी निरषी ॥
छं० ॥ २० ॥
जमनी जिय वल्लभ जोति जगी । कुँज वेला जुही सु हिया अदगी॥
गुनकेलि गुलाल म्रनाल भुजा । कच लंबिन कोमल देह सुजा ॥
छं० ॥ २१ ॥
मधु माल तिमार सुमार सुषी । मुगधा मधु बेनि मयंक सुषी ॥
चित चोप चंदेलिय चंप कली । सब सेवति स्वामिनि भांति भली॥
छं० ॥ २२ ॥
धर माकर मानव नारंगियां । वलभा कलभा सुर सारंगियां ॥
हरदासिय रासिय रूप जिती । निकसी करि बेन प्रमान तिती ॥
छं० ॥ २३ ॥
जितनी सिष स्वामिनि पास लही । तितनी भगरू सहु जाय कही॥
छं० ॥ २४ ॥

झगरू कंचुकी का सब सामान ले जाकर पानीपत में गोठ का सामान रचना।

चौपाई ॥ झगरू साह साज सब लई। सो पहुंचाय नीरपथ दई ॥
बारी सघन वारि बहु जहां। बैठि गोठ विस्तारी तहां॥छं०॥२५॥

अग्नि कोण में रनिवास के डेरे लगना।

कवित्त ॥ सीत भीत आदीत। बास अगनेब कोन किय ॥
बगरि बारि बारिज्ज। जाम रहहि निसानिय ॥
सुष लुट्टहि संजोग। जुवति जे भोन भोन सुष ॥
विरह वियोगिनि अंग। अग्गि ज्वाला असंषि दुष ॥
चक्कीय चक्क चिंता विषम। दिघघ रैंन दारुन दहैं ॥
जानै कि प्रान कै प्रान पति। आनि कानि कासों कहै॥छं०॥२६॥

डेरों पर तैयारी हो चुकने पर पृथ्वीराज का रानियों सहित पानीपत की यात्रा करना।

दूहा ॥ तिन रिति मन मृगया करिय। चढ़न कहत चहुआन ॥
आगैं आगैं अंगनां। पानीपंथ मिलान ॥ छं० ॥ २७ ॥
एक मास क्रीड़ा अवधि। करिय संभरी नाथ ॥
गोटि साज पहिलें पठय। चल्यौ रागिनी साथ ॥ छं० ॥ २८ ॥
सलष सुतादिक आदि दै। राज लोक लै सथ्थ ॥
पूजि प्रिथा सगपन मिलै। चली सु पानीपथ्थ ॥ छं०॥ २९ ॥
लाल ढाल सुषपाल महि। डोला रथ्थ रसाल ॥
सावन सरित उमंडि ज्यौं। चलै चली त्यौं बाल ॥ छं० ॥ ३० ॥

संपूर्ण समारोह के साथ रनिवास की यात्रा।

मोतीदाम॥ किती गज ढालन बाल चढाइ। किती चक डोल अमोल बैठाइ॥
किती सुषपाल विसाल अरोहि। सुषासन आसन षासन सोहि ॥
छं० ॥ ३१ ॥

(१) ए. कृ. को.-बाज।

किती रसकी पलकि मद्धि बैठि । किती सकना ढकना तन पैठि ॥
किती रथ पथ्थ चढी चलि मांन । मनों विबुधी अव रोहि बिमांन॥
छं० ॥ ३२ ॥

चिहूं दिसि भासिय दासिय सथ्थ । गहै सब साज सिँगारन वथ्थ॥
किती डिढडा विड़ वाडिढ पाय । कुंपी इक कंध सुगंधनि ढाय॥
छं० ॥ ३३ ॥

डरैं उर स्वामिनि ते चल चूक । चलै लहू आतुर सीस सिँदूक ॥
किती छर छग्गर कंध न लीन । चली हय हंकि लचै कटि छीन ॥
छं० ॥ ३४ ॥

झनभझन [1]झंझ नसद्द सुनंत । घनं घन घुग्घर घोर गुनंत॥
घनं घन कंकन वज्जि सुढार । गनं गन धावत जात न पार ॥
छं० ॥ ३५ ॥

जगंम जगेव जराव वसंन । डगं मन जानि अरुन्न किरन्न ॥
सझ्यौ मनु जच्छि प्रजापति जाग । चल्यौ सुर नारिन कौ जनु माग ॥
छं० ॥ ३६ ॥

मनों मष मंडिय पंडव भूप । जुरे नर नारिन इंद अनूप ॥
चल्यौ जलि पोजन कौ सय संग । नही जिन कै सब अंग अनंग ॥
छं० ॥ ३७ ॥

लग्रै कर कंचन लट्ठिय कट्ठ । उठै झुकि क यहु बोलत तथ्थ ॥
चले तिन संग चढे गुर राम । वड़े वपु वेस वड़े गुनधाम ॥
छं० ॥ ३८ ॥

चले दिन दिग्घन जे रजपूत । चले चढि साहि सिरोमनि सूत ॥
चले कुल कायथ चौदह जान । भयौ इतमाम [2]करे जग कान ॥
छं० ॥ ३९ ॥

सबैं सित उज्जल अंबर साजि । मनो निकले कल हंस विराज ॥
* * * * * * छं० ॥ ४० ॥

(१) मो.-झझर । (२) ए. कृ. को.-भरे ।

रानियों का शिविर स्थान पर स्थानापन्न होना ।

दूहा ॥ जथ्थ मंडि स्नगरू करिय । तथ्थ गयौ रनवास ॥
बाग बावरी बहु जहां । कूप ताल [1]पनिवास ॥ छं० ॥ ४१ ॥
बारी में भारी बनिक । रच महल सुधराय ॥
मनों सोभ कैलास की । लीनी लोभ [2]छिंडाय ॥ छं० ॥ ४२ ॥
कहै खनि प्रथिराज की । उर पुर धरि अनुराग ॥
चलौ बिलोकैं चिहु दिसा । पानि पंथ को बाग ॥ छं० ॥ ४३ ॥

शिविरस्थान के उपवन की शोभा वर्णन।

भुजंगी ॥ बनी सुभ्भ बारे फले [3]दृष्य नेकं । रटै बैठि पंषी सु भाषा अनेकं ॥
ठटे अंब नीबू सु जंबूव रोसं । लुटै भूमि [4]जूमी हरे हेरि होसं ॥
छं० ॥ ४४ ॥
कहूं चंपकं चारु चेची चिनीयं । मनों दीपकं माल मनमध्थ दीयं ॥
कहूं नालि केलं रुबेलं बिदामं । सुकं सारिका टोल बोलंत तामं ॥
छं० ॥ ४५ ॥
कहूं [5]पक्क डारं अनारं दरक्की । कहूं सोभ सारं सु तारं तरक्की ॥
कहूं कंछुहारी सुपारी निवारी । कहूं केवरा केतकी भीर भारी ॥
छं० ॥ ४६ ॥
कहूं लाल जालं गुलालं सु पुंजं । कहूं जाति पंती भरं भोर गुंजं ॥
करै केलि में केलि मोरं चकोरं । कहूं कंकरन्नी करन्नान ओरं ॥
छं० ॥ ४७ ॥
फलै फाल से फैलियं लौंग बल्ली । दलै दुष्य साषं सु दाषं प्रचल्ली ॥
कहुं चंदनं कंदनं ताप तापं । जहां काम क्रीड़ा गहै बान चापं ॥
छं० ॥ ४८ ॥
कहुं पंडुरं डार बैठे परेवा । कहूं बीज पूरी सिंदूरी करेवा ॥
कहुं सारनी फेरिकै बारि ल्यावै । कहूं नाग बल्लीन[6]कूं नीर प्यावै ॥
छं० ॥ ४९ ॥

---

(१) को.कृ.-पतिवास । (२) ए. कृ. को.-छिनाय । (३) ए. कृ. को.-वृछ ।
(४) मो झूमीं । (५) मो.-कप्प । (६) मो.-कों ।

कहूं घट्ट थट्ट रहट्ट चलावै। कहूं मालनी वाल माला बनावै॥
कहूं ढेंकुरी ढारि कै वारि काढै। कहूं थान ऊंचो सचैं नीर चाढै॥
छं० ॥ ५० ॥

दूहा ॥ चरस सरस ढरि ढेंकुरी। रहट वहत वसु जाम॥
वापी कूप तडाग तें। भरत चहवचा ताम॥ छं० ॥ ५१ ॥
इहि विधि सब रनिवास नें। सुप पायौ लपि वागु॥
जिन निरपिय तिन कहिय यों। आज हमारो भागु॥ छं० ॥ ५२ ॥
वाग लपौ रनिवास नै। रानी आग्यौ लेय॥
पान पान अरु सेज सुप। सुप मनुहारि करेय॥ छं० ॥ ५३ ॥

रानियों के पानीपत पहुँच जानेपर पृथ्वीराज का कूच करना।

रानी पहुंची जानि कै। राजा चढ्यौ तुरंग॥
पायन पेलै वाइज्यों। धाय न जाय कुरंग॥ छं० ॥ ५४ ॥
न्रपति चढे सब चढि चले। जे भरवंक त्रिरद्द॥
घर ढट्ठे अरि दल दलन। जे कट्टैं गजरद्द॥ छं० ॥ ५५ ॥

पृथ्वीराज की तैयारी और उनके साथी सामंतों का वर्णन।

हनूफाल ॥ चढि चले अब्बुअ राव। सिर सेत छत्र सुभाव॥
कूरंभ पंभ चमून। जम रूप जानि जमून॥ छं० ॥ ५६ ॥
सुह अग्र मोरिय वीर। त्रिव्वान आनन नीर॥
चढ़ि चले चंपि चंदेल। हय सुक्कि संडित षेल॥ छं० ॥ ५७ ॥
तिन सिद्धि संभरि वार। जग मझ्झ एक जुझार॥
उर साल साहि सहाव। मुष चंड मंडित काव॥ छं० ॥ ५८ ॥
लिय संग रंगह स्वान। इक इक्क संग द्वै ज्वानि॥
अनरोम के बहु रोम। इक मात तात न योम॥ छं० ॥ ५९ ॥
सुष रत्त कोमल कान। द्रिग रत्त गति गुर रान॥
जोगिंद निंद सु भाय। म्रग धाय जाइ न पाय॥ छं० ॥ ६० ॥
पटकंत बाघ बराह। झटकंत रोझ अग्गाह॥
पट जरै जेव जराय। रज संकरन डुरवाय॥ छं० ॥ ६१ ॥
इक संकही आरोह। इक पालिकी प्रति सोह॥

रथ सथ्थ चीती वान। चष ढंकि पथ्थ पयान ॥ छं० ॥ ६२ ॥
जुर रारु बाज सिचान। तुरसती तेज उड़ान ॥
पिठका कुही चष ढंकि। पुट चंच पदनष बंक ॥ छं० ॥ ६३ ॥
फुनि लै फंदैत कुरंग। जिन अंग सोभ सुरंग ॥
हुम संत हुंकत हेरि। दस कोस आवत फेरि ॥ छं० ॥ ६४ ॥
कवित्त ॥ पानी पंथह राय। आय षेलत आषेटक ॥
फिरि यहार उज्जार। देषि बंधा आगेटक ॥
नै विहंड बन हंकि। संकि नव षंड मंड वर ॥
मूर स्तूर बाधंत। बाज छांडत छंडि बर ॥
वेधहि बराह उच्छाह मन। तानि इक्क सर इक लहै ॥
पावै न जान सावज अवर। ऐन सैन मेलै गहै ॥ छं० ॥ ६५ ॥
एक सत्त बाराह। बान बेंधे कि स्वान गहि ॥
सावज अवरन हंसि। नंस कीनौ म्रगादि महि ॥
पंछि पंछ पंछीन। मारि संघारि बहुत किय ॥
सु से स्रगाल को गिनै। छेद छिक्कार भार जिय ॥
बीभच्छ बीर रस रुद्र मचि। करुन कासु पिष्षी न मन ॥
पचछलै जाम विश्राम कहु। फिर्‍यौ संग सामंत गन ॥ ६६ ॥

डेरों पर पहुंच कर पृथ्वीराज का मर्दन करवा कर यमुनाजी का स्नान करने जाना ।

डेरा न्रप आवंत। सुनत रानीन सुष्ष हुअ ॥
सपजि रहे सब अन्न। धाय प्रथिराज सुद्धि दिय ॥
सुनि मरदन को हुकम। होत मरदनी बोलि लिय ॥
वय किसोर थन थोर। कच्छि अच्छरि समान चिय ॥
तिन नेह देह मलि देहु सुष। बरषि मेह श्रंगार रस ॥
जल जमुन उष्ण अस्नान करि। चल्यौ भूप संग विप्र दस ॥
छं० ॥ ६७ ॥

राजा का स्नान कर के गोदान करना ।

कासमीर करि तिलक। श्राद्ध तर्पन अंजुलि दिय ॥

हैव सेव किय विप्र। अप्प दंडौत पंच किय ॥
तुलसीदल हर अरपि। न्हत्य असिवर की मंगिय ॥
चरनोदक मुष धार। राज बैठ्यौ वजरंगिय॥
सत धेन शृंग सोवन्न मढि। षुर रज्जत राजंत अति ॥
शृंगारि दत्त दिय दुजुन कंह। पठहि पाठ जे बेद प्रति ॥छं०॥६८॥

कुमारी कन्याओं और ब्राह्मणों को भोजन करवा कर राजा का सब सामंतों सहित भोजन करने बैठना।

नव कन्या पहिराय। दान नवग्रह कौ कीनौ ॥
इच्छा भोजन पूछि। सहस विप्रन कौ दीनौ ॥
भोजन किय जिहि ठौर। सब्ब भर तहं पधराए ॥
नित्य करम करि इतौ। तही अप्पन प्रभु आए॥
पांवरी पाय जूरो सिरह। षीरोदक अरु पीतपट ॥
कर माल जपत नंद लाल मुष। गुण विसाल संग विप्र थट ॥
छं० ॥ ६९ ॥

गो गोमय चोको। विचित्र चित्रे अति चावक॥
लीक धवल धर हरित। धरी सिगरी भरि पावक ॥
कोमल आसन मंडि। मंडि बाजोठ अग्र सुष ॥
तहां बैठ्यौ चहुआन। गंग सन्ही उतरंरुष ॥
सामंत सूर दष्षिन दिसा। पति मंडे सोभंत अति ॥
संमुहो चंद बरदाय बर। सबै दिष्षि यहि दैव भति॥ छं० ॥७० ॥

राजसी भोजन परोसे जाने का वर्णन।

ऊंकार पूरान। कियौ पंडित प्रवीन दुज ॥
श्रीरघुनाथ चरित्र। गाथ भंजनह वीस भुज ॥
नूत नूत पल्लव पषारि। पत्रावलि मंडिय॥
धोय तोय बिन छिद्र। धरे दोना ढिगंठंडिय ॥
कोविद उदार उज्जल दुजन। परुसन कौ आरंभ किय ॥

(१) ए. कृ. को.-मुख। (२) ए. कृ. को.-गंठिय।

भरि छाब छाव को कवि कहै । प्रथम अनूपम पूप लिय ॥
छं० ॥ ७१ ॥

परस की विधि और जिनसों का वर्णन ।

दूहा ॥ पूप अनूप परूसि पुनि । पुरी सुष्प पुरि मेलि ॥
ललित लूचई लै चलै । [1]ऊँच रतो विधि वेलि ॥ छं० ॥ ७२ ॥

पकवान्न और मिठाई ।

मोतीदाम ॥ भरि [2]पीठि भींतर लोन सिलाय । कचौरिय मेलि चले दुजराय ॥
घरे निसराज सिषा जनु फेरि । धरे ढिग वातर भाँवर हेरि ॥
छं० ॥ ७३ ॥
सुते बर घेवर पैसल पागि । लषै चष [3]फेरि गई उर आगि ॥
जलेबनि जेब कहै कवि कौन । महा मधु माठ मिटावन मौन ॥
छं० ॥ ७४ ॥
सुधारस फेन कि फेनिय आय । तिनं पर बूर गरूर मिलाय ॥
करे कर सक्करपारे सुधार । महा दुति मुत्तिय सेव सिघारि ॥
छं० ॥ ७५ ॥
बनी तिय नारि कसार भरित्त । कलपानिय बानिय पागि घिरत्त॥
करी सबनी सब ही महि सार । गिँदोरन और करै सब आर ॥
छं० ॥ ७६ ॥
घरे पुरमा अरु पिंडषजूर । बिही अषरोट निही सुष पूर ॥
नय नसपातिय पैठै पकाय । दह्यौ रिय दीनिय भूषन गाय ॥
छं० ॥ ७७ ॥
पगे मधु पान पनंगह वेलि । दए गुर सक्कर अम्रत ठेलि ॥
बिए पकवान धरे बहु भांति । धरे तिन ऊपर पापर आनि ॥
छं० ॥ ७८ ॥

दूहा ॥ आनि सँधाने सब धरे । मूल फूल फल कंद ॥
मैदा के पैदा करै । सुमन मेलि मकरंद ॥ छं० ॥ ७९ ॥

(१) ए.कृ.को.-उंचरची । (२) ए.कृ.को.-परि पिछिय । (३) ए.कृ.को.-परि ।

अचार वर्णन ।

बचनिका ॥ करि कंज पुंज धारे । रचि चंपकं सु धारे ॥
बहु वेलि है चँवेली । करनी कनैर केली ॥
वकलं वधूक आने । घनसार डार सानें ॥
मचकुंद कुंद कीने । करि केवरे नवीने ॥
कल केतकी किति कौ । पुनि पाडरं जिति कौ ॥
जुहियं जगत जैनी । भ्रम भूलि भोंर सेनी ॥ छं० ॥ ८० ॥

चरवन वर्णन ।

दूहा ॥ भांति भांति चरवन रचै । चना चिरंजी चारु ॥
चोंरा चाहत चेंन [1]चप । मिलि मृग मदु घन सार ॥छं० ॥ ८१ ॥
करे कसेरू करहरी । गोंद गटा ठट ठानि ॥
पय के बहु घटि कर करे । कर कपूर [2]पुट वानि ॥

तरकारियां और गोरस का वर्णन ।

भुजंगी ॥ घरौ घीर औटलौ करी पीर ताकी । वियौ जंपियै किं सुधादासि जाकी॥
महा सद्दि घृत घालि बूरा[3]मिनाई। सबैं सूर सामंत जीमैं सराई॥
छं० ॥ ८२ ॥
घरे पट्ट घेरे रु घाटे जुड़ानें। वरा विद्व राका समं सोधि आने ॥
किते विंजनं वेसनं के वनाये। करना करोंदी कि [4]किंदुरे गनाये॥
छं० ॥ ८३ ॥
नए नूत नींबू नए नालिकेरं । रची नारिंगी नासपाती सु मेलं॥
करे अम्रतां कैथ सथ्थं विजोरें। मनों डार तें पारिकें आनि मोरे॥
छं० ॥ ८४ ॥
करारं कढी मद्धि भींजी पकौरी। बरी मूंगरी [5]पाखरा षट्ट मोरी ॥
महा मद्दु मैंदान की मेलि रोटी। कछू जामिनी नाथ ते जोति मोटी॥
छं० ॥ ८५ ॥

(१) ए. कृ. को.-सुख। (२) ए. कृ. को.-पुर। (३) ए. कृ. को.-वनाई।
(४) ए. कृ. को.-किंदूरी। (५) ए. कृ. को.-मांषकी।

धरे भोजनं मंडनं आनि माँडै । भिगे सक्करा षीर सों सेन छाँडै ॥
रवा केरु आमोइलं देव लाए । घने घृत्त अंगा करी षोभि लाए ॥
छं० ॥ ८६ ॥

कढी कट्ठ मैदा पिठी मेलि षाटी । वनी वेटई अंगुली षात चाटी॥
रची रोटियं मिश्रियं चैन पायौ । तहां सालनं आन रानी पठायौ॥
छं० ॥ ८७ ॥

लै लै विप्र दौरे सुरंधेर तारू । बने सूरनं बेगनं मेलि मारू ॥
करी बानि बिंबा गद्यौरा परोसे । बरं लै धरे वीरजे वेस रोसे ॥
छं० ॥ ८८ ॥

सदन सेमि सं मांच चंडा चलाए । ढका देत से टेढ साढं किधाए ॥
कंकोरा करेला सुरेला सराहे । भली भांति भाड़ानि के ढंड चाहे॥
छं० ॥ ८९ ॥

रवा संफरी छौंकरी लैधरी ते । कली कच्चनारं भलीजे करीते ॥
धिरत्तं भरत्तंभ टाकौ सुधारयौ। नहीं वाकलं बिजूरा में पधारयौ ॥
छं० ॥ ९० ॥

रच्यौ राइ तौनाय तौ लोंग मिरचें। धना सुंठि लै राइ मिल्लाय सिरचें॥
परोसे नवीनं चनाके निमोना। मिरी भेलि नींबू धरे केलि दोना ॥
छं० ॥ ९१ ॥

दूहा ॥ अर उर कर परिकर लए। संभरिवै सुष माँगि ॥
जनु [1]पटुता करि पांनिसों । षटरस राषे षाँगि ॥ छं० ॥ ९२ ॥
सुर सँधानौ सुर जनौ । धन्यौ दही सों सांधि ॥
फूल फूल फल के जिते । तिते करे कर रांधि ॥ छं० ॥ ९३ ॥

दाल भाजी और खटाई भरी पकौड़ियों का वर्णन।

चोटक ॥ सरसों सूआ के साक जिते । गिरिराज हरायिय रांधि तिते ॥
बथुआ बड़ साग बवोत बने। बरबाय विरंग सवाद सने ॥
छं० ॥ ९४ ॥

(१) ए. कृ. को.—वहुता ।

चनकं अरु पोचिय चूक वन्यौ। तहां [1]सोंरिय त्योंरन जाय गन्यौ
लगि डाड पयाल पयाल कसौं। मघवा उतकै होय बालक सौ ॥
छं० ॥ ९५ ॥

द्विव दारू सुदारु है साकन में। सुर बातिय में थिय पाकन में ॥
नव पल्लव नीव रु नाय धरी। करई गति काढि सु दूरि करी ॥
छं ॥ ९६ ॥

भरि भाजन भात उलंड इतौ। भर भीमन जेंइ सकंत जितौ ॥
तवही [2]पसवायत भत्त लियं। सुकमार सपेद सुगंध कियं ॥
छं० ॥ ९७ ॥

अरुनं वरुनं पुनि पीत रच्यौ। इक इक्क सनंमुष कौच सच्यौ ॥
मसुरी मुंग माष चना विधि चौ। दधि धोय [3]सुधारियदारि सुचौ ॥
छं० ॥ ९८ ॥

रसरा मठदे पुट केसर कौ। कछु आननही सनमे सरकौ ॥
वरु बारि बराबर घृत्त लयौ। [4]सदसुभ्भित सोसुर भीन अयौ ॥
छं० ॥ ९९ ॥

कुसलं मुसलं समधार परै। अनपंडित मानहु गंग झरै ॥
अघनी वटि वास तिर्मास परे। हठिवास सुवासनि आभ भरै ॥
छं० ॥ १०० ॥

चकतार अपार सवा दल सै। वनि भूंति अभूंतनि वंद गसे ॥
सुहितं उर झूल कयं परसं। द्रिगदेपि सरंवक सेत रसं ॥
छं० ॥ १०१ ॥

मधु मीन रचे पचि भंति इति। कनवज्जनियं कनवज्ज जिती ॥
घन घंड मरग्गल सों सपजे। जिन बासन बानिक छम्म तजे ॥
छं० ॥ १०२ ॥

पछावर की परस का वर्णन।

दूहा ॥ जेंइ अघाने जठर पर। जलपिय फेरति पानि ॥
तुच्छ छुधा पाछें रही। तब लई पछावरि बानि ॥ छं० ॥ १०३ ॥

---

(१)मो०-त्योंरिय। (२)ए.कृ.को.-पसकायत। (३)ए.कृ.को.-सुधारसदारि। (४)ए.कृ.को.-दस।

मोतीदाम ॥ बढ़ी रुचि देषि कढी कर लेत। चिचैं मिरचैं मिलि लौंग समेत ॥
बिकत्त तिकत्त सुषट्टिय षार। लई सुष मंगि हूई मनुहार ॥ ॥
छं० ॥ १०४ ॥

करिवां कठ पत्तनि की सब सानि। बंध्यौ दधि आनि धस्यौ ढिग छानि ॥
मट्ठा दधि छानि रु वानि बघारि। जहां मिलि जीर घनं घनसार॥
छं० ॥ १०५ ॥

पनं बहु जंबुअ अंबुल मेलि। निचोरिय दारिम दाष सुठेलि ॥
गऊ पय औटिय धार उछांटि। धरे भरि भाजन मिस्रिय वांटि ॥
छं० ॥ १०६ ॥

मिली मधि जारक षारिक चूक। सवारिय भारि भए भष भूक ॥
भए चिपतें सब सामंत साथ। कहें सुष कित्ति रहे षचि हाथ ॥
छं० ॥ १०७ ॥

सँजोगिय स्वामिनि कौ परधान। पंषा गहि प्रीति करै सनमान ॥
कहै सब सथ्थ भई श्रम भीर। छमा करियौ चित चूक सधीर ॥
छं० ॥ १०८ ॥

कहै सुष सामंत श्रीमुष राज। भए हम पूरन पावन आज ॥
तहां तप तो इक हथ्थ धुवाय। अरच्चिय दच्छि करंदम काय ॥
छं० ॥ १०९ ॥

दए सुषवास कपूर भुआइ। मँडे अप अप्प मिलावन जाइ ॥
जिमावत ओसर यों रनिवास। इसी भँति राज रह्यौ इक मास ॥
छं० ॥ ११० ॥

भई चढती चढती मनुहारि। दिन प्रति हास बिनोद [1]उचारि ॥
छं० ॥ १११ ॥

आखरी दिन चलते समय राजा का शिकार करने की तैयारी करना और प्रोहित गुरुराम का मना करना।

दूहा ॥ चल्यौ अंत कै द्योस न्त्रिप। बरज्यौ प्रोहित राम ॥
कुसल भई अरु रस रह्यौ। क्यों न पधारहु धाम ॥ छं० ॥ ११२ ॥

(१ ए. कृ. को.-उधारि।

मृगया सदा विगार हुअ। सुनौ काहूं समुझाय ॥
आप सह्यौ रघि राज पैं। दसरथ पंडव राय ॥ छं० ॥ ११३ ॥

राजा का शिकार के लिये तैयारी का वर्णन।

हँसि नरिंद हय पर चढ्यौ। भई निसान धमंक ॥
सत्त समंद कलँमलै। संकर चित्त चमंक ॥ छं० ॥ ११४ ॥

कवित्त ॥ चमकि रुद्र चग पुले। चमकि सिर ढुले सेस महि ॥
भरकि उठे दिगपाल। उरकि दिगपाल सोच रहि ॥
हलकि हले गिरि मेर। हलकि कुव्वेर संक हिय ॥
धरकि धरा धहराय। धरकि दिग्गजनि [1]कंप किय ॥
आषेट हेट प्रथिराज की। एक मुष्य कवि को कहै ॥
उड़ि धूरि पूरि [2]अंमर भन्यौ। रविन व्योम मंडल वहै ॥
छं० ॥ ११५ ॥

कंप गंगन चिन्ह। चिन्ह नन घंनं सुझ्झै ॥
नद्द.वद्द भरि कान। आननन तान सु बुझ्झै ॥
सहस सीरषा पुरुष। सहस द्रिग सहस हथ्थ कौ ॥
दलि तरु चक्रित छिन्न। भिन्नभद्द अन्न अथ्यकौ ॥
हय गय पयाद पायान मय। अकथ कथ्य कविचंद कहि ॥
डगमगहि पिंड ब्रह्मंड कौ। आज राज प्रथिराज रहि ॥
छं० ॥ ११६ ॥

दूहा ॥ रह्यौ नहीं संभरि धनी। चढ्यौ चित्त अति चाव ॥
उगमगि पहुमि पयान भर। ज्यों जल रीती नाव ॥
छं० ॥ ११७ ॥

शिकारी सामान, बन की शोभा और बनैले जीव जन्तुओं का वर्णन।

पद्धरी ॥ चढि चल्यौ चाइ चहुआन भान। सुर नाग नरनि भूल्यौ वसान ॥
धमकी धरन्नि धुरतार भार। बढि संक लंक संसार सार॥छं०॥११८॥

(१) मो.-चँपि (२) ए. कृ. को.-अंतर।

लिय डोरि डोरि संकरन खान। चढ़ि चले रथ्थ पथ चीतिवान॥
अगयस्त हस्त हुंकरत मुष्ष। फँद बंध स्रृँग संग्राम रुष्ष॥
छं० ॥ छं० ॥ ११९ ॥

जुर बाज कुही तुरमती धूत। को अन्य गनै पंषी अभूत॥
चहुआन गयौ उद्यान दूरि। गिरवर उतंग वन सघन पूरि॥
छं० ॥ १२० ॥

उज्जार जार सुझझै न मग्ग। भरि सकै कौन भर डक्कि डग्ग॥
सीस [1]पसि रस्स सामर सिंहारि। कहुं साल ताल सागोन सार॥
छं० ॥ १२१ ॥

कहुं झीक झुंड झिर हानि झार। कहुं बेलि बेर बेकल अपार॥
कचनारि कोह गिरि नारि आरि। गुरजैन गैन परसंत चारि॥
छं० ॥ १२२ ॥

अनछिद्र छांह सौं करिय छोर। कपि कच्छ बेलि कपि त्याग ठौर॥
कूं परित रत्त करलैं सरल्ल। षट तीन भार तरु तें तरल्ल॥
छं० ॥ १२३ ॥

फुलित फलित फवि चारु फेर। वसु जाम झाम पसु पंछि घेरि॥
कहुं मृगमयंद मातंग मत्त। सु सले सियाल सूकर भिरत्त॥
छं० ॥ १२४ ॥

कहुं रीच्छ इच्छ सोवंत छांह। बंदर लंगूर कंगुरन मांहि॥
फूंकर फनिंद तर कों तरन्नि। सब सकै कौन कोविद बरन्न॥
छं० ॥ १२५ ॥

दूहा ॥ हरि हरि हरि वन हरित महि। हरन पिष्षयै अंषि॥
सारँग रुकि सारँग हने। सारँग करनि करष्षि॥ छं० ॥ १२६ ॥

शिकारी पलुए-जानवरों का कौतुक।

कवित्त ॥ आषेटक रमि राज। बाज जुर कुही छंडि कर॥
ऐन सेन बाराह। हनहि बरहक्कि तक्कि उर॥

(१) ए. कृ. को. परि।

वागुरी परि उरझंत । रोझ सांभर असंप सुस ॥
और जीव को कहै । उहै भेडलह ग्वाल कस ॥
वन वीच कीच मचि श्रोन वहि । भनिन चंद परिमित लहै ॥
सोमेस नंद आनंद सर । क्रीड कोप जंतुन सहै ॥ छं० ॥ १२७ ॥

जंगली जानवरों की स्वच्छन्दता और उनके शिकार होने का वर्णन।

लघुनराज ॥ वाराह राह रोकयं । वधिकयं विलोकयं ॥
हस्ति दूब अंकुरं पनंत दड्ढ वंकुरं ॥ छं० ॥ १२८ ॥
पुरं अवन्नि(१) उप्परं । ललित्त वेलि विप्परं ॥
कली कुसुंम मंजरं । अरून्न नील पिंजरं ॥ छं० ॥ १२९ ॥
तजंत ते मधुक्करं । करंत सुप्प हुंकारं ।
रोमंच अग्ग उब्भरं(२) । डरंत देपि सुब्भरं ॥ छं० ॥ १३० ॥
लचतं भूमि उद्दरं । वरन्न स्याम वद्दरं ।
सपेद दंत कंतयं । सुजानि वग्ग (३)पंतयं ॥ छं० ॥ १३१ ॥
टगट्टगंत नैनयं । तारक्कजेम रेनयं ।
अहार कंद मूलयं । भयो सुकंध थूलयं ॥ छं० ॥ १३२ ॥
डढाल चीय भूलियं । फिरंत नद्द कूलयं ।
न्विमल्ल नीर वीचयं । करंत लोटि कीचयं ॥ छं० ॥ १३३ ॥
सुनंत कूह सेनयं । लग्यो सुकान दैनयं ।
चमक्कि चष्प पुल्लयं । इकल्ल उट्ठि चल्लियं ॥ छं० ॥ १३४ ॥
भिरंत छंडि भज्जयं । निरत्ति दैन रज्जयं ।
प्रपत्तयौ धनुद्धरी । सिकार भाल गुद्दरी ॥ छं० ॥ १३५ ॥
हरष्पि नाथ संभरी । ज्यों भोर मेघ डंबरी ।
हलक्कि फौज उप्परी । दिसा दिसान विप्फुरी ॥ छं० ॥ १३६ ॥
पँवार जैत वग्गरी । हते न्त्रपत्ति अग्गरी ।
विकट्ट जाल जंगरी । अठार भार पंगरी ॥ छं० ॥ १३७ ॥

(१) मो.-अंत्रन । (२) मो.-उप्परं । (३) मो.-पंतयं ।

गये सुचूकि ढाहरं। बबक्कि उठि नाहरं॥
* * * * * * ॥छं०॥ १३८ ॥

जैतराव का सिंह को मारना।

कवित्त ॥ सोर घोर सुनि श्रवन। रवनि रवनीय मंद जगि॥
निडर अंग ऐडाय। बाघमुख पग्गि क्रोध अगि॥
अधर दंत चाटंत। चाटि हथ्थल हुस्यार हुअ॥
पटकि पुंछ मच्छर दहारि। उच्छारि उछंग भुअ॥
पऱ्यौ सुजैत धाराधिपति। अति सरोस पटक्यौ सुधर॥
उठि हक्कि हाक ओझर हन्यौ। गयौ तुट्टि करिवार कर॥छं०॥१३९॥

बलिभद्र का सिंहनी को मारना।

सिंघ सँघाऱ्यौ पिष्षि। विक्कि सिंघन बबकारिय॥
समुष राज प्रथिराज। निरखि आवत ललकारिय॥
मनहु माघ केमास। मेघ कल बायनि बिस्तरि॥
यों कँपै सह काय। हाय मुष उटहि न सस्तर॥
बलिभद्र राय बलिवंड धपि। कर क्रपान बाही सु बर॥
उछरंत लंक कटि अद्ध परि। अद्ध आय लग्यौ सु कर॥छं०॥१४०॥
अध लग्यौ कर आय। ताहि जम दद्द घाय किय॥
भाल जाल महि हन्यौ। छेदि वेहाल ठेलि दिय॥
घरी च्यार सब सथ्थ। रह्यौ थहराइ लग्गि टग॥
ग्रेह देह अरु नेह। गए भय भूलि मग्ग जग॥
हँसि कहै राज कविचंद सों। ए भर अरि असुपत्ति सिर॥
करतार लज्ज रष्षै कलह। कटे कन्ह से जंग थिर॥ छं० ॥ १४१ ॥

राजा का गत घटना पर सोच करना परंतु कवि का भुलावा देकर उसे शिकार से फिराना।

कहै चंद कवि तथ्थ। राज गत बत्तन खूचहु॥
जुहैं सुं मानुहु दिघ्घ।। संग संतापन पूचहु॥

धरहु मन्न अग चलहु । पग्ग पव्वय उज्जारहि ॥
बहु वराह रुकि राह । दाह वाहं वर मारहि ॥
भुल्लाय वत्त चहुआन कौं । चल्यौ भट्ट सुप अग्र धरि॥
न्रम्यौ न मिटै न्रिम्मान कछु । तहां इक्क आइय पवरि॥छं०॥१४२॥

कुछ सामंतों का राजा को एक सिंह की सूचना देना ।

सोलंषी संतोष दास । नंदन नारायन ॥
तुच्छ पटे पग दौरि । पवन बिन न्रिपति परायन ॥
आसा लगि धावंत । रहै दासा तन लीयै ॥
रेन दीह जानेन । रहै हिय हुकुम जु किये ॥
तिन कह्यौ आय प्रथिराज सहुं । सिंघ एक भाल्यौ निकट ॥
निठुर निसंक कंदर मंध्यौ । वीज तेज लोचन विकट ॥छं०॥१४३॥

राजा का सूचना पाकर सिंह की खोज में चल पड़ना ।

गाथा ॥ यों सु न्रपति श्रवन्नं । गवनं कीन लीन कोवंडं ॥
कोमल पद संचारं । उच्चारं कोमलं भासं ॥ छं० ॥ १४४ ॥
केभर अग्गं परछं । केभर वास दच्छिनं अंगं ॥
दारा ग्रं दुज राजं । ढारं तेन पारियं छेरं ॥ छं० ॥ १४५ ॥

होनहार की प्रभुति वर्णन ।

कवित्त ॥ जलधि जनक ससि तनौ । और अम्रत्त तन [1]तातन ॥
बंधु धनंतर वैद । पोपि रष्पन वपु पातन ॥
लच्छि बहनि बुध वदै । विषागु बल्लभ वह्निनेज ॥
भव भूषन किय भाल । कुटम उडुगन गन केज ॥
लग्यौ कलंक घटु जाइ घटि । इक्क निसा पूरन्न रहि ॥
प्राचीन कीन लग्यौ कठिन । सु क्यों मिटै सिरजंत महि ॥
छं० ॥ १४६ ॥
हरि कर धरै पषान । देव निरवंसी रष्पै ॥
बलि दव्वे पाताल । अभष भष पावक भष्पै ॥

(१) ए. कृ. को.-तायन ।

ब्रह्मपूज पर हरी। रुद्र कापाल लगायौ ॥
इंद्र अंग भग भई। सुक्र रषि नेन भगायौ ॥
सतवती सीय दुष पाइ जिय। रसाताल गइ फट्टि भुअ ॥
न्टप नघुष नागपन भुग्गयौ। नमो नमो सिरजंत तुअ ॥
छं० १४७ ॥

बिछुरै नल दसयंति। रहे हरचंद नीच घर ॥
नारद नारी भए। आप पायौ दसरथ्थ भर ॥
राम बसे बनबास। पंडव अनषंड विपति सहि ॥
राह लगे विन राह। भयौ बिय टूक चंद कहि ॥
बपु जरि अनंग हुअ अंग बिन। नरग राज क्रकिला सु हुअ ॥
गजसुष गनेस अजसुष दछिन। नमो नमो सिरजंत तुअ ॥
छं० ॥ १४८ ॥

सायर षारत सह्यौ। श्रृंग रिषि सह्यौ श्रृंग सिर ॥
पग पंगुर सनि देव। पंग [1]हनमंत संत चिर ॥
जच्छि राज की अच्छि। पिंग इक भई सर्प घत।
षरमुष रावन राव। अंध कुर रावन दिषत।
भगवंत भिछ्छ कर तन तज्यौ। पारथ पुरषारथ गरयौ ॥
विक्रम नरिंद वायस भष्यौ। कासिर वारौ निब्बयौ ॥ छं० ॥ १४९ ॥

सिंह के धोखे से कंदरा में धुआं करवाया जाना।

दूहा ॥ कंदर अंदर धूम किय। सिंघ भरम प्रथिराज ॥
पुब्ब पुरान नहो सुन्यौ। अति गति होत अकाज ॥ छं० ॥ १५० ॥

धुआं होने पर कंदरा के अंदर स्थित मुनि को कष्ट होना और उसका घबड़ा कर बाहर आना।

पद्धरी ॥ चिन पच कट्ठ लगि उठी झार। गइ गुहा मंझ धसि धूम धार ॥
चट पट्ट सद्द सुनियै न कान। फट्टिय सु झाल छुट्टै औसान ॥
छं० ॥ १५१ ॥

(१) मो. हवंत।

सब जीय जंत भजि सैल तज्जि । धरराय झार पावक गरज्जि ॥
चप अवा संकि पारंत चीस । कलमलि सुनिंद मन भई रीस ॥
छं० ॥ १५२ ॥

कोमल सु कमल द्रग श्रवै नीर । रद चंपि अधर कंपत सरीर ॥
जट जूट छूटि उरझंत पाय । म्रग चरम परम नंष्यौ रिसाय ॥
छं० ॥ १५३ ॥

तमि तोरि डारि दिय अच्छ माल । निकस्यौ रिपीस वेहाल हाल॥
गहि दर्भ हस्त वर नीर लीन । प्रथिराज राज कहुं श्राप दीन ॥
छं० ॥ १५४ ॥

हम तप्प वप्पु साधंत साध । नर सूं विरुद्ध नाहिन अराध ॥
फल पत्र ग्रास पालंत प्रान । सब संग त्यागि सेवत उद्यान ॥
छं० ॥ १५५ ॥

कहुं रंक राइ जांचहि न जायि । नन जीव जंत आवै सँताय ॥
निर वैर काल काटत कठिन्न । भव सिंधु मध्य तें भए भिन्न ॥
छं० ॥ १५६ ॥

नन इच्छ भछ्य वर भोग जोग । कहि चूक हमहि सँतवत लोग॥
कारूं भस्म भूम पत्रय समेत । सुपि सरित सिंधु रष्यौ वरेत ॥
छं० ॥ १५७ ॥

ना रयों चिन्ह पठ तीन भार । तव होय चेत संसार सार ॥
.... । .... छं० ॥ १५८ ॥

ऋषि का शाप देने के लिये उद्यत होना ।

कुंडलिया । तव अचेत चेतै सुचित । जव लग्गै सिर मांहि ॥
इह कहि आपुन कों भयौ । गही पुरप इक बांह ॥
गही पुरप इक बांह । गेंन ते उतरत तच्छिन ॥
कहै निरा अपराध । साध पीरेंन तम्मि चिन ॥
तमि चिन पचन तोरियै । बिना सँतापै सव्व ॥
ताहि दंड किन देहु भुक्ति । जिहि दुष दीनौ तव्व ॥
छं० ॥ १५९ ॥

कवित्त ॥ सुरहि बच्छ मृगराज। छवा गजराज जथ्थ थल ॥
चित्रक हरिन बराह। राह पीवंत इक्क जल ॥
आष इष्षि चष अग्ग। घात मंजार न मंडै ॥
फन करि पवन भषंत। मोर पंनग नह षंडै ॥
परताप सथ्थ गुर हथ्थ कौ। नको जीव जीवह भषै ॥
तिहि जियत आज रिषिराज कहि। कंदर बैसंनर धषै ॥
छं० ॥ १६० ॥

ऋषि का चुल्लू में जल लेकर शाप देना कि जिसने मुझे कष्ट पहुंचाया वह शत्रु द्वारा अन्धा किया जाय।

गाथा ॥ इहि रिषि कहि बरबैनं। तजि संसार आपियं रायं ॥
मोद्रिग जिहि दुख दीनं। तास तुम चच्छ कढ्ढाइं ॥छं०॥१६१॥

कवित्त ॥ कं अंजुलि कुस पकरि। कहै रिषराज सुनहु सब ॥
जिहि मो द्रिग्ग दुष्षए। निरा अपराध आय अब ॥
ता जुग लोचन जोनु। अयनजुग बीतत कढ्ढय ॥
मन बयन्न नहि टरै। विप्र षिष्षि षिष्षियों रढ्ढय ॥
जितिक पीर हम भोगवैं। भूमि लोक अवलोक इहि ॥
सत गुनी विरधता छोड़ चष। चल्यो चाइ मुनि ईस कहि ॥
छं० ॥ १६२ ॥

ऋषि का शाप सुन कर पृथ्वीराज का भयभीत होना।

सुनिय बयन्न श्रवन्न। कंपि प्रथिराज थरथ्थर ॥
जिते सथ्थ सामंत। सूर उर चास धरड्डर ॥
गये बदन कुमिलाय। सक्कि अति अधर अद्ध उभ ॥
बोलत बोल न बनै। 'सने संताप साप दध ॥
रिषि आप दाप कौ अंग में। को ठिल्लै पल एक लगि ॥
जंगलन जाइ नन जाइ घर। भरि न सरक्कै भूप डग ॥
छं० ॥ १६३ ॥

(१) ए. कृ. को.-मनें।

कविचंद का ऋषि के पैरो पर गिर कर क्षमा मांगना।

तवहि चंद कवि दौरि। [1]विप्र पद रह्यौ विप्र गहि॥
छमि स्वामी अपराध। साध सुनि फुनि उच्चार कहि॥
तुम सु पंड ब्रह्मंड। पंड नव तुम तप चल्लहि॥
तुम भ्रंमन जीमूत। वरपि जीवन प्रति पल्लहि॥
केहरि भरंम हम धूम किय। पायक वसिट्ठय देव हुअ॥
सँकुचि नरिंद कंप्पं डरपि। थरपि हथ्थ सिर सोम सुअ॥
छं० ॥ १६४ ॥

कविचंद का ऋषि से कहना कि यदि किसी से भूल में अपराध हो जाय तो माहात्मा लोग सहसा शाप नहीं देते।

पिय व्रत ध्रुव के वंस। भूप जयवंत सिकारं॥
मूल मंडि प्रथि रोकि। वैठि दुरि जाल कटारं॥
मुह अग्गं इक रिष्य। निकसि प्रावरि मृग छालं॥
भ्रम कुरंग हनि तक्कि। वान लगि उभ्भर दुसालं॥
क्रामंति जोग वल रष्यि तन। यष्पन मन तिन पिमा किय॥
कविचंद कहत रिपि राज सुनि। पुनि कुपि आपन न्रपति दिय॥
छं० ॥ १६५ ॥

कुंडलिया॥ करि सनमान न सकिय दुज। सिव पिक्खि चक्र चलाय॥
सिर लग्गं पुप्परि उछटि। जानु चिहुंटिय जाय॥
जानु चिहुंटिय जाय। हाय आकपंत छुट्टिन॥
तीन कोडि हज्जार सठि। तीरथ करि अट्टन॥
न्हावंत सरोवर दछिन महि। पातक पुट्टि विछुट्टि गय॥
तीरथ कपाल मोचन तहां। नाम परठि परसन्न हुअ॥
छं० ॥ १६६ ॥

(१) ए. कृ. को.-विप्र प्रदच्छि प्ररह्यौ गहि ”

कवि का कहना कि हम स्वारथी और आप परमार्थी जीव हैं सो कृपा कर शाप के उद्धार का उपाय बतलाइए।

कवित्त ॥ तुम जप तप पर हेत। देत वपु रिषि दधीच परि ॥
तुम श्रुति श्रुति कहि सकै। तुम्ह पद चिन्ह धरै हरि ॥
हम स्वारथ लगि फिरहिं। इष्ट स्वारथ [1]आराधन ॥
हम संसारी जीव। हम सु अपराधह साधन ॥
नन सरन आन तुम सरन तजि। रप्पि सरन प्रथुराज हथु ॥
कटै सराप जा पुन्य करि। सो बताउ बरदान तिथु ॥ छं० ॥१६७॥

ऋषि का कवि से नाम ग्राम पूछना और कवि का अपना और राजा का परिचय देना।

[2]चंद बदन मुन्निंद। कहै तुम नाम ठाम कहु ॥
तो मुष सबद रसाल। सुनत सुष होय हियैं बहु ॥
तबहि भट्ट भापंत। स्वामि मो नाम चंद कवि ॥
वह नरिंद प्रथिराज। लज्ज भरि रह्यौ देव दवि ॥
अब ह्वै क्रपाल प्रभु उद्धरहु। कछुक देउ बरदान फिरि ॥
अप्पौ नरिंद फिरि उद्धरहु। जिहि पारंगत [3]होहि तिरि ॥
छं० ॥ १६८ ॥

ऋषि का संकुचित होकर राजा का प्रबोध करना और कहना कि शहाबुद्दीन तेरे हाथ से मारा जायगा।

चौपाई ॥ हौं बालक दुरवासा तनौ। सत्ति बात सब तासौं भनौं ॥
इह न्रप तोहि दियौ बरदान। तेरे कर मरिहैं सुलतान ॥
छं० ॥ १६९ ॥
यों कहि रिषि अंतर सकुचान। मुह अग्गै न्रप मुष कुम्हिलान ॥

---

(१) ए. कृ. को.-आधारन। (२) को.-चंद वदन्न सुन्निंदं। मो.-चंद वचन्न मुनिंद।
(३) ए. कृ. को.-होत।

देपि दया उर भई मुनिंद । बोल्यौ रिजु दुज आउ नरिंद ॥
छं० ॥ १७० ॥

पुनः ऋषि बचन कि कवि राजा और शाह एक मुहूर्त में मरेंगे ।

दूहा ॥ न्रप चहुआन रु चंद कवि । अरु गोरी सुलतान ॥
इक महूरत में मरैं । इह हम दिय वरदान ॥ छं० ॥ १७१ ॥

ऋषि के वचन सुन कर पृथ्वीराज का प्रसन्न होना ।

आनंद्यौ प्रथिराज सुनि । निज मन धारै विचार ॥
देहन दनु देवन रहै । साह महित छत सार ॥ छं० ॥ १७२ ॥

पृथ्वीराज का अंतरप्रवोध ज्ञान ।

कवित्त ॥ देह न देवनि रहै । रहै नह देव दान वनि ॥
देह न मुनि पैं रहै । देह नह रहै मान वनि ॥
देह न नागन रहै । देह नह रहै नगन गन ॥
देह न जच्छन रहै । देह नह रहै पुन्य जन ॥
रहि है न देह गंध्रब्ब वर । गुन्भिझक सिद्ध अवद्धि बल ॥
मन मझ्झ कहै चहुआन चित । रहै लैन हारे सु जस ॥
छं० ॥ १७३ ॥

पृथ्वीराज का ऋषि के पैरों पड़ना और ऋषि का राजा का सिर स्पर्श करना ।

दूहा ॥ यों विचारि प्रथिराज उर । लग्यौ रिष्पि कै पाय ॥
मन में सकुचि [1]मुनिंद कर । न्रप शिर लयौ उचाय ॥छं०॥१७४॥

कविचन्द और मुनि का प्रश्नोत्तर ।

(कवि वचन)

तब मुनिंद सौं चंद कवि । पूछत इह अंदेह ॥
सकल कुटंबी लोक में । कोन सु सांचो नेह ॥ १७५ ॥

---

(१) मो. नरिंद ।

मुनि वचन।

पूरन सकल विलास रस। सरस पुच फल दान॥
अंत होइ [1]सहगामिनी। नेह नारि को मानि॥ १७६॥

कवि वचन।

गाथा॥ किं तन चिभुवन सारं। किं तन मध्य सार रिष ईसं॥
किं पुनर पिता मक्क्षं। [2]सारं तत्त उत्तरं [3]देहं॥ छं०॥ १७७॥

मुनि वचन।

नर तन नर पुरसारं। नर तन मद्धि सार तप सीयं॥
सहि देही महि सारं। बाचं इक बुध [4]बड्डाई॥ छं०॥ १७८॥

कवि वचन।

को दुज धरम कथेयं। को न्रप धरम परम संसारं॥
किं बनिकं धन धरमं। किं धरमं सूद्र सहायं॥छं०॥१७९॥

मुनि वचन।

श्रुति पठनं दुज धरमं। भू भुज धर्म्म नित्त नित्तेयं॥
दया सुधर्म्म बनिक्कं। सेवा ध्रम सुद्र सहाइ॥ छं०॥ १८०॥

कवि वचन।

दूहा॥ कोन नगन अंबर छतें। को ढंको बिन चीर॥
को हारै अंधौ फिरै। को जीते तजि तीर॥ छं०॥ १८१॥

मुनि वचन।

जस हीनौ नागौ गिनहु। ढंक्यौ जग जसवान॥
लंपट हारै लोह छन। त्रिय जीतै बिन बान॥ छं०॥ १८२॥

कवि वचन।

राजरिद्धि [5]बाधंत क्यों। किहि मग राज बिलाय॥
[6]भूषेउ न्रप छंडै कहा। कहा भूष मं पाय॥ छं०॥ १८३॥

---

(१) मो.-सहचारिनी। (२) मो.-नारं। (३) ए. कृ. को.-देहि।
(४) मो.-बरदाई। (५) ए.कृ.को.-मेटे कवन। (६) ए. कृ. को.-भूषौ।

मुनि वचन।

रिषि पूजा लच्छी बढ़ै। रिषि अपमान बिलाय॥
रिषि बिभूति भूपै तजै। अनि वित भूपै पाइ॥ छं० ॥ १८४ ॥

कवि वचन।

किंहि मग कंटक विकट है। को मग सरल सुभाइ॥
किन मग चलियै रैन दिन। किहि मग परै न पाई॥
छं० ॥ १८५ ॥

मुनि वचन।

हरि विमुषें मग कंटकी। हरि मग सरल सुभाइ॥
हरि मारग निरभै सदा। अनि मग पोचौ पाइ॥ छं० ॥ १८६ ॥

कवि वचन।

को मैलौ पट ऊजलौं। को उज्जल पट मैल॥
कौ भूल्यौ मारग लगै। को भूल्यौ ही गैल॥ छं० ॥ १८७ ॥

मुनि वचन।

मन मैलौ मैलो वहै। मन उज्जल सु पवित्त॥
हरि विमुषे भूले फिरै। भूलि न हरि जिन चित्त॥ छं० ॥ १८८ ॥

कवि वचन।

भुगति मुगति किन निकट है। कातें दूरि दिपाइ॥
किन आवध जग जिति यहि। किन हारत जगजाइ॥छं०॥१८९॥

मुनि वचन।

समदरसी तें निकट है। भुगति मुगति भरपूर।
विषम दरस वा रैन तें। सदा सरवदा दूरि॥ छं० ॥ १९० ॥
पर योमिनि परसै नहीं। ते जीते जग बीच॥
परतिय तक्कत रैन दिन। ते हारे जग नीच॥ छं० ॥ १९१ ॥

सुजस बान जग में जिये। कुजसी मृतक समान ॥
दाता जागै रैन दिन । सोवै सूम अजान ॥ छं० ॥ १९२ ॥

कवि बचन ।

को बैरागी ग्रेहही। को रागी बनवास ॥
को लूटै परलच्छि कों । काते लच्छि उदास ॥ छं० ॥ १९३ ॥

मुनि बचन ।

निरलोभी वैराग ग्रह । लोभी बनहूं राग।
पटुभाषी परबत भषै। कटुभाषी तिय भाग ॥ छं० ॥ १९४ ॥

कवि बचन ।

किहि मुनि कोन अराधि है । विनही औसर देपि ॥
तुम बचननि सुष पाइयै। तुम दरसन सु विसेप ॥ छं० ॥ १९५ ॥

मुनि वचन ।

रूप कार कवि बैद बरु। मरमी असिधर होइ ॥
बंदी जन धनवंत जड़ । ए आराधी लोइ ॥ छं० ॥ १९६ ॥

कविचंद और सब साथियों सहित राजा का डेरों को वापिस चलना ।

इतनी सीष रिषीस की। सुनि पग बंदे चंद ॥
सम नरिंद असवार ह्वै । चलै दलै आनंद ॥ छं० ॥ १९७ ॥

सेन सुरन सहनाइ के। नहि निसान धुंकार ॥
चोधिन चमक चिराक की। नह बंदी हुंकार ॥ छं० ॥ १९८ ॥

बिन बेरां डेरां गयौ। भूपति भयौ उदास ॥
मरन हान सें मग्गई। सुनिय सकल रनिवास ॥ छं० ॥ १९९ ॥

डेरां लगै डरावना । रह्यौ कटक सब मौन ॥
नर नारी नारी छतें। मनो प्रान किय गोन ॥ छं० ॥ २०० ॥

उक्त शाप का संवाद पाकर रानी संयोगिता का दुःख करना।

चित्त चिंति संयोगिता। कोन कियौ मैं पाप॥
भोग समें संयोग में। कंतह भयौ सराप॥ छं० ॥ २०१ ॥

कवित्त ॥ कै मैं कट्टी जाय। गाय चरती हंकारी॥
कै कांसौ पग छियौ। धूम मैं नागिनि मारी॥
कै न्याति विप्र परहन्यौ। कह्यौ नन वैंन सासु कौ॥
तेल लोंन वर हेम। चोर घर धन्यौ कासु को॥
कीनी न कानि कै जेठ की। कै बोलत ज्वाब न दयौ॥
बुल्ल्यौ सराप रिषि कंत कौं। सती हारु कें हर लयौ॥
छं० ॥ २०२ ॥

डेरों से चल कर दिल्ली आना और ब्राह्मण को दान देकर महलों में प्रवेश करना।

दूहा ॥ दान दयौ रनिवास नें। अरु दिय दान नरेस॥
अयन उभय मैं नयन डर। कियनिय महल प्रवेस॥छं०॥२०३॥
गैर महल राजन भयौ। सहित संजोइय वाम॥
पोरि न रघ्यो पोरिया। जे इतवारी धाम॥छं०॥ २०४ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके राजा आषेट चष श्राप नाम त्रिसठवों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥६३॥

(१] मो.-नाय या माय।

धीरपुंडीरनाम प्रस्ताव ॥

[चौसठवां समय ।]

संयोगिता व्याह के ढाई वर्ष बाद राजा पृथ्वीराज का अपनी सामंत मंडली के बल की परीक्षा करने की इच्छा करना ।

दूहा ॥ सुष विलास संजोगि सम । विलसत नव नव नित्त ॥
इक दिन मन में उप्पनी । ऐ ऐ वित्त कवित्त ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ मास तीस दिन पंच । महिल संझोज राजवर ॥
जुद्ध घटै सामंत । बैर सु विहीन सँवर पति ॥
सुभर सूर सामंत । उरह भुज पनवर जान्यौ ॥
तीन मास तिय दिननि । तिनहि संसार सु मानौ ॥
तन तुंग तेज्ञ वावन्न मन । तन तिहित्त उच्चौ न गिन ॥
कैमास विना आमंत घटि । हुं जानत आभंग इन ॥ छं० ॥ २ ॥

पृथ्वीराज का कन्नौज से भागकर आने पर पछतावा करना ।

दूहा ॥ जुध अनेक सामंत करि । नहुं भाग्गौ कहुं ठौर ॥
हम भज्जन कनवज्ज मति । अब दिष्यौ भर और ॥ छं० ॥ ३ ॥
कबही पिट्ठि न मे दई । अब लग्गी इह षौरि ॥
करौं परीछा सूर भर । जित्तौ असुर वहोरि ॥ छं० ॥ ४ ॥

बलिभद्रराय का राजा से कहना कि सामंतों की परीक्षा के लिये जैतखंभ बनवाया जाय ।

कवित्त ॥ तब कहै राव बलिभद्र । सत्त सामंत अभंगम ॥
इन बल घटै न राज । मंत घट्टै बर आगम ॥

रुक्क सुवर सुर अंत । तीर वाहै वल मुक्कै ।
पंष सवद संभरै । मद्द गजराजह चुक्कै ॥
सामंत संगि प्रथिराज सुनि । जैत षंभ वर फोरियै ॥
पारष्षि देषि चल वीर न्टप । जीय सँदेह न जोरियै ॥छं०॥५॥

निगमबोध (तीर्थ) स्थान पर जैतखंभ का बनवाया जाना निश्चय होना ।

दूहा ॥ सुनिय मंच प्रथिराज बर । मनि परधान सुमान ॥
जैत षंभ मंडन सु मति । निगम बोध वर थान ॥ छं० ॥ ६ ॥
सुरिल्ल ॥ जिन दिन बल सामंत सु घट्टै। जानि मन्नि प्रथिराज सु थट्टै ॥
बाल टद्ध जोबन बलकाजं । जैत षंभ चिंत्यौ प्रथिराजं ॥ छं० ॥७॥

श्रावण मास वर्णन ।

कवित्त ॥ श्रावन भावंन भवन । रवन रवनी मिलि राजहि ॥
सविता जेम समुद्द । धरनि धारा हर साजहि ॥
पच्छिम पवन प्रसारि । धार जल हर धर हरयौ ॥
षाल नाल भरि ताल । भरत जलनिधि जल भरयौ ॥
परि सीर सोर उठि चोर जिय । जीवन जाचक ओल गन ॥
नर नारि चतुर वर चित्त कों । हरियालो सावन हरन ॥छं०॥८॥

नवदुर्गा में सामंतों के पूजा पाठ और उनके उत्साह का वर्णन ।

ग्यारह से बावन्ना । मास आसोज विपष्षिय ॥
नव दुग्गौं नव दीय । नवल सामंत न रष्षिय ॥
नव सत्ते नव दीह । महिष जोगिनि भिल्लारहि ॥
हवन मंच दुज पढहि । पूजि दुग्गा जग्गारहि ॥
उच्छह उतंग तिहि राइ पर । जुरन तेग बंधहि न्टपति ॥
संपदा चिति चहुआन की । प्रथीराज तेजह तपति ॥छं० ॥ ९ ॥

पृथ्वीराज का सब सामंतों को जैत खंभ के निर्माण और अपनी आज्ञा की सूचना देना ।

तट्टह अट्टह अट्ठ । अठै अगदीह सु मंडिय ॥
अट्ठ अट्ट प्रमान । सहर सिंगारि सिकंडिय ॥
आहुट्ठं सै दून । राज अग्या भर मंडिय ॥
जैत षंभ जैतान । जोर जुद्दा जो पंडिय ॥
आनंद तेज अग्या सु भर । भूपर भूप भुअप्पतिय ॥
मानिक्क राइ कुल उद्धरन । प्रथीराज छत्रद्दपतिय ॥ छं० ॥ १० ॥

पृथ्वीराज का जैत खंभ बनवाए जाने की आज्ञा देना ।

एक समैं प्रथिराज । वत्त जंपिय भर सारनि ॥
अष्ट धात करि षंम । सिंगि कट्टै बल पारन ॥
तिहि समान नहि वीर । विजय दसमी इह किज्जै ॥
अप्प अप्प बल तोकि । इष्टनिय जाप जपिज्जै ॥
सुनि सूर सजल आनंद मन । पुनित महल राजन उठ्यौ ॥
सुनि धरि जाइ जालंध दर । प्रसन करन कारन हथ्यौ ॥
छं० ॥ ११ ॥

चंद पुंडीर के पुत्र धीर पुंडीर का जालंधरी देवी की उपासना करना ।

सगति भोग संसार । सगति कर जोग जुगति जग ॥
सगति मुगति वर दैन । सगति आधार नाग नग ॥
सगति महा सुख करन । सगति विन सुष्य न पावै ॥
सगति राज निज काज । सगति नर सुर जय लावै ॥
इह जानि धीर मन ध्यान धरि । सगति उपास विचार वर ॥
आनंद कंद न्रप चंद सुअ । धीर जाप लीनौ सुधर ॥ छं०॥१२॥
सुभ असोज रवि मूल । सिद्धि जोगह सुष कारिय ॥
दुर्ग साहि थापनो । धीर आराधि विचारिय ॥

धन सुलगन सुष गरुअ । धीर जालपा उपासै ॥
ग्रह सुथान मति मान । कनक दुति षोड़स भासै ॥
एकंग मंत सद्दै सुमन । भूमि सयन सुद्दह 'वसन ॥
गो दुद्द हार बर इक्कलै । व्रत उचार बोलन रसन ॥छं०॥१३॥

पूजन विधि, देवी का प्रसन्न होना और धीर पुंडीर का वर मांगना ।

पद्धरी ॥ सहि घाम छाय वासं सुसुभ्र । बासना उग्र कर पूर उभ्र ॥
अन्यन प्रवेस तिन ग्रह पवित्त । कारज्ज कज्ज दै आइ मित्त ॥
॥ छं० ॥ १४ ॥

आसनह हेम चयकोन कुंड । कर सेत माल जपि उंच तुंड ॥
परिधान वस्त्र सारत्त रज्जि । अंबरह सेत उप्पर सु सज्जि ॥
छं० ॥ १५ ॥

आसन्न एज अग्गैं अनूप । स रजित तथ्थ जालंध रूप ॥
तस अग्ग संग सेरह बतीस । धज धोम पग्ग अग्गै सु कीस ॥
छं० ॥ १६ ॥

सुध्यान जाप दस सहस होम । धरि ध्यान होम जज्जिय सु कोम ॥
धरि हीय ध्यान जालंध देवि । मन वच्च क्रम्म चिंतिय सु तेव ॥
छं० ॥ १७ ॥

चय पष्प वीच भय निसा जाम । आदिष्ट देवि बुल्लिय सु तास ॥
मँगि मंगि मंगि नर बीर सत्ति । इछंत काज जो सुझ्झ सत्ति ॥
छं० ॥ १८ ॥

बुल्ल्यौ सु बीर जालंध माइ । सु प्रसन्न देवि जो सुझ्झ भाइ ॥
बर एक सुद्द अप्पहु सु अम्ह । फुट्टै व संग मो जैत षंभ ॥
छं० ॥ १९ ॥

जंपै सु देवि रे धीर धीर । फुट्टै व जु षंभ मो सक्ति वीर ॥
राजन सु तोहि अप्पै पसाव । ग्रामह सु थान आदर सु भाव ॥
छं० ॥ २० ॥

(१) ए. कृ.-सरन ।

आये सु जात सुझझह सु रंभ । फुट्टै सु संग तो जैत पंभ ॥
चिंतै सु चिंत मुझ जहां चित्त । जहं जहां संकट तो पास सत्त ॥
छं० ॥ २१ ॥

जंपै सु धीर जालंध मात । फुट्टै सु पंभ आंउ सु जात ॥
फुट्टै जु संग मो सकति तिप्प । भुंजों सु अन्न तो दरस दिप्पि॥
छं० ॥ २२ ॥

वरदान दियौ देवी सु धीर । नीसान प्रान वज्जै सु भीर ॥
संमरें धीर देवी सवद्द । छुट्टै सु दुप्प नर वै मरद्द ॥ छं०॥ २३ ॥

देवी का वरदान ।

कवित्त ॥ हेम दंडि सिर मंडि । मंच द्रिग आन मिलाइय ॥
धूप दीप साया सु गंध । जंच अरु ध्यान जु पाइय ॥
नारिकेल फल सुफल । महिप पारंभ पंच विय ॥
विनै विद्धि सारंत । करिय पूजा अनंद जिय ॥
वर धीर मिली मग्गी सुवर । प्रसन उमा परतप्प हुअ ॥
चर चित्त वीच करहि न कछू । पंभ फोरि जैपत्त तुअ॥छं०॥२४॥

धीर पुंडीर का कुमारी कुमारियों को भोजन करा कर उपारन करना ।

दूहा ॥ कुम्मारी कुम्मार सहु । वोलि सु भोजन दीन ॥
अनंत विप्र भोजन विविध । धीर सु पारन कीन ॥ छं० ॥ २५ ॥
अति आनंद सु धीर किय । भयौ सूर रस भास ॥
अनत विप्र भुंजे भगति । दिय सवद्द पिन तास ॥ छं० ॥ २६ ॥

जैतखंभ का वर्णन और सामंतों का नित्य प्रति अभ्यास करना ।

कवित्त ॥ जैत पंभ मंडयौ । स्वामि सामंत परष्पन ॥
अष्ट धात कर अष्ट । रेष गज अष्ट सु रष्पन ॥

अष्ट मुष्टि चा रूष्टि। वाहि कहूँ जु संगि बर ॥
इष्ट देव सत सील। संच आभंग रंग भर ॥
तारून्न तुंग सह सत्त भर। इस अभ्यास दिन प्रति करहि ॥
इक मुट्ठि दु मुट्ठि ति मुट्ठि लंगि। किहुन सार दुअ अँग सरहि॥
छं० ॥ २७ ॥

धीर का जैतखंभ भेदने के लिये जाना।

चकित चित्त चहुआन। सूर सामंत न सुभ्भहि ॥
नर पष्षर भर भिरन। षंभ सों षिभ्भि षिभ्भि भ्भभ्झहि ॥
तीन पष्ष दिन पंच। बीर नीसानन बज्जिय ॥
सबर बैर सुरतान। जाहि संमुह करि सज्जिय ॥
पुंडीरराय चंदह तनौ। धीर नांउ बै अंकुरिय ॥
रन सिंह कंध यप्परि तरकि। हेम तुल्य लिन्नौ तुरिय ॥छं०॥२८॥

धीर पुंडीर की अवस्था और बल का वर्णन।

नव बिय बरष प्रधान। तुंग लच्छिन उतंग तन ॥
चव्यौ सिंह सामंत। बीर पुंडीर धीर घन ॥
ताजी तुंग उतंग। बैस बीय पष अढारै ॥
मीरन रत्त सु गत्त। पियै जल अभ्भ क चारै ॥
बर चंद जंपि चंदह तनौ। विभर मेछ बत्र अंकुरिय ॥
तन पष्षि परष्षन न्रिपति बल। चढि तुरंग धंधरि परिय ॥
छं० ॥ २९ ॥

अश्व वर्णन।

विराज ॥ लियौ सेत ताजी, सुधा जीति साजी। तुला हेम तोलं, महालीन मोलं॥
छं० ॥ ३० ॥
अनूपं ऐराकी, सहै ना सुधाकी। दुअं गात उच्चं, सरूपं सकुचं ॥
छं० ॥ ३१ ॥
घड़ै घाल नालं, तगै लंघि तालं। भरै दान भारी, कहां पंषि कारी॥
छं० ॥ ३२ ॥

धीर का खंभ के पास पहुंचना ।

दूहा ॥ ध्यान उमा करि सुमन धरि । धीर बीर मन लाइ ॥
जैत पंभ फोरन सु वर । भौ जालंधर आइ ॥ छं० ॥ ३३ ॥

पृथ्वीराज का ससैन्य जैतखंभ पर जाना और धीर का आना ।

कवित्त ॥ बिहँसि चल्यौ चहुआन । सूर सह सेन बुलायौ ॥
जैत पंभ रोपयौ । लोह मन सीस मिलायौ ॥
भयौ राइ आयेस । कुंअर सब बिंझौ पेलहु ॥
सेंधि तीर तरवार । संग सरवर कर मेलहु ॥
चिहुटै न चोट दुअ अंगुरिय । उहित संग मध्यै धरिय ॥
अप्पी सुराइ तिहिं अप्प करि । भनहु सूर सह अहि उहिय ॥
छं० ॥ ३४ ॥

दूहा ॥ दिवस अट्ठ पुज्जिय सकति । नवल नवम्मिय दीह ॥
सिलह सुरंग सु मंडि किय । चल्यौ तुरंगम सीह ॥ छं० ॥ ३५ ॥

भुजंगी ॥ चल्यौ सिंह सामंत पुंडीर भारी । धरै कंध सोहैं सकत्ती करारी ॥
जुरै जूह कालंग्रसै सार सारै । पिभै पंभ तेजी दुह्नं अंग डारै ॥
छं० ॥ ३६ ॥

रुरी भेरि भंकार नीसान घाई । उठी वेद विप्रान विप्रान झाई ॥
तपै तेज वाही चिभागी ततारी । उनें धात में धात कढ्ढी निनारी ॥
छं० ॥ ३७ ॥

मिटै रेन रायां दिपो अंग चंडी । तुला सीर दंडी मनो धर्म मंठी ॥
छं० ॥ ३८ ॥

पृथ्वीराज का आज्ञा देना और धीर का जैत खंभ भेदना ।

कवित्त ॥ हो रावत मंडली । कोरि मच्छर मन मंडहु ॥
सो तुरंग तन षिस्यौ । संग वाहिर गहि कढ्ढहु ॥

बंस कुली छत्तीस। करहु बल जावल भावै ॥
संगि न टारी टरै। जंतु षिन अद्व डुलावै ॥
अप्पौ तुरंग चहुआन तव। विहसि धीर पुंडीर लिय ॥
उप्परिय जैत षंभह सहित। तव पसाव प्रथिराज किय ॥
छं० ॥ ३९ ॥

पृथ्वीराज का धीर को सिरोपाव जागीर आदि देना।

भुजंगी ॥ कियौ राय परसाद पुंडीर जोटं। मही मं सु कामं जुहिं सारकोटं॥
दिये पंच हज्जार ग्रामं सु थानं। झंडा माहि वैरष्प पीलं निसानं॥
छं० ॥ ४० ॥
रष्षतं बष्षतं तुरंतं उचायौ। थप्यौ सब्ब सामंत पुंडीर जायौ ॥
तबै बोल बोले सु उच्चै अचाए। कहै चाय चहुआन सों बोल चाए॥
छं० ॥ ४१ ॥
अबै मरन कै कारन कै करहिं साईं। बाधन कै गहन कै सुरतान घाईं॥
छं० ॥ ४२ ॥

राजा का धीर पर अपनी पैज प्रगट करना।

कवित्त ॥ च्यारि वचन चहुआन। दिए वर धीरं अचाये ॥
सरनं काम चहुआन। करनं अरि हरनं बताये ॥
गहे धीर सुरतान। हथ्थ अप्पन चहुआनं ॥
जोध कीस धोषंत। करै सु विहान प्रमानं ॥
जो धीर राइ इम उच्चरै। काम साम साक्रत करै ॥
प्रथिराज काय भंजन भिरन। धर भज्जत सम्हौ मरै ॥ छं०॥४३॥

धीर का मस्तक नवा कर राजाज्ञा को स्वीकार करना।

आगें धीर सधीर। हथ्थ चहुआन मथ्थ दिय ॥
आगें सूर ससूर। ताप उतराध तेज लिय ॥
आगें बर कैलास। ग्रहै पीनाक सु साजें ॥
आगें कंचन तेज। धरे नग तेज विराजे ॥

Nagari-Pracharini Granthmala Series No. 4-18

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÁI,

EDITED

BY

Mohanlál Vishnulal Pandia, & Syam Sundar Das, B. A.
With the assistance of Kunwar Kanhaiya Ju.

CANTOS LXIV to LXVI.

महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या और श्यामसुन्दरदास बी. ए. ने
कुँअर कन्हैया जू की सहायता से

सम्पादित किया।

पर्व्व ६४ से ६६ तक.

PRINTED BY THAKUR DAS, MANAGER, AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE NAGARI-PRACHARINI SABHA, BENARES.

1910.

मूल्य १।)] Issued 10th August 1910. [Price Rs. 1/4/.

सूचीपत्र ।

—o—

आगें सु धीर पुंडीर वर। अरू स्वामि हथ्थ वर मथ्थ दिय॥
सामंत जैत चामंड वर। मित्र हथ्थ दिस सयन किय॥
छं० ॥ ४४ ॥

चामंडराय का कहना कि धीर क्यों लड़कपन में आकर व्यर्थ की प्रतिज्ञा करते हो, दोनों पक्ष का बल तो तौलो।

हँसि वोले चामंड। धीर सुनि बात हमारी॥
पातिसाह दल विषम। तुरी अगनित है भारी॥
घर बैठे अप्पनै। बोल तुम बहु बोलहु॥
ज़ेर भँरन कहौ वथ्थ। सिंघ सम कुंजर तोलहु॥
रे सुनहि सूर पुंडीर कुल। एतो क्षुद्र न तुम कहहु॥
जिहि सात फेर हस्ती फिरहि। किम सु साहि जीवत गहहु॥
छं० ॥ ४५ ॥

दूहा॥ घर सूरा मठ पंडिया। गाम गमारां गोठि॥
पंच मक्ष्क्ष वोलत वयन। धूज विछुट्टिय होठ॥॥ छं० ॥ ४६ ॥

गाथा॥ अलसायं जे न सा पुरिषेण। जे अप्परास सुचरिया॥
ते पथ्थर टंकि उकीरी अग्र। कवही नह अनहा हुंती॥
छं० ॥ ४७ ॥

रास हरडियं कु नरिंद भासियं। इयर लोय पड़ि वन्नं॥
पुब्ब उठानय गुरुअं। पछालहु अंचलहु अंचं॥ छं० ॥ ४८ ॥

सुर सिरि मूलं बड़ बीज पल्लवं। सुअन लोइ पड़ि वन्नं॥
पुब्ब ठानय लहुअं। पछा गरुअंच गरुअंचं॥ छं० ॥ ४९ ॥

धीर का कहना कि मैंने जो कहा है वही करूंगा।

कवित्त॥ हौं पुंडीर नरेस। हौं सु झुझ्झार सबर बर॥
हौं सुत चंदह तनौ। ढिल्लि दल देहुं चिविध घर॥
मोहि इष्ट बल सकति। मोहि बानै बर सज्जित॥
मो सम अबर न बीर। साहि उप्पर दल गज्जित॥

हौं सुनौ सच, दाहन दहन। हौं सुति नहिं तिन वर गनौ॥
वर वीर धीर इम उच्चरै। गहु साहिव हसतौ हनौ॥छं०॥५०॥

धीर की वीर प्रतिज्ञा की चरचा का सर्वत्र फैल जाना।

दूहा॥ बढि अवाज ढिल्लिय नगर। धीर ग्रहन कह्यौ साहि॥
हँसिहि स्त्रर सामंत ए। कुटिल दिष्ट मुष चाहि॥ छं०॥५१॥

एक महीने पांच दिन में यह समाचार उडता हुआ शहाबुद्दीन के कान तक पहुँचा।

कवित्त॥ मास एक दिन पंच। वत्त दिसि विदिसि न हूआं॥
चंद पुत्त कौ चाव। पेषि प्रगट्यौ जस धूआं॥
दिसि दष्षन पुव्वाह। रहस उत्तर पच्छाहं॥
गल्ह वान गल्हा करंत। चिहु चक्क सवाहं॥
अदभुत्त वत्त संसार सुनि। पुंडी राइ हरट्टिया॥
गज्जनै साहि साहाव दर। सुष सुष कित्ति प्रगट्टिया॥ छं०॥५२॥
मंगि दोय वर मात। राज प्रथिराज महाभर॥
जैत षंभ जित्तनह। साहि बंधन आनन धर॥
तव तुट्टिय चवसट्ठि। दियौ बल षंभह फोड़न॥
अरु जु साहि बंधनह। ताहि वर बंक पधीरन॥
इह कहत मात दिन्नौ सु बच। सुनत साह अचरिज्ज हुआ॥
पिष्षह सु बीर बल कारनै। जैत षंभ आरंभ किय॥छं०॥५३॥

दूहा॥ बज्या नाम पुंडीर तुअ। लज्जा दान सु षग्ग॥
नित्त निहाई वत्तरी। कित्ति दुहाई मग्ग॥ छं४॥५४॥

जैत प्रमार और चामंडराय के मन में धीर की ओर से डर पैदा होना।

पद्धरी॥ दुहु मग्ग नाम पुंडीर धीर। नीसान प्रात बज्जंत धीर॥
पामार जैत चावंड राय। तिट्ठान राग लग्गेति घाय॥छं०॥५५॥

कल मली चित्त बहु भंति आइ ।* * *
दीवान मान आदर अदब्ब । षिन षिन सुताय लग्गै सु गब्ब ॥
छं० ॥ ५६ ॥

बलिभद्र बीर जामानि जद्द । षीचीय राव षिक्षि कहिय सद्द ॥
बग्गरिय राव देवाधि देव । आजानवाह वोलंत मेव ॥
छं० ॥ ५७ ॥

रावन्न राम गुज्जरी तेह । लौहान वत्त पुंडीर छेह ॥
उपगार चंद चिंत्यौ सु तभ्भ । रष्यौ पूर चालुक्क मभ्भ ॥
छं० ॥ ५८ ॥

तापंत राज सज्जी न बज्जि । फट्टंत तोन तम कवन कज्ज ॥
घटि बटित और गावार रंग । हर गाम धाम देसा दुरंग ॥
छं० ॥ ५९ ॥

ता सुनिय सत्त उद्वंत ञित्त । जगि जलनि जानि सिंच्यौ सु घ्रत्त ॥
गांमी गमार पुंडीर सूर । तिहि जाइ तुट्टि सुरतान पूर ॥
छं० ॥ ६० ॥

दादुरति कोट जिहि भार सद्द । पुज्जै न कोइ कोकिलति बद्द ॥
आचरन सिंघ जंवुक कुलाइ । भज्जंत प्रात मिलि सुगह ताय ॥
छं० ॥ ६१ ॥

बंबर विरद्द वामा सु पानि । बंधे सु कोन बर सूर तान ॥
उब्बरे बीर चामंड राय । जिन वीय बंस सामंत पाइ ॥
छं० ॥ ६२ ॥

हम लज्ज सूर सामंत भार । प्रथिराज राज बल उद्ध सार ॥
अपराध बंध धरि धात षंभ । जानै न जुद्ध सुरतान गिंभ ॥
छं० ॥ ६३ ॥

प्रथिराज ताहि अप्पै मुलक्क । हिंसार कोट पट्टन पलक्कि ॥
गज बाज बीर बैरष्य सेत । नीसान मेघ रन पील नेत ॥
छं० ॥ ६४ ॥

बरजै न कोन सामंत राइ । इहि मुष्य अप्प रहनो न जाइ ॥

सुभ्भ्भ्भ न काम कोई प्रमान। चहुआन पचाऱ्यौ सकट स्वान ॥
छं० ॥ ६५ ॥

अरदास कायस्थ का शहाबुद्दीन को धीर की प्रतिज्ञा का सारा हाल लिखकर सूचना देना कि धीर सपरिवार जालंधरी देवी की पूजा करने जायगा।

कवित्त ॥ लिखि अरदास जुगत्ति। जैत सुरतान सुपट्टिय॥
कोतूहल गूजर गमार। सुखही सुख ठट्टिय ॥
नाना ही गोचर गियान। पांवार पुंडीरां ॥
राज छज्जि रवि देउ। सूह सज्जल सम्मीरां ॥
मक्कक्कांह गुज्ज अंतर कियौ। वोलां हीरा वत्तियां ॥
सांइनो संग बंछै मरन। सोहै साहस छत्तियां ॥ छं० ॥ ६६ ॥

बचनिका ॥ बज मांम हमंद ईन। सुलतान साहाव दीन ॥
तुरकमां ताज। गज्जने वीर बाज ॥
अरदास जैत काज। लिखी बंदगी साज॥
तिन उनह कौ गुनाह। डिभूरू बिरद वाह ॥
बहुत कुल षंचना। देवी दिवाना ॥
दरवार हिंदवाना। गज्जने साहिपति साहिपनाह ॥
छं० ॥ ६७ ॥

कवित्त ॥ इति अरदास लष दई। जैत गौरी सुबिहानं ॥
ग्रब्ब गमार पुंडीरी। सीस लग्गी असमानं ॥
अवसि मास आसोज। दैव अष्टमि गुरवारं।
पूजि मिसह जालंधि। संग सब्बै परिवारं ॥
इह घात साहि सुबिहान कों। नन्दै सुप बढ़िय कही ॥
बरजंक अचानक रचि बल। तबहि साह से मुष गही ॥छं०॥६८॥

आश्विन की नौ दुर्गा में धीर का देवी पूजने जाना।

गरजि मेघ निंबरिय। सरद सरवरिय अहन्निय॥
जल थल न्निम्मल निज। अकास बह वास अवन्निय॥

हंस वंस सारस सबद्द । कंकोलि कु कंद्दे ॥
सलित सरोवर सन । म्रजाद अमृत कर चंद्दे ॥
रति नद्दय नौमि जहह सुदिय । जल जलह पूजन विहँसि ॥
सिद्धा न सिद्ध करि चंद सुभ्र । अंवह रिपु पारस परसि ॥
छं० ॥ ६९ ॥

धीर का व्रत से पैदल चलना।

दूहा ॥ सूर तेज अति सरद कौ । आगम चढ़े विराज ॥
जालंधर वर परसने । बोल पुवंतर काज ॥ छं० ॥ ७० ॥

कवित्त ॥ चल्ल्यौ लै निज ब्रत्त । जात जालप्प जलप्पिय ॥
प्राय चलत उविहान । पान भोनह तजि तप्पिय ॥
धीर हार इक वार । भूमि संथाह सधारिय ॥
मौंन धारि जप सार । धूप दीपह पुज्जारिय ॥
सामंत अमंतन जानि कै । सकै न दुप टारन दइय ॥
इह दुष्ट कष्ट निज सेव कहुं । जानि जननि प्रग्गट भइय ॥छं०॥७१॥

जालंधरी देवी का धीर को स्वप्न में सूचना देना कि शाह के भेजे हुए गुप्त दूत तुझे पकड़ने आरहे हैं।

निसा मद्धि मातंग । बोल समधीर सु वत्तिय ॥
चोंडराय पामार । साहि संमुह लिपि पत्तिय ॥
अट्ट सहस गप्परी । धीर पकरन तो पट्ठिय ॥
गुपत तेग गहि गोप । भेष कप्पर करि लट्ठिय ॥
पय पय सु तुझ्झ संकट हरौं । बोल बोल सानिध करौं ॥
इम कहत देवि अप्रछन्न हो । तो प्रयज भ्रा सम धरौं ॥छं०॥७२॥

सप्तमी शुक्रवार को धीर का जलंधरी देवी के स्थान पर पहुंच कर पूजन और दान करना।

दिन सुक्रह सत्तमिय । जाय जालंधर पत्तिय ॥
दान न्हान परमान । थान थानह करि अत्तिय ॥

तहं हिंदू वर मुसलमान । लष्प विप्र सुआवहि ॥
जवनिक कुल छत्री । कुलाल षोड़स मिलि धावहि ॥
जानै न कोइ नर भर चपति । प्रवत लग्गि पारस पर्यौ ॥
कोटन सु कोट भंडार भरि । घन सु द्रव्य हाहुलि भर्यौ ॥
छं० ॥ ७३ ॥

जैत प्रमार और हाडा हम्मीर की शाह प्रति सूचना ।

दूहा ॥ तब लिष्यौ कपट कग्गर करह । जैत पमार हमीर ॥
बोल्यौ बोल अचग्गरौ । तिन पकरायौ धीर ॥ छं० ॥ ७४ ॥
गहिय पानि कहि साहि इस । कोइ क्षर मीर मलिक्क ॥
धीरहि गहि आनै निजरि । साहब लह सो सक्क ॥ छं० ॥ ७५ ॥

शाह के धीर के पकड़ लाने का बीडा रखना और गष्षर लोगों का बीड़ा उठाना ।

कवित्त ॥ दिए पान सुरतान । लिए आरिष्य हथ्थ धरि ॥
कहै साहि साहाब । जियत ल्यावहु सु बंधि कर ॥
अट्ठ सहस गष्षरी । नेग गहि चढ़े तुरत्तह ॥
संक न मानौ जाइ । धीर बैठौ बिन मत्तह ॥
संदेस कहौ पुंडीर सों । चलि रावत नहिं संक जरि ॥
तब वेढलेउ चिहु पासु तें । लै आवहु वेसास करि ॥
छं० ॥ ७६ ॥

उक्त गष्षरों का योगी के भेष में जालंधरी देवी के स्थान पर धीर के पास जाना ।

तक्यौ साहि गज्जनै । धीर जालंधर जत्तह ॥
सहस अट्ठ गष्षरिय । भेष करि कप्पर रत्तह ॥
गहि आनौ छल बल । पुंडीर राइ चंद कुम्मारह ॥
कर कगार लिखदिये । भेद राजैत पमारह ॥

तारन तुंग साधक्क सकल । मनों मौन मूरत रचिय ॥
गुन गुपत हथ्थ गुपती धरिय । भुगति मंगि जोगिय हँसिय ॥
छं० ॥ ७७ ॥

छद्म वेषधारी योगियों का धीर से भिक्षा मांगना ।

दूहा ॥ धीर निकट ठाढे भये । कपट हेत सहरूप ॥
जोरि हथ्थ तिन विन्नयौ । भुगति देहि हम भूप ॥ छं० ७८ ॥

गष्षर लोगों का धीर को घेर का गजनी लेचलना ।

कवित्त ॥ सिंध विहथ्थें आव । नाव नगलि उत्तरिय ॥
आनि तथ्थ गजराज । ढाल मभ्भों वैसारिय ॥
अट्ठ सहस गष्षरी । अट्ठ दिसि सेवा सारत ॥
इम आवै भर धीर । रथ्थ वैठौ जनु पारथ ॥
प्रजलोक देह देहह दुनी । दिष्षन भर धर उंमही ॥
जानै कि इन्द्र सुख विष्षनह । उलटि मोर नग उंमही ॥
छं० ॥ ७९ ॥

धीर का गजनी पहुंचना और नगर निवासियों का कौतुक से उसे देखना ।

पद्धरी ॥ आरोहि गज्ज पुंडीर धीर । लै चलै घेरि गष्षर गहीर ॥
गष्षरी सहस अट्ठह प्रमान । नाषिच विंटि सविता समान ॥
छं० ॥ ८० ॥

मुक्क विवाह चिन्हाव धाय । उत्तर्यौ सिंध जोजन सवाय ॥
सव लोक सिंध मंडल जु रेस । दिष्षनह धीर वीरत वरेस ॥
छं० ॥ ८१ ॥

द्वादसह भान मुष प्रगटि जोति । निय उंच थान वहु प्रात होत ॥
कै कहै साहि हनि है कंधानि । दै है सु प्रगट कै कहै दान ॥
छं० ॥ ८२ ॥

इन भंति सहर गज्जन सपत्त । वंदियन विरद आसिष्ष दत्त ॥
संकरह हेम तोलह चिसत्त । निय पाय कढ्ढि किय धीर दत्त ॥
छं० ॥ ८३ ॥

जसु दान डक्कि गज्जन सु देस । इम पत्त द्वार असुरह नरेस ॥
उम्मरा मीर सब मिले आय । दिष्षनह धीर पैजह पराइ ॥
छं० ॥ ८४ ॥

जालीन मध्य देषै हुरम्म । दिषि रूप धीर सुक्कै सरम्म ॥
पुंडीर आइ दरवार चाहि । गज्जनी लोक कौतिग नमाइ ॥
छं० ॥ ८५ ॥

राजद्वार पर दर्शकों की भारी भीड़ होना और गष्षर सरदार का शाह से धीर की गिरफ्तारी का हाल वर्णन करना।

कवित्त ॥ गज्जन वासी लोक । केक पर दिष्षन आइय ॥
चंद पुत्त मुष चंद । कुंद सष जानि सधाइय ॥
मीर मलिक उंमरा । भीर मत्ती दरवारह ॥
ठाम न लब्भै कोइ । ताहि पिष्षन भर भारह ॥
अचरिज्ज भयौ सब सहर में । जब आयौ दरवार क्रम ॥
पुच्छै जु साहि जब धीर सों । बै विरद्द लिन्ना विषम ॥छं०॥८६॥
सुगति देन कहि भूप । इच्छ कप्परी जु तुम कहु ॥
निसा आदि एक लौ । पूजि मूरति सब तुम कहु ॥
बोलि मंगि सहु सिद्ध । फेरि दीनौ हुंकारौ ॥
ठाम ठाम संग्रहिय । फेरि धरियौ धुत्तारौ ॥
जो जनवि पंच उग्यौ अरक । तपत सिंधु सिंधि उत्तरिय ॥
द्वादसी दिवस द्वादस सकल । साहि धीर इक्कत करिय॥छं०॥८७॥

धीर के पकड़े जाने का समाचार चारों ओर फैलना। धीर के षवास "वैजल" का अधीर होकर अन्न जल छोड़ देना॥

कुंडलिया ॥ दह दह कोह दहत्त विन । फिरि फट्टी पुकार ॥
बर षवास लंघन करिय । पानी पन्न अहार ॥

पानी पन्न अहार। धीर सुरतान थान गय ॥
जाम देव गप्परह। भइय आवाज साद भय ॥
मिलिय पलक दरबार। दुनिम लग्गी दर सोह ॥
गो सु पुरह गज्जनै। किरिति फट्टी दह कोह ॥ ८८ ॥

वैजल पवास का स्वप्न देखना।

कवित्त ॥ घालि रष्यौ पुंडीर। धीर धीरत्ति न रुष्यं ॥
पग पोलंत विहथ्य। सिद्ध चोवद्दिसि दिष्यं ॥
जाम देव गष्पह नरिंद। मंच छल सिर पटि नष्यं ॥
तत्तारह पुंडीर। सेछ सिरदार न भष्यं ॥
उप्पारि लियौ सुरतान पै। धीर न धीरत्तव डुलं ॥
मंनि हाम चंद चंदह तनौ। छल विचारि पग्गन षुलं ॥
छं० ॥ ८९ ॥

गहत धीर पावास। संत चरनंनि अरि रुद्धी ॥
तीन सहस विच एक। सीस गुपती आलुद्धी ॥
निसा मद्धि चमचमी। रीस झारी तन भग्गौ ॥
कूट वज्र भष त्रुटि। धाय सह परवत लग्गौ ॥
सत अद्ध कोस वाहत सुवर। फिरि पच्छी आइय उकति ॥
पावास चंद पुंडीर रपि। प्रात उड्ग्गन तजहि भति ॥ छं० ॥ ९० ॥

दूहा ॥ विपय वास वेंजल सुवर। तन सोइ दिपि भय भार ॥
दिवि नरिंद लंघन करै। पानी पान अधार ॥
छं० ॥ ९१ ॥

हम सहम्म ढिल्लिय सहर। गहन धीर सुरतान ॥
ज़ट्ट सुपन विपरीत तय। वडव बंछ कंधान ॥ छं० ॥ ९२ ॥

तत्तारखां का धीर से कहना कि तूने यह क्या प्रतिज्ञा की।

कवित्त ॥ मिलि पलक षान पट्टान। साह सभा भरि मंडे ॥
तहं सुधीर पुंडीर। आय उत्तर कर छंडे ॥
वे अदान नादान। धात भजै धप लग्गी ॥
जंग रंग चह आन। देस देस घन लग्गी ॥

गामी गमार पुंडीर कुल। वाप भखेरा पुच वट॥
सुरतान षान दिट्टान दिट्ट। कित कुरान चिंते [1]सुचट॥छं०॥९३॥

शाह का सुपना।

सुनौ षान तत्तार। साह लद्धौ सुपनौ निसि॥
है गै निधि चतुरंग। चिंति राजस तामस विधि॥
बर बंधे गजपति नरिंद। बोल बहु उच्चारें॥
वह वह करि उच्चरिय। षग्ग अरियन सिर झारे॥
विप्रीत सुपन बानिक्क हुअ। कर बंधे न्रप बत्त बर॥
सोचयौ सुपन अंहि डिंभरू। बर बंधत छुट्टे वि भर॥
छं०॥९४॥

दर्शकों का बिचारना कि देखें हिन्दू कैदी को शाह क्या सजा देता है।

हरमहार सिंगार। गोष जालौ दिसि जहै॥
षलक षान उम्महिय। साहि हिंदू हुअ बद्दे॥
कौतूहल आलम उदार। दल बद्दल उन्ने॥
हनै कि छंडै साहि। चढी चिंता चित दूनें॥
करतार जाहि रष्षे करां। ताहि रोम बट्टै कवन॥
रहिमान राम बट्टै कछू। ताहि निमष रष्षै कवन॥ छं०॥९५॥

कवि की उक्ति कि मारनेहारे से रखनेवाला बड़ा है।

दूहा॥ मारै जाहि रमा सु बर। तिनह न रष्षै कोइ॥
रषनहारो राम जिन। मारि न सक्कै कोइ॥छं०॥९६॥

एक आपत्तिग्रस्त हिरन की कथा।

कवित्त॥ एन एक आरन्य। चरन पारद्धिय दिष्षिय॥
ता पछ औसर पाई। फंद पारद्धिय षंचिय॥

---

(१) ए. को. सुचंड।

दिस दच्छिन कूकरन। करत घुर घुग्ग सिंह सम ॥
उत्तर दिसा असाध। दंग लग्गौ करार दम ॥
चिहु दिसा रुकि आरिष्ट चव। कहां जान पावै हिरन ॥
तिहि वार एण इम उच्चर्‌यौ। मो गुपाल रष्यहु सरन ॥छं०॥९७॥
अनल उट्ठि आघात। अनल उड़ि फंद दहे तिन ॥
तव वलाह वरसंत। वुझ्झयौ दावानल सो वन ॥
स्वान होत सनमुष्य। धये जंवुक लगि पुट्ठै ॥
जात देषि मृगराज। रीस करि पारधि रुट्ठै ॥
तानंत धनुष गुन तुट्टयौ। चल्यौ एन विन संक मन ॥
करुना निधान रष्यन करहि। ताहि मारि सक्कै कवन॥छं०॥९८॥
दूहा॥ रष्यन हारो राम जिन करि गाये इहि भांति ॥
वधिक सिचाना वधि रये। पारापति दंपत्ति ॥
छं० ॥ ९९ ॥

कवि का कहना कि मरने वाले को कोई बचा नहीं सकता और इस विषय पर जयद्रथ की मृत्यु का प्रमाण।

भुजंगी॥ नवंदून रष्यं जयं जैतरथ्यं। तहां अप्प अग्गया धरं तंत रथ्यं।
नवं दून षोहं निषंडी अचीनी। मिले पंड कुरषेत जैजरथ रंनी॥
छं० ॥ १०० ॥
करी पैज पारथ्थ जैजरथ वंधं। तिनं रष्यनं जाय जैजरथ सिंधं॥
कियं अग्गिहारी दछिची छितानं। तियं पुट्ठि चोनं दिसा पूरि वानं॥
छं० ॥ १०१ ॥
भरं भूरि सरना रथं रथ्थ थानं। दरं दूस दुरसासनं मुष्पि वानं॥
गजं गाज जल सिंधुता पुट्ठि ओपै। कृतं जास जुद्ध ब्रतं लोक लोपै॥
छं० ॥ १०२ ॥
दिसी दिस्सि वानं समानं सुदेहं। मानों वाल प्रोढ़ा सुनारी सुनेहं॥
अयं तथ्य सारथ्य देवकि पूतं। हनै जुद्ध जैजरथ उडि सीस वित्तं॥
छं० ॥ १०३ ॥

इते षंषनी साजि जैजघ्य भष्षै। वधै देव कौ ताहि हरि देव रष्षै ॥
इतै वीर विश्वास करि धीर बोल्यौ। पछै पंषनी साथ जैजरथ तोल्यौ ॥
छं० ॥ १०४ ॥

शाह का धीर से कहना कि प्राण का मोह करने वाला क्षत्री सच्चा नहीं है।

दूहा ॥ मिले धीर पुंडीर वर। वर गोरी सुरतान।
बोलि बीरवर धीर कौं। चित सालें चहुआन ॥छं०॥१०५॥

कवित्त ॥ सें पुच्छै सुरतान। अवे तूं चंदह नंदन ॥
तोहि विरद इम कहै। अप्प वर वैर निकंदन ॥
अवसानह संकरै। जीव रावत जो वंचइ ॥
ता जननिय को दोस। मरत षची जौ संचइय ॥
इह जीभ हाड वाहिर पिसुन। एतौ झूठ न झंषियै ॥
कहुं धीर लाज कारन कवन। प्रान राषि पति मुक्कियै ॥
छं० ॥ १०६ ॥

धीर का उत्तर देना कि मेरा जीवन अपनी पैज निर्वाह के लिये है।

न से षग्ग संग्रहयौ। न मे सिगिंनि कर मंचिय ॥
नहुं टार्‍यौ टंकुर्‍यौ। पति लग्गत तन संचिय ॥
टर्‍यौ सु हूं जोगिंद्र जानि। धीर धीरं तन गहयौ ॥
चाव दिसि बिंटयौ। षुंदि षुंदहि मन रहयौ ॥
बुल्ल्यौ जु बोल चहुआन सौं। सो न बोल छंडै हियौ ॥
गहि साहि हथ्थ अप्पन कह्यौ। ताहि पैल कारन जियौ ॥
छं० ॥ १०७ ॥

बादशाह बचन।

पत्ति पैज संसही। पैज पति ही सौं बंधी ॥
पत्ति सरन पति मरन। सूर पति पति सौं संधी ॥

पति रत्तन संसार। गयौ पति हथ्थ न आवै॥
कोटि वत्त जो करै। पत्ति लच्छी वल गावै॥
पति गये मरन दीनै नही। सो पति तन किम संग्रहै॥
आदर सु पत्ति दीजै जगत। ते पति रन संग्रहि रहै॥छं०॥१०८॥

धीर पुंडीर बचन।

है पत्ति पत्ति कुपत्ति। सही पति मो धीरह धरि॥
धरी जु अधरी होंहि। सही पति तेह होइ नरि॥
इही काज है पत्ति। धीर बोल्यौ परमानं॥
कंक वंक करि साहि। कह्यौ वंधन चहुआनं॥
रीस सम संम अच्छिर लिषी। मैं अरि वंधन साम उर॥
करतार हथ्थ केती कला। तौ करौं पत्ति संची सु धर॥छं०॥१०९॥

बादशाह बचन।

सुनत आप सुरतान। धीर चंदो नहि चुक्कै॥
जो दरोग पुंडीर। घाहि गोरी गहि मुक्कै॥
सुद्ध जुद्ध संग्राम। षेत षुरसान पिसावहि॥
ता दिन धार हिस्सार। कोट चंदह तन पावहि॥
धीर नाम ता दिन लहौ। कहहि काम आपर कहहि॥
राजान काज पुंडीर न्रप। च्यार दिसा वंध्यौ रहहि॥छं०॥११०॥

धीर पुंडीर बचन।

पैंज काज पारथ्थ। नाथ दुरजोधन भंज्यौ॥
पैंज काज श्री राम। लंक दसकंधर गंज्यौ॥
पैंज काज श्री क्रष्ण। कंस मथुरा महि मार्‍यौ॥
पैंज कज वलिराय। रूप बामन करि गार्‍यौ॥
हुं पैंज काज बंधन सहिस। तुम बंधन चष्षे नही॥
ज्यौं तेल नीव वपु तिलछही। ते साहि इसी बत्ती कही॥छं०॥१११॥

बादशाह बचन ।

धीर नाम तुहि धरिग । धीर रन होय तो जानौ ॥
भरनि चंड धर संड । नयन दिट्ठ सुलतानौ ॥
नेज अग्र धज अग्र । अग्र बंबरि ढाहानी ॥
अग्र बान कम्मान । पंष बिद्धहि दीवानी ॥
जंबूर नारि हय नारि घन । धन अग्राज फुट्टै अगा ॥
हक्का हहक्क फुट्टै हिया । तब न कोय लग्गै सगा ॥छं०॥११२॥

धीर पुंडीर बचन ।

तं दीठी तिहि बेर । साहि तत्तार न सग्गा ॥
बजि अग्राज जंबूर । छोरि षुरसानी भग्गा ॥
अप्पानी घर बत्त । मत्त ओही तूं जानै ॥
जे दद्धौ होंहि दूध । फूंकि सों मही असानैं ॥
हों धीर धीर पग मंडिहौं । जो तुम परषन पग मंडिहौं ॥
मृगराज हाक ज्यौं मृग्गनिय । यों देषत सत छंडिहौं ॥
छं० ॥ ११३ ॥

सोई सेर जिहि सेर । भरकि कुंभी कुंभ भंजै ॥
सोई सेर जिहि सेर । गाज अप्पन बल गंजै ॥
सोई सैर जिहि सेर । पुंछ पटकत धर कंपै ॥
सोई सेर जिहि सेर । देव दानव जिय चंपै ॥
सोइ सेर साहि गहिकर करन । अजापुत्त जिम आनिहौं ॥
मुष बोल सास जो धीर हिय । तो पकरि लेउं सुरतान हौं ॥
छं० ॥ ११४ ॥

बादशाह बचन ।

फुनि जंपै सुलतान । धीर तैं झूठो बोल्यौ ॥
किन सायर थाहयौ । मेर किन हथ्थह ठेल्यौ ॥
किने हर संग्रह्यौ । किने सपन धन पायौ ॥
कौन सिंघ सो छुच्छि । पेलि जीवत घर आयौ ॥

सुलतान दीन साहाब सों। एतो झूठत तूं कहहि ॥
जिहि सोत फेर हथ्थी फिरहि। किम सु साहि जीवत गहहि ॥
छं० ॥ ११५ ॥

धीर पुंडीर बचन।

जो विषधर विष अधिक। तौ गरूड़ सौं ग्रव्वस मंडय ॥
जो गल्ल गज्जै सिंघ। तौ कोरि कुंजर बन छंडय ॥
जो घन सघन मिलंत। तौ पवने परचंड निकंदय ॥
जो पसरहि रवि किरन। तौ कुह फट्टय धग वंद्य ॥
जो राह चंपि चंदह गहहि। तो का ताराएन रष्पनौ ॥
जद्दिनह साहि चहुआन रन। तद्दिन धीर परष्पनौ ॥
छं० ॥ ११६ ॥

बादशाह बचन।

वे हिंदू के कुफर। बोल भी कुफरे कड्डै ॥
गांमी गल्ह गमार। रोस अपनौ ना छंडै ॥
वंधि लिया बलहीन। मरन को काहे चाहै।
जब उंदर जम ग्रहै। गुरव सों लत्ता वाहै ॥
पैज पटंतर सब सही। जब कछु देषि दिषाइयै ॥
हुं हूं करंत अप्पन मुषै। रासभ ओपम गाइयै ॥
छं० ॥ ११७ ॥

धीर पुंडीर बचन।

रवि न उगै अथ्थवै। चंद चंदनो ना छंडै ॥
क्रोड़ करकै उड़। बसुह बासग भरु छंडै ॥
पवन थक्कि थिर रहैं। अरु जलधिहि जल षुट्टै ॥
मेर डरै डग मगै। धूअ तुट्टै रवि छुट्टै ॥
जौ ना जियत साहहिं गहौं। जौ न षग्ग पारौं रवरि ॥
तौ बोल धीर धरनी षिसै। बसै न हर अंगह गवरि ॥
छं० ॥ ११८ ॥

बादशाह बचन।

बे हिंदू नादान। साहि पावस पल्लान्यो ॥
है गै घंट निसान। नाग मुक्तिन घर जान्यौ ॥
हम हमीर हलबलै। करे द्रिगपाल दसों दिसि ॥
कमठ विसट होय पिट्ठ। डिट्ठ ठढ कोल इला धसि ॥
हाकंत हक्क कंपै भवन। तहां तूं मो सम्हौ भिरै ॥
आदान बंध हिंदू सहर। गल्हां करि सिद्धे चरै ॥ छं० ॥ ११९ ॥

धीर पुंडीर बचन।

कहै धीर सुलतान। बात संभरि इक मेरी ॥
तो अग्गें में बहुत। गल्ह अष्षी बहुतेरी ॥
बयना बल बंधिया। बयन रहसी संसारा ॥
तबहि हक्क बज्जसी। सब जानसी जहारा ॥
आवड्ड साहि सन्नाह कसि। षग्ग मार मचायहों ॥
गहि साहि आन चहुआन पै। बंदर जेम नचायहों ॥छं०॥१२०।

बादशाह बचन।

तब गोरी सु बिहान। धीर पुचछै सुमत्ति कल ॥
देव द्रष्ट बंधिहै। मंच बंधिहैं कि संसल ॥
छलकि प्राण बंधिहै। सपन बंधै सुबिहानं ॥
देव केव अवतार। हास बंधन परमानं ॥
बंधिहै बंधि रसनह सुबल। सच बंधन जो छुट्टि है ॥
को मंच बीर आरिष्ट बल। कै भूत फिरस्ता घुट्टिहै ॥छं०॥१२१॥

धरी पुंडीर बचन।

उदर ताम उच्छरय। जामे वसि परि न बिलारह ॥
मच्छताम तरफरय। जा मनह रुध्य उजारह ॥
गंवर ताम गड्डवय। जा मनह केहरि गज्जय ॥
हिरन फालतां करय। जा मनहि चीतौ सज्जय ॥

सुमेर ताम गरु अत्तनह । जब न हनू गह्न करि कटय ॥
अस मस समूह दल तब्ब बल । जब न धीर पप्पर चढ़य ॥
छं० ॥ १२२ ॥

बादशाह वचन ।

रे धीर झुँठ चिंतवत । सेस लभ्भै न अंनि पर ॥
दस सत फंन समूह । जीह विय विंब वीय चर ॥
मरद जु मुष्ष उच्चरै । जु कछु मग्गै भर भीरं ॥
तिनं साह कों थाप । डरै अब बंधन धीरं ॥
हम कहुं अधर वट्टे वढग । वढिग मीर मीरां करसि ॥
जम हथ्थ परै जो छुट्टिहो । तौ सामि वचन करिहौ परसि ॥
छं० ॥ १२३ ॥

धीर पुंडीर बचन ।

कहै धीर सुलतान । आन जल्लाल साहितौ ॥
जब ढाला ढींचाल । माल उथ्याल देषिमौ ॥
आषाढां डंडूर । तुट्टि तरवर तन पत्तिय ॥
उड्डि सेन जल जेम । रेनि घल्लो गल वध्धिय ॥
जिहि तेज तुंग लोगहि तरनि । जनु अयास फट्टै किरनि ॥
दैवाह द्रुग्ग मत्तह भिरन । जन विसासि हिंदू नरन ॥
छं० ॥ १२४ ॥

बादशाह बचन ।

ढिल्लिय ढाहि अवास । पकरि चहुआनह दंडों ॥
मोरों मत्त गयंद । सज्जि सब सेन विहंडों ॥
चौरासी मंडली बंधि । अप्पन घर आनौ ॥
बैरावत सुनि बात । पैज़ अप्पन परवानौ ॥
सुरतान कहै साहाब दी । षिनक गुसामन महि धरों ॥
गढ़ भूमि वंक तौ ढाहि करि । रनवासौ घर घर करौं ॥
छं० ॥ १२५ ॥

धीर पुंडीर वचन ।

गज्जि लेउं गज्जनौ । सार सुरतान विहंडौं ॥
मारौं मेछ ससद । टेक मनमहि नहिं छंडौं ॥
करौं जंग जल्लाल । हाल देषै तुहि अष्पिनि ॥
नचहि बीर वेताल । छुद्द पूरौं पसु पंषिनि ॥
बट्टौं जु पहुमि पंजर षलन । वलह अप्प कह सुष कहौं ॥
इह सच्च रंच झुट्ठिय नहीं । तौ पति सुपंच मभझह लहौं ॥
छं० ॥ १२६ ॥

बादशाह वचन ।

गर जँजीर संकरिय । पाय वेरी को कट्टइ ॥
षनि न गड्डि, गड्डियहि । तेज वल सबें निघट्टइ ॥
तुहि धीरंतन नाम । पान पीपर ज्यो डुल्लहि ॥
लज्जहीन हिन लज्ज । बचन फुनि फुनि कहि बुल्लहि ॥
जितोंब कालिह ढिल्लिय नयर । ससर न को संमुह रहय ॥
सुरतान कहै साहाब दी । तब पयज्ज किम न्निब्बहय ॥छं०॥१२७॥

धीर पुंडीर वचन ।

तोरों तरपि जँजीर । थाट मोरों साहन तुत्र ॥
मोहि वचन नहिं टरहि । गंग नहिं बहै अटल धुत्र ॥
कीर भार उच्चरहि । सात सायरनि दिगंतर ॥
बरुन बयन पिट्टियहि । काल पिष्पियहि निरंतर ॥
पुंडीर धीर इम उच्चरय । कोंन झूठ झंषै वयन ॥
गहि प्रातिसाहि राजन अपों । इह चरिच पिष्षौं नयन ॥
छं० ॥ १२८ ॥

बादशाह बचन ।

वे हिंदू नादान । बोल बौलै सिर पष्षै ॥
कौं ढंकै असमान । कोंन सायर मुष भष्षै ॥
किनें पवन झिल्लिया । किनें गहि बासग नथ्था ॥

किन जमरा जित्तिया। किनें कंद्रप्प सुमथ्था॥
वडा जु बोल मुषन्ह निया। इता बोल सिर पर धरैं॥
सुलतान कहै पुंडीर सुभि। इह क्यों ही पूरी परै॥
छं०॥ १२९॥

धीर पुंडीर वचन।

घन अंबर ढंकिया। अस्ति सायर सुष पिन्ना॥
योग पवन झलिया। किसन गहि बासग लिन्ना॥
गोरष जम जित्तिया। हनू कंद्रप्प न लग्गा॥
हुवि अग्गै सुलितान। भिड़े कोई दिन भग्गा॥
चहुआन साहि दिनई समर। सजि चतुरंगम चढ्ढयौ॥
अथ्थाह नीर ढीमर जिसें। सुमीन तनी पृरि कढ्ढयौ॥
छं०॥ १३०॥

बादशाह वचन।

हालै हसम हमीर। कीट हिंदू दल षुदों॥
आन साहि जल्लाल। जोर जोगिनिपुर रुद्दों॥
वेकुसाब आसा गमार। गरुअत्तन गामिय॥
बोलांही रावत्त। थंभ फट्टै वहु नास्थिय॥
आहत्त घात आमिष्य जिम। ग्रामी ग्रव कट्टों रसें॥
मति नसै प्रान रष्षै पुरिस। छची छल छंडै हसैं॥
छं०॥ १३१॥

धीर पुंडीर वचन।

छल छंडै सुरतान। बलनु छंडयौ जिंहि बंधौ॥
जीय रष्यौ पतिसाह। जियत पति साहह संधौ॥
तन रष्यो तजि टेक। तेग रष्यो षुदि आलम॥
जव ढंकों करिवार। ढोल लग्गौ सुष लालन।
जल जात घात रष्षै जलै। दूध विनट्टौ दूध हिय॥
लजनीय साहि गज्जन मनह। धीर पयंपै अरथ विय॥छं०॥१३२॥

बादशाह बचन।

जे दरिया उत्तरिग। पलह पडुरे न कल्लय॥
जोगिनि वर गंजरिग। पवन पन्नरे न हल्लय॥
जिन भैरूं भरमंत। ते डरें डंकनी न डक्कं॥
जिन पंचाइन धक्क। ते जाहिं जंबुक्क न हक्कं॥
हों गोरी नरिंद दैवान गति। नंद पुंडीर न चंद सुत्र॥
सामंत लाप सथ्थं मिलय। सहै न साहस अप्प सुत्र॥छं०॥१३३॥

धीर पुंडीर वचन।

सोई पारथ भारथी। नमें निकस्यौ मुष का बनि॥
सोइ किस्न करतार। दुक्यौ स निडर गल्हावनि॥
सोई सूर बलसूर। राह गलि जाय गहंतह॥
सोई ग्राह गजराज। चक्र करि हन्यौ श्रिकंतह॥
मति करै साहि मन गर्व तुत्र। छिति नाम जोहै छत्रिय॥
निर बीर पहुमि कबहूं नहीं। बडां बडेरी बसु मतिय॥
छं० ॥ १३४ ॥

बोल बोलि चहुआन। बचन सी बचन पल्लट्टौं॥
फुनि हम चढ्ढि पुंडीर। तोरि तासह नहि मिट्टों॥
तीन लाष उमराव। सहस संभरि सत्तरि वै॥
इह जानि जोनि यान। करै सरहन सब नर वै॥
गज अगंज भूपति सरन। गोरी सयन निघट्टिहों॥
इम कहै धीर सुरतान सौं। बाउ बहंतौ कढ्ढिहौं॥छं०॥१३५॥

हों दरोग जो कहौं। सूर उग्गै पच्छिम दिसि॥
हों दरोग जो कहौं। ईद उग्गमे कुहु निसि॥
हों दरोग जो कहौं। बयन चुक्कै दुरवासा॥
हौं दरोग जो कहौं। बोल बोलै बिन सासा॥
बोले सुधीर जो बोल मुष। तो पाहन रेषा सरिस॥
पतिसाह हथ्थ साहौं नहीं। तौ चंद पुत्त जायौ न अस॥
छं० ॥ १३६ ॥

बादशाह बचन ।

इह दरोग बोलंत । परै द्रो जिग चंदानी ॥
इह दरोग बोलंत । सेन हंसिहै सुलतानी ॥
इह दरोग बोलंत । लाज छुट्टै पति घट्टै ॥
इह दरोग बसि जीह । लीह षंचै सब सट्टै ॥
वड्डा न बोल वड्डा कहै । चाड परंतह जानियै ॥
धावंत धीर से धावनौ । ते रावत वष्यानियै ॥ छं० ॥ १३७ ॥

धीर की बातें सुनकर तत्तार खां का तलवार की मूठ पर हाथ रखना ।

सुनै बोल सुलतान । धीर संमु जे सद्दिय ॥
वे काजे हाजुर । गमार नाजुर द्वै बद्दिय ॥
तपित षान तत्तार । मुट्ठि तत्तार सु संगिय ॥
षंचि क्रन्न आवरन । दिट्ठ सुरतान जु ढिग्गिय ॥
त्रिय करै दरस आलम चरित । मुहि सु(१)चच वचा वगसि ॥
आनंद चंद वचा इहां । सुनि सु गल्ह लग्गै रहसि ॥
छं० ॥ १३८ ॥

तत्तार खां बचन ।

एही गल्ह सुनंत । गाल फारो लगि कन्ना ॥
एही गल्ह सुनंत । षाल कड्ढौ दुहु दन्ना ॥
एही गल्ह सुनंत । प्रान कड्ढौ अप्पानिय ॥
एह रम्य आरम्य । द्रोह लग्गै सु विहानिय ॥
आदिट्ठ पिट्ठ हिंदू अहं । कै छुरान गड्ढी गलां ॥
चढ़ि तुरकवान हिंदुवान दिसि । हल सहाय कीजै हलां ॥
छं० ॥ १३९ ॥

(१) ए.-सच्च ।

धीर पुंडीर बचन ।

वे कायर बल हीन । पकरि सिंगिनि क्या तोलै ॥
वे ततार गामी गमार । साहि अग्गैं क्यौं बोलै ॥
अग्गैं आउ मेदान । ज्वान मरदुन मुष जोरहि ॥
जानि अजा गहि सिंघ । हाड़ पवनं तन तोरहि ॥
कोतिग्ग साहि आलम निजर । षेत भंजि भूकौ करौं ॥
दस षान और तुम दब्बिलै । में चंद बचा तुमतें डरौं ॥छं०॥१४०॥

तत्तारखां बचन ।

अरे धीर नादान । बोल बोले बरबंके ॥
चढ़त साहि साहाब । दीन तीनो पुर संके ॥
तुम पतंग जड़ जीव । क्यों सुदिग पालन मोरे ॥
अति क्रूरौ जो चना । होइ पब्बय फुनि फोरे ॥
बोलियहि बोल अप्पां सरिस । वे म्रजाद बचनह न कहि ॥
करि रहम साहि रष्षै तुझै । नतरु षबरि अबही लहहि ॥छं०॥१४१॥

धीर पुंडीर बचन ।

कहै धीर तत्तार । षान सुनि बत्त हमारी ॥
चढत साहि साहाब । दीन को सहै सहारी ॥
हों सुधीर पुंडीर । एक लष्षा दह जानों ॥
तुम देखत हरि साहिं । सेन समुह सु भानौ ॥
तुम तुरक मान हिन्दुअ सु हम । हम तुम पटंतर कहौं ॥
हम परत स्वामि परहथ परें । तुम परहथ जीवत रहौं ॥छं०॥१४२॥

तत्तार खां का कुपित होकर धीर पर तलवार उठाना और शाह का हाथ धर लेना ।

हाला हल किय नेंन । हथ्थ तत्तार पयारह ॥
छीन लिये सुरतान । रोस देषंत अपारह ॥

या वुड्ढें या वुड्ढ । याहि छंडै जु वड़ाइय ॥
पुछैं पां पुरसान । अंग औसाफ चढ़ाइय ॥
आदांन वंध हिंदू इहां । झुट्टाई सच्चा करहु ॥
पट्टाय चंद वच्चा घरां । पच्छैहो चंपौ धरहु ॥

छं० ॥ १४३ ॥

धीर पुंडीर वचन ।

जे जीवहि अंग मैं । सही ते जमहि न भग्गै ॥
जे कामहि मह मह्हे । लहकि ते कुलहि न लग्गै ॥
जे स्वारथ संदेस । देह द्रप्पै न परप्पै ॥
जे जोगह जंगमैं । नेह नारी न निरप्पै ॥
डव्यौ न साहि डंवर डरनि अंमर लगि हक्कों सयन ॥
सो धीर नाम ब्रह्मह धरिग । चंद पुत्त जम्महु भय न ॥

छं० ॥ १४४ ॥

बादशाह का धीर के बल की परीक्षा के लिये उसे उत्कर्ष देना और धीर का वृक्ष उखाड़ना ।

साहिवदी सुरतान । कहत पुंडीर धीर सुनि ॥
धात पंभ में संग । फोरि तैसो वल करि फुनि ॥
मुह अग्गै दरखत । पान इहि वंधत हथ्थिय ॥
सो नंषो उपारि । जोर दिष्षै सब सथ्थिय ॥
हनुमान लंक जिम चंदसुत । बढि गुमान हिमगिरि सिखर ॥
धक धूनि बथ्थ भरि हथ्थ गहि । जर समेत षेजर उपरि ॥

छं० ॥ १४५ ॥

शाह का धीर से कहना कि मांग जो मांगना हो ।

दूहा ॥ षूब षूब सुरतान कहि । षूब धीर बल तुझ्झ ॥
मंगि मंगि जो मंगना । सोब समप्पौं तुझ्झ ॥

छं० ॥ १४६ ॥

स्लोक ॥ यावत् दरिद्री सोपि । यावत् साहि न द्रष्टया ॥
लिलाट लिखितं धाता । दारिद्रनो पलायते ॥ छं० ॥ १४७ ॥

धीर का कहना कि मुझे किसी बात की भूख नहीं केवल तुझे पकडना चाहता हूं ।

कवित्त ॥ ज दिन जननि हौं जनिग । त दिन बाजे बहु वज्जिग ॥
तद्दिन बंस पुंडीर । बिरद बानै सुहि सज्जिग ॥
तद्दिन मान महंत । तद्दिन पट्टी लिषि हथ्थह ॥
तद्दिन गाम कुठ्ठार । राव रावत मुहि सथ्थह ॥
असपत्ति सेन दल गंजि हौं । धीर नाम तादिन लहौं ॥
बासन पसाव तादिन लहौं । जबहि साहि जीवत गहौं ॥
छं० ॥ १४८ ॥

बादशाह बचन ।

चंद नंद मति मंद । तोहि परतीत हियै यह ॥
आसानी असपत्ति । जुद्ध करि कै लैहुं गहि ॥
जुद्ध करत जौ मुऔ । मोज इह किन कों दिज्जै ॥
इह संसार निरास । आस छिनह्न नह किज्जै ॥
न्वपनंद निद्धि न विगड जड । सो जल्ल की जल मे रहिय ॥
करतार मौज रोजी करत । इह मनुष्ष हथ्थह नहिय ॥
छं० ॥ १४९ ॥

धीर पुंडीर बचन ।

जब लगि पंजर सास । आस तब लगि ना छंडौं ॥
जब लगि हियै हुंकार । साहि दल बल करि षंडौं ॥
जब लगि कर पग जोर । मानि मच्छर नह मेलौं ॥
जो काया कायंम । ठाट साहिब क्रम टेलौं ॥
सुलतान षान उमराव सह । गह गहिये गुर गाहिहौं ॥
इहि हस्त हथ्थि भंजे हलक । सही साहि तो साहिहौं ॥
छं० ॥ १५० ॥

शाह का धीर को सिरोपाव और निज का घोड़ा देना।

तब हँसिय साहि सुरतान। उंच सिरपाव मँगायौ ॥
जो सुरतानह पाट। तुरिय सोई पञ्च नायौ ॥
राग वाग पष्पर सलेत। तही तुरत निवाज्यौ ॥
पन्यौ निसानन घाव। जानि विय भद्रव गाज्यौ ॥
चौदह सै गैंवर गुरहि। सहजहि सेन समूह दल ॥
सुरतान कहै साहावदी। अब किन सज्जसि आव बल ॥
छं० ॥ १५१ ॥

धीर का घोड़े पर चढ़ कर कहना कि इसी घोड़ पर से तुझे पकडूंगा।

जपौ तुरी चढ़ि संच। वीर चवदह सें हथ्यह ॥
मन ग्रब्ब पुंडीर। साहि ग्रहिहों से हथ्यह ॥
विहारो गज जूह। सुंड मुंडन महि पिट्टों ॥
तीन लष्य सत्तरि। सहस करिवर वर कट्टों ॥
जित्तेव अब्ब हिंदू तुरक। भिरों वहक्कि पचारि रन ॥
पुंडीर धीर इम उचरै। मम संकहि सुरतान मन ॥ छं०॥१५२॥

शाह का कहना कि तू चल मैं भी तेरे पीछे आया।

तेक दीन कब्बाय। तुंग तेजीं दह वाहिय॥
जर जीना संजोइ। रेसरय सनमुप छाइय ॥
लै हिंदू आदान। जाय चंगा पब्बाइय॥
हों आयौ तो पच्छ। लष्य लोहा सम्हाइय ॥
सल्लाम आलि आलम करि। सामंता सब्बां कहौ ॥
जंगाह राज बज्जै भरां। तुम राकी कानी रहौ ॥ छं० ॥ १५३ ॥

धीर पुंडीर बचन।

जेते जिते कवाइ। साहि मोंदी में हथ्यहि ॥
वे हिंदुअ वे मुसलमान। कथ्थां वे कथ्यहि ॥

जे झुट्टा सच्चाव । साहि जो जंग न नंचा ॥
जो जंग न नंचिया । तो साहि झुट्टा में सच्चा ॥
अप्पाह बोल बप्पां हलै । अप्पां बोल सु हथ्थियया ॥
चंगोह चंद बच्चा बचन । इह सलाम करि कथ्थियया ॥छं०॥१५४॥

धीर पुंडीर को पान देकर विदा करने के बाद शाह का देश देश को परवाने भेज कर सहायक बुलाना और चढ़ाई की तैयारी करना ।

धीर हथ्थ दिय पान । षान षुरसान निसानह ॥
कदलि वास कैलास । रोह ठट्टे फरमानह ॥
हबस रूम गष्परिय । भोज भष्पर भर भारिय ॥
अंग कुलंग तिलंग । देस नंदन निरवारिय ॥
जल्लाल दीन नंदन नवल । सुनि अवाज इहि निज रुकिय ॥
पुंडीर धीर पच्छै पहर । मिलि मिलान जोजंन दिय ॥छं०॥१५५॥

धीर हथ्थ दिय पान । पच्छ निसान जु सद्दे ॥
षान तेग तत्तार । तरपि कस उप्पर बद्दे ॥
दह दीहा आलंम । गंभ गंभीर उपट्टे ॥
जाने बद्दल उत्तरा । देस दच्छिन पुर छुट्टे ॥
आडंड षंड जोगिन पुरां । धरि लग्गी संभरि धरा ॥
प्रथिराज देव उप्परि दपत । इह हल्ली यह बेघरा ॥छं०॥ १५६ ॥

शाह की सुसज्जित सेना की चैत्रमास से उपमा वर्णन।

सज्जि फौज सुरतान । अग्ग माधव रिति जानिय ॥
यच लता वैरष्य । पहुप जंडा सनमानिय ॥
छच नूत मंजरि समान । ढाल नव व्रष्य पवन हलि ॥
गज्जि गहर नीसान । जोर जल्लाल उमड़ि चलि ॥
सजि फौज मंत गरजंत अग । मनहु पवन बद्दल हलिय ॥
कहि चंद बंद बरदाइ बर । देषि धीर मन भइ रलिय ॥छं०॥१५७॥

घरीय तीन रवि चढ़िय । चढ्यौ गोरी नरिंद बल ॥
रत्त डंड संदूक । रत्त धज चोंर साहि पर ॥
रत्त गजनि गज झंप । रत्त वैरष वर टोपं ॥
अग्गै षान रतौ सनाह । रंग रनवी वर ओपं ॥
ओपम एह कविचंद कहि । देषि सुवर सुलितान वर ॥
षह जीत राह रवि सरस हुअ । मनों जत्त किय भोम वर ॥
छं० ॥ १५८ ॥

शाही सेना का आतंक वर्णन ।

चलत रेन रवि लुक्कि । चक्क चक्की चष ढरयौ ॥
सेस भार कलमल्यौ । कुंभ आरंभरि डरयौ ॥
सरिता जल सुक्कयौ । नीर साहन नहि पुरयौ ॥
हय हय हय उचरंत । चक्क चक्को विसु चरयौ ॥
अंधियार भयौ वासुर असत । दिसा विदिसि सुभ्भै न तह ॥
साहावदीन चालंत दल । डरहि राय ग्रत मंडलह ॥ छं० ॥ १५९ ॥

शाह के कूच के समय अशकुन होना और तत्तार खां का कूच बंद करने को कहना ।

भुजंगी॥ चढ्यौ साहि आलंम तें चित्त दूनी । मिली वाट वाराह नौद्धार सूनी ॥
रथं मिच नीचं फिकारंत फेकी । उडी ग्रद्ध पच्छं मनों मोन केकी ॥
छं० ॥ १६० ॥
लरी मग्ग मंजार द्वै सहस जनी । परी बूंद आकास तें श्रोन दूनी ॥
चढ्यौ उंट फेकौ फिकारंत केसं । सितं चीर नारी सु मुष्पं उदेसं ॥
छं० ॥ १६१ ॥
पर्यौ पंजरी कोक पूके पुरानं । जरौ लोह भट्ठी सुदेखी सुरानं ॥
गह्यौ वग्ग फेरी ततारं सुभाई । रहौ आज दीहं जमाराति सांई ॥
छं० ॥ १६२ ॥
पठं पै जपै गँवरां निवारी । कहै देव देवंग रब्बं पहारीं ॥
मनं मति छंडी विमासं अधारी । रच्यौ षेल मंडी सु क्रीला विहारी ॥
छं० ॥ १६३ ॥

दहं रोज रोजं करौ बंध बंधी। लरैं ऐन चहुआन सो स्वामि सद्धी॥
इला एक अल्ला तनी आलि छंडौ। दई एक देहं तनौ तीन पंडौ॥
छं० ॥ १९४ ॥

शाह का कहना कि वह परवरदिगार सब जगह पर है फिर शकुन अशकुन क्या?

कवित्त॥ सुनौ षान तत्तार। तेग सद्दै सुष सद्दा॥
जो कर इक्क तनीय। रोजगारो नफजंदा॥
वली अली आदंम। पैन पैगंवर कीनो॥
वे भूले तुम जान। किसव जिन तेग न लीनो॥
पल्लटे भेष छंडौ दुनी। षरस पीर हाजुर निजर॥
गज नेज साह गोरी घरां। करि निवाज वंदहु सफर॥छं०॥१९५॥

जहां पीर पर सिद्ध। बंग जिहि ठाम न दिज्जिय॥
जहां मुसाफ नह पठय। कतेब कुतवा नव चिज्जय॥
जहां सुनाहि कुरान। नही महजिद धर पर किन॥
परै न गाय लिज्जै। षुदाय रेजा करि वारन॥
जहां हुकम नाहिं काजी करत। तुरकनि षनि गड्डिय जहां॥
सुरतान कहै साहाबदी। सो जिहान हमकों कहां॥छं०१९६॥

शाह का मीरा शाह के समय की घटना का प्रमाण देना एवं मीरा शाह का संवाद वर्णन।

रोसन अली फकीर। गसा रमता अजमेरं॥
दही मोल ले चषत। हुआ षट्टा दिय फेरं॥
गुज्जरियां पुक्कार। जाय दरबार सितावं॥
हडी भिंटी गुनहि। काटि अंगुरि बिन ज्वावं॥
मक्कां सु जाइ फिरियाद करि। मीरां सैद हुसेन अग॥
नौयति षुदाय मद्दत करन। इह अष्षिय मन धरि उमग॥
॥ छं० ॥ १९७ ॥

दूहा ॥ मरना जाना हक्क हैं । जुग रहैगी गल्हां ॥
सा पुरसों का जीवना । थोड़ाई हैं भल्लां ॥ छं० ॥ १६८ ॥

मुसलमानी लश्कर का सौदागरों के भेष में अजमेर आना ।

भुजंगी ॥ कहै दीन कज्ज परस्से कुरानं । करीं रद्द मद्दं सबैं हिंदवानं ॥
नमै पीर पैगंबरे थान मक्कां । रहा वन्न नामं जुगं च्यार चक्का ॥
॥ छं० ॥ १६९ ॥

दिनं सत्त हूते सु बीवाह अड्डे । करं कंकनं सेहरा बंधि चड्डै ॥
तनंमंन एकं चोआलीस यारं । चले संग सौदागिरं रूपधारं ॥
॥ छं० ॥ १७० ॥

जलं पंथ के अछ अच्छे उतंगा । पुलै नाव ज्यों तीर वेगं विहंगा ॥
दरब्बाफ जरदोज जरकस्स झूलं । रहै नेंक चष्पं ढकै मष्पतूलं ॥
॥ छं० ॥ १७१ ॥

इसे अश्व लीये धरा हिंदवानं । दियौ आय डेरा अजम्मेर थानं ॥
दरब्बार जाए कह्यौ मीर पोरं । सनंमुष्प उभ्भै रहे हथ्थ जोरं ॥
॥ छं० ॥ १७२ ॥

हयं हेरि ल्यायौ पंधाई सुगड्डं । रवी अर्थ कै कन्ह दधि मथ्थि कड्डं ॥
सुनै कन्न आना महीपत्ति आयं । सबें छोरि फेरें तुरंगा दिपाय ॥
॥ छं० ॥ १७३ ॥

षुरी ए वियांचा बकी राह गीरं । रहव्वाल चल्लै न हल्लै सरीरं ॥
दमानंक कूदंत नाचंत थालं । निरष्षे परष्षे हरष्षे भुआलं ॥
॥ छं० ॥ १७४ ॥

मुहं मंगि दामं करे कौल बोलं । लिहे पंच सें हैवरं हेरि मोलं ॥
जमा जोरि मंडै सवा लष्प दामं । लिये कागदं कायथं अंक तामं ॥
॥ छं० ॥ १७५ ॥

करे छाप आपं बुलाए हजूरं । सनंमान चहुआन रष्षै गरूरं ॥
गयो संभरीनाथ दै हथ्थ बीरा । करे चूक सक्कौ नहीं तथ्थ मीरा ॥
॥ छं० ॥ १७६ ॥

अजैपाल जोगी करामात अग्गं । उठे हथ्थ नाहीं मनों कीनि नग्गं ॥
निवाजं गुदारे दियं बंग जब्बं । गये देव हिंदून के भज्जि तब्बं ॥
॥ छं० ॥ १७७ ॥

करं काफरं जो इहां मौत दीजै । मस्हूरत्ति कीनी दही पीर हौजै ॥
तिन कारनं अप्पने हथ्थ अप्पं । कटे सीस वेगं चलो पुट्टि धप्पं ॥
॥ छं० ॥ १७८ ॥

इलल्ला महम्मंद रस्सूल इल्ला । कलम्मा पढ़ै जोर किन्नो सुकीला ॥
मिले आप में सं मुषं दस्त चूँमें । इसे सेर ज्वानं भयै दोइ पुम्मै ॥
॥ छं० ॥ १७९ ॥

तिनं षिज्जि बिज्जू जिसी तेग कढ्ढीं । चमक्के घरंको चरं सहस अड्ढी ॥
॥ छं० ॥ १८० ॥

कवित्त ॥ चौआलीसों यार । कढ्ढि नंगी समसेरं ॥
कर कढ्ढे सिर अप्प । चढें बिंटली सुरमेरं ॥
हिंदू मूसलमान । जुरत हय गय घन पायल ॥
चहुआन आना नरिंद । जीति उम्भौ अजरायल ॥
कटि लीन भिन्न होइ मीर परि । अमर रषिऔ साफ धर ॥
तहि थान आय दरवेस इक । ढवाज मोंनदी बंधि घर ॥
॥ छं० ॥ १८१ ॥

सवासेर दिन मान । आनि तहं पुहप उछारत ॥
रज कंकर करि दूर । धूर हड्डियां बुहारत ॥
जमाराति दै सुपन । मीर इह कीन हुकंमं ॥
तुम ऊपर चढ्ढि है । सवामन सदा कुसंमं ॥
अजमेर पीर तुम प्रगट हो । कितक दिवस के अंतरै ॥
हिँदवान पान घटिहै अवनि । इहन कोल हम परत रै ॥ छं० ॥ १८२ ॥

उक्त संबाद सुनाकर शाह का कहना कि दिल को मजबूत करो और चलो ।

दूहा ॥ इहसु कथा कहि साहि सों । फुनि अष्पिय तत्तार ॥
कायर पन मन छंडि दै । धीर पकरि गहि सार ॥ छं० ॥ १८३ ॥

तत्तार का मोरचे बंदी से आगे कूच करना और एक पड़ाव के फासले से बराबर धीर के पीछे पीछे चलना।

कवित्त ॥ तू आतुर पतसाहि । हाम हिंदू सामंतां ॥
जोरा सों ज्यौं जक्क । वघघ छंडै धावंतां ॥
मे ँ मंतां सुलतान । मुझ्झ मुलताना मेला ॥
करि मेला भंडार । जंग होइहै सुप षेला ।
टिल्ला पहार ठट्टा टिला । वट्ट निहट्टा वह्यियै ॥
कोटाह कोट सा सिंधु तिय । इम हिन्दू दल सिह्यियै ॥
॥ छं० ॥ १८४ ॥

जल जोवन साहाव । दीन सुलतान दुरंगे ॥
किए कूच पर कूच । कुरँग तारीय कुरंगे ॥
जथ्य रेनि रहै धीर । दीह तहां सोहसु अच्छै ॥
वर वेली पुंडीर । साहि फल पच्छै पच्छै ॥
आवाज वज्जि दिल्ली सहर । यह पुकार पहकिया ॥
राजोह माम पंचो दिहां । अहां धीर गहकिया ॥ छं० ॥ १८५ ॥

धीर पुंडीर के वापिस आने की खबर दिल्ली में होना दर्शकों की भीड़ होना और धीर को देखकर राजा का प्रसन्न होना।

ग्रह आप्पनां छंडि । राजग्रह धीर धवंदा ॥
ढा ढिल्ली रालोय । ताहि देखन आवंदा ॥
निय नीचानी नेन । वमन उँचा उच्चारां ॥
जा लग्गानी अग्गि । जीह जंपी पुक्कारां ॥
दरबार राज भर भीर घन । मन उलास भेथ्यो धनी ॥
भुअ भंग दुःष दुःषांह गत । जनो कि नाग लद्दी मनी ॥
छं० ॥ १८६ ॥

दूहा ॥ सासंता मंतां अमत । का चिंता इत वारि ॥
उट्ठि न सिर संमुह सहय । लज्जा विरद्दां भार ॥ छं० ॥ १८७ ॥

भुजंगी ॥ पाधरे दीह सा चाहुआनं । सिरं उच्च बज्जे सु भेरी निसानं॥
राम साह की नंदिनी । वडगुज्जरि वानी वरनि ॥
ता पाछै पद्मावती । जादवनी जोरी परनि ॥ छं० ॥ १ ॥

राय धन की कुंअरि । दुति जसुगौरी सुकहियै ॥
कछवाही पज्जूनि । भ्रात वलिभद्र सुलहियै ॥
जा पाछै पुंडीरि । चंद नंदनी सुगायव ॥
ससि वरना सुंदरी । अवर हंसावति पायव ॥
देवासी सोलंकनी । सारँग की पुत्री प्रगट ॥
पंगानी संजोगता । इतें राज महिला सुपट ॥ छं० ॥ २ ॥

भिन्न भिन्न रानियों से विवाह करने के वर्ष ।

पद्धरी ॥ ग्यारहै वरस प्रथिराज तांम । परनियै जाय परिहार ठांम ॥
पुहकर सुथान जोरी सुकिन्न । नाहर सुषेत परिसुता लिन्न ॥
छं० ॥ ३ ॥

वारमै वरस रा सलख सोय । दिन्नी सुआय इंछनी लोय ॥
आबू सुतोरि चालुक्क गंज्जि । किन्नौ सुव्याह परिभाव भंजि ॥
छं० ॥ ४ ॥

तेरहैं बरस दाहिमी व्यहि । दिन्नी सुवहिन चामंड चाय ॥
चवदमै बरस प्रिथिराज लोय । व्याही सुसुता हम्मीर सोय ॥
छं० ॥ ५ ॥
हाहुलि हमीर सुतिलक्क दिन्न । कन्या सुव्याहि उद्वार किन्न ॥
पन्द्रमै वरस चहुआन वीर । वडगुज्जरि परने अति गहीर ॥
छं० ॥ ६ ॥
राम साहि की सुता जानि । व्याहे सुन्नपति अति हेत मानि ॥
सोलहैं बरस सूबा सँपेस । व्याहे सुजाय पूरब्ब देस ॥
छं० ॥ ७ ॥
गढ समद सिषर जादव पजाय। लिन्नी सुतारूनि विहंसेन षाय
सत्रमै वरस हुआन साजि । राय धन की सुता गिरदेव गाजि ॥
छं० ॥ ८ ॥
अठारमैं बरस चहुआन चाहि । कछवाह वीर पज्जून व्याहि।
इक मात उदर धनिगरभ सोय । वलिभद्र कुंअर जापै सदोय ॥
छं० ॥ ९ ॥
बरसें गुनीस पुंडीरि व्याहि । चन्द की सुता सुष चन्द चाहि ॥
बीसमें बरस चहुआन धारि । ससिबरता व्याये वल बकारि ॥
छं० ॥ १० ॥
इकइमें बरस संभरि नरेस । हंसावति व्याये गंजि देस ॥
बाईसैं बरस प्रिथीराज पूर । सारंग सुता व्याहे सुसूर ॥
छं० ॥ ११ ॥
छत्तीस बरस पट मास लोय । पंगानि सुता व्याये सुसोय ॥
रट्ठौरि व्याय चौसठि मराय । पंचास लाष अरिदल षपाय ॥
छं० ॥ १२ ॥

इति श्रीकविचन्दविरचिते पृथ्वीराजरासके प्रथिराज विवाह नाम पैंसाठमो प्रस्ताव सम्पूर्णम् ॥ ६५ ॥

बड़ी लड़ाई रो प्रस्ताव लिख्यते ।

[छाछठवां समय]

रावल समर सिंह जी का स्वप्न में एक सुन्दरी को देख कर उससे पूछना कि तू कौन है और उसका उत्तर देना कि मैं दिल्लीराज्य की राजश्री हूं ।

दूहा ॥ विक्रमत सुख दिन प्रति नवल । चित्रकोट चतुरंग ॥
सुपनंतर लषि सुन्दरी । सेत वस्त्र मन भंग ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ प्रथा कंत करि प्रेम । जाम इक रही रजन्निय ॥
निद्रा रावर समर । पेषि चहुआन अवन्निय ॥
उज्जल वस्त्र पवित्र । षिनक रोवै षिन गावै ॥
षिनक लियै भर भीर । षिनक अप्पह संतावै ॥
नरलोइ देव देवंगना । तू रंभा कहि कित रहै ॥
पहु अच्छ वधू वीरहतनी । को तन गोरी संग्रहै ॥
छं० ॥ २ ॥

रावलजी का पृथा से कहना कि अब पृथ्वीराज पकड़ा जायगा और दिल्ली पर मुसल्मानों का राज्य स्थापित होगा ।

तब जग्गयौ पृथनाथ । सुपन लद्धौ सु विचारिय ॥
कह्यौ प्रिया एकंत । सुपन पायौ अकरारिय ॥
दिल्ली पति गजनेस । करे कंदल धर सट्टै ॥
पकरै जब प्रथिराज । तबह गोरी तन तुट्टै ॥

जोगिनी ग्रहै भंजै सुधर। रेनसीह साको करै॥
म्लेछांह म्लेछ धर भोगवै। इह निहंच हम उच्चरै॥
छं० ॥ ३॥

रावल जी का अपने पुत्र रतनसिंह को राज्य देकर निगम बोध की यात्रा के लिये तैयार होना।

दूहा॥ सभा करी रावर समर। बैठे सूर सवान॥
निगम बोध भेटन सुतिथ। चलियै दिल्ली थान॥
छं० ॥ ४॥

चित्रकोट गढ पट्ट कज। रावल पुत्र रतंन॥
निट्ठ सु रष्षिय हट्ठ करि। घन प्रमोधि परिजंन॥
छं० ॥ ५॥

कवित्त॥ समर सिंघ निज पट्ट। थप्पि रावल रतंनं॥
दोहित्तौ सोमेस। अनष भरि कुंभ करन्नं॥
दष्षिन दिसि संक्रमिय। मिलि यह बसी पति साहं॥
बिडुर नयर दिय पटे। रहिय अनुचरि तिहि ठाहं॥
वीराधि बीर बज्जाय षग। हनिय वन्न तन करि उतन॥
इह सुपन रयनि लहि चंद कहि। चलि पुमानगढ क॥
छं० ॥ ६॥

रावल जी का अपने मातहत रावतों को इकट्ठा करके देवराज को गढ रक्षा पर छोड़ना और पृथा सहित आप निगम बोध को कूच करना।

दूहा॥ सुरज कोट गढ पौलि सजि। नालि गोलि चिहुं दीस॥
तीरंदाज अभूल भर। रषि चोकी अहनीस॥
छं० ॥ ७॥

षटकोस परिमान गढ। उरध प्रयुल बाव॥
सजल सरोवर कुंड भरि। झिरना झरन सुहाव॥
छं० ॥ ८॥

कवित्त ॥ तिहि वेरां तिहि काल। करै कग्गर चावद्दिसि ॥
अट्ठगढ जालौर। गए आमद बूंदी दिसि ॥
ईडर गढ गोडवारि। धरा उज्जैन धरज्जिय ॥
रिनथंभोर दुराद। सांढि चढि तेरह तज्जिय ॥
पव्वेर जौनि मिलहैं पवंग। साज बाज सब दिष्षियै ॥
नीसान घाव वज्जे निहसि। कौंन चितोरह रष्षियै ॥

छं० ॥ ९ ॥

रष्षि थान देवराज। गढ़ चित्रकोट भलायौ ॥
सत्त सहस असवार। अट्ठ ग्रह जाप करायौ ॥
किय डेरा दश कोस। प्रिथा लीनी अप सथ्यह ॥
स्वाति सुकल पष तीज। चल्यौ रावर मनु पथ्यह ॥
छय सहस सथ्य असवार हुअ। प्रस्थानौ अप्पन करयौ ॥
दस दिवस रष्षि प्रस्थान तें। दारें फौजें रह संचर्यौ ॥

छं० ॥ १० ॥

रावल जी की तैयारी और उनकी सेना के हाथी घोड़ों की सजावट का वर्णन।

पद्धरी। सजि चल्यो कटक रावर नरिंद। मानो कि पथ्य दुरजोध इंद ॥
पंचास हत्थि सुंडाल सथ्य। मैंमत्त चलैं जनु इन्द्र पथ्य ॥

छं० ॥ ११ ॥

उम्भारि सुंड क्रीडंत तेह। मानों कि नाग वन सहत षेह ॥
गढ़ पारि झारि पाहोर गंम। गुंजरे भौंर पठ रत्ति कुम्भ ॥

छं० ॥ १२ ॥

पगयंभ फवै तन मेर रूप। सुंडाल सेस तिन चढे भूप ॥
उप्पंम चंद किरनाल जोति। नव जटित नवग्रह ज्ञानि द्योति ॥

छं० ॥ १३ ॥

गिर झरन जा मद स्रवत जात। धज नेज कुम्भ घुघ्घर घुरात ॥
पट डोरि कसन गजवाग साहि। उपरस्स झूल झमकंत ताहि ॥

छं० ॥ १४ ॥

ढाले सिंदूर सीसह सुलाल। मनु स्याम कूट डारी गुलाल।
तिन देषि शत्रु होवत बिहाल। अरिथट्ट भंजनह रूप काल॥
छं० ॥ १५ ॥

आतस चरिच अनभंग थान। गज थट्ट थट्ट गिरि चले जानि॥
तिन पुट्टि तुरी पष्षर समेत। रथ सूर जानि आने सुहेत॥
छं० ॥ १६ ॥

उंचास भास परवत समान। ढिल्लै पहार छत्तिय प्रमान॥
षरगोस मधय पुट्ठीं सरोज। आछादि वस्च अनेक मौज॥
छं० ॥ १७ ॥

घरि एक पलक पल प्रान पील। नाचंत नट मानों असील॥
हाकंत सबद छुट्टंत वाय। हुंकरत तेज मुट्ठी समाय॥
छं० ॥ १८ ॥

(१)अपंम जरित नग जीन जोति। मानों कि सिद्ध उर प्रगटि द्योत॥
पष्षर समत जगमग पलान। मानों कि सघन महि डग्गि भान॥
छं० ॥ १९ ॥

तुरकी ऐराक कच्छी बँगाल। हनसीय गोल नाचंत काल॥
ताजी सँग्राम ते धुंधमार। पुज्जै न वान मानै न सार॥
छं० ॥ २० ॥

अनेक जाति अनेक रूप। तिन चढ़े दिग्गवर जाति भूप॥
मानों समंद सरिता हिलोर। मिलि आय जानि बरषा सजोर॥
छं० ॥ २१ ॥

सजि समर फौज अप्पह समान। मानहु अषाढ़ जलहर प्रमान॥
* * * * * * * * छं० ॥२२॥

कवित्त॥ है षुररज उच्छलिय। तिमिर विफुरिय धुंध पर॥
तरनि रंग रस मिलिय। घोर घुघ्घरिय रुहिर सर॥
चष्ष जुअल संजरिय। कमल उल्लसिय विमल जल॥
पथिक पयंबल लटिय। मथन घस नेह तुभक्क दल॥

(१) को.-उपंम।

जोवंति सिंघ अरिदल दसन । नह सुज्झै करमाल कर ॥
टल टलिय परिय कंपिय सघन । समर पयाना रंभ भर ॥
छं० ॥ २३ ॥

रावलजी का आंबेर में डेरा डालना और जुव्वन गढ़ के रावत रनधीर का रावलजी का लश्कर लूटने को धावा करना ।

कूच कूच करि पैर । प्रथा डोला दोइ सथ्थह ॥
सत्त एक वाजिच । चले उमराव समथ्थह ॥
किय डेरा आंमेर । कोस दोइ उप्पर कढ्ढिय ॥
सहस तीस दोइ सथ्थ । जुव्वन गढ़ रायां हट्टिय ॥
किन कही वत्त रावर समर । इह राजा चीतौर पति ।
तब कही वत्त रन धीर भर । इह अलोच किज्जै सुमति ॥
छं० ॥ २४ ॥

दूहा ॥ समर सिंघ रावर न्वपति । कटक लैहु सब घेरि ॥
जो सद्दौ चीतोर पति । तो डेरा आंबेर ॥ छं० ॥ २५ ॥
हुई[1] कूह हलहल हुई । छुटि गयंद मै मत्त ॥
मानों प्रव्वत [2]धन सिपर । चले फौज अनुरत्त ॥ छं० ॥ २६ ॥

विराज ॥ चढ्यौ संगि वाजं । रिनं धीर राजं ॥
करी फौज अग्गं । इला मग्ग भग्गं ॥ छं० ॥ २७ ॥
अनंसी जुवानं । पंचै तोन बानं ॥
हुए हीस वाजं । चवंदिस्सि गाजं ॥ छं० ॥ २८ ॥
मनों अग्ग होरी । दिसा संधि धोरी ॥
चढै अप्प अप्पं । मनों सिद्ध दप्पं ॥ छं० ॥ २९ ॥
बजे पग्ग रालं । उड़ै दब्बि नालं ॥
मनों तुट्ठि तारं । लग्यौ सेस भारं ॥ छं० ॥ ३० ॥
षहं लग्गि बानं । दव्यौ धूरि भारं ॥
बजे सूर साजं । गयनं सु गाजं ॥ छं० ॥ ३१ ॥

(१) मो.-कूह । (२) कृ. ए.-धन ।

करे फौज तीनं । अगं चित्त दीनं ॥
घटा बंधि फौजं । धरा लेन मौजं ॥ छं० ॥ ३२ ॥

उक्त समाचार पाकर रावलजी का निज सेना सम्हालना ।

दूहा ॥ षबरि भई रावर समर । दोर्‌यौ पट्टन राय ॥
सह्यौ पहु प्रथिराज की । ज्यौं चित्रकोट सुभाइ ॥ छं० ॥ ३३ ॥
कह्यौ आइ रावर समर । तब सिर लग्गी झार ॥
को रनधीरह बप्पुरौ । मो सों मंडै आल ॥ छं० ॥ ३४ ॥
फौज फौज सिलहों सजी । । पह गज्जे घनघोर ॥
कुरिय अप्प रावर चढ्यौ । भयौ कुलाहल सोर ॥ छं० ॥ ३५ ॥
छुट्टे षंभू थान ते । चले मत्त गजराज ॥
दधि फटक्कि फट्टक्कि गगन । उलटि सुभट जुध साज ॥ छं० ॥३६॥

रनधीर का अपनी सेना को चक्रव्यूह रच कर रावलजी की सेना को घेर लेना ।

कवित्त ॥ चक्रव्यूह रन धीर । सहस दस बीस दोय सजि ॥
आडंबर बहु करिय । मनों पल्लव भद्रव गजि ॥
दंति सहस बर मत्त । फिरै चावद्दिसि बिंध्यौ ॥
चित्रकोट कन्हा नरिंद । जानि जस सों जम जुध्यौ ॥
दंताल देत लग्गा भिरन । मानो कट्ट कवार किय ॥
बिच फौज रुक्कि रनधीर मुष । जानि बाज तीतर परिय ॥
छं० ॥ ३७ ॥

रावलमीर रनधीर का युद्ध, रनधीर का मारा जाना ।

भुजंगी ॥ उठे वीर [1]बद्द बके थान थानं । जगी जोग माया सुरं अप्प मानं ॥
जगे भूत वेताल भूसाल पद्दं । भिरे एक जामं बिहद्दं सु हद्दं ॥
छं० ॥ ३८ ॥
बजे तार रनतूर षग्गं उतंगं । तिनं वेर कन्हं रमै रोस रंगं ॥
षलक्कंत ओनं बहै रत्त धारं । सिरं छुथ्थ ईसं उड़ै तुट्टि सारं ॥
छं० ॥ ३९ ॥

---

(१) मो.- वद्द ।

हलक्कंत ढूढंत नंचैं कबंधं । खड़क्कंत बज्जंत छुट्टंत संधं ॥
¹हलक्कंत लुट्टंत तुट्टंत सूरं । झुकंते मुकंते दोऊ बथ्थ भूरं ॥
छं० ॥ ४० ॥

दड़क्कंत दीसंत पीसंत दंतं । करी कन्ह बोली परे सूर पंतं ॥
गयौ कन्ह चालुक्क अग्गें उतंगं । रिनं धीर बाही लगे कंध पग्गं ॥
छं० ॥ ४१ ॥

लगी नाग सुप्पी छती पुट्टि फारे । पर्‌यौ धीर षेतं सु चंदं उचारे ॥
परे सेन चालुक्क सथ्थं समथ्थं । भरें अच्छरी आनि अन्नेक रथ्थं
छं० ॥ ४२ ॥

कँन्हा आय सुर्हा लग्यौ धार भारं । परे सत्त तोपार चिंतोर सारं ॥
परे चालुक्कं सेन थट्टं सुघट्टं । परे सत्त तीनं वियं पानि लुट्टं ॥
छं० ॥ ४३ ॥

कवित्त ॥ पर्‌यौ सथ्थ रनधीर । भंजि सेना चालुक्की ॥
तीन सत्त धर परे । जानि लग्गी तन लुक्की ॥
लीध्यौ रन सीसोद । कन्ह पट्टे बंधायं ॥
प्रथा कंत हुअ जैत । सषी सुगतान बंधायं ॥
दं दास सथ्थ अप्पन सुपर । बीस रोज मुक्काम किय ॥
जिन घाव अंग लग्गे भरन । तिनह सीप चित्रकोट दिय ॥
छं० ॥ ४४ ॥

संयोगिता के प्रधान का रावलजी को दस कोस की पेशवाई देकर लेना और निगम बोध पर डेरा देना ।

कन्ह लयौ अपसथ्थ । चले दरकूच महाभर ॥
कुसल हुई सब सथ्थ । गयौ जोगिन प्रथ्थावर ॥
संजोगिता प्रधान । आय संमुह दस कोसह ॥
कोस पंच सामंत । पुच्छि परिगह आलोचह ॥

(१) ए. कृ. को.-हलक्कंत ।

डेरा कराय तीरथ्थ तट। निगम बोध सें थ्यौ तबह ॥
सुत्तिय बधायौ थाल भरि। करि आनँद ईंछिनि जबह ॥
छं० ॥ ४५ ॥

रावलजी का सब आदर सत्कार होना परंतु पृथ्वीराज तक उनकी अवाई की खबर तक न होना।

खई प्रथा मधि राज। सुधि न पाई प्रथिराजह ॥
तीन सत्त सुभ नारि। सषी मनसुत्ति सु साजह ॥
संजोगित परधान। दियौ सीधौ उमरावह ॥
सत्त तीन भरि छाब। चली कनवज्जनि धावह ॥
चौडोल केक रथके अरुहि। बहिल केक तुरियन चढिय ॥
मानौं कि देव इंद्रानि लै। रूप भाग सबगुन बढिय ॥
छं० ॥ ४६ ॥

संयोगिता के यहां से दासियों का रावलजी के डेरे पर भोजन पान लेकर जाना।

दूहा ॥ करि मंजन रंजन बहुल। सुरँग अगर घन सार ॥
नवला अंजित नयन जुग। कनक षंभ मनितार ॥ छं० ॥४७॥
वस्त्र अनेक सुरंग तन। दमनक [1]साथह लाय ॥
जरि जेहरि पाइन जरिय। सजि भूषन षोड़साय ॥ छं० ॥ ४८ ॥
लघ,नराज॥ रजंत भूषनं तनं। अलक्क छुट्टयं मनं ॥
सुचंद सुष्य रागिनी। मनो बदन्न नागिनी ॥ छं० ॥ ४९ ॥
उवट्टनं स उज्जलं। सुरंग रत्ति मज्जलं ॥
सुधा सुसेत दिष्षही। सु रोमराइ पिष्षही ॥ छं० ॥ ५० ॥

(१) ए. कृ. को.-साषह।

मनों कि गंग भारथी। सुभान चक्क सारथी ॥
अभंपनं विराजयं। अद्दंत गत्ति साजयं ॥ छं० ॥ ५१ ॥
मगं जराइ जेहरं। मनों कि मद्द सेहरं ॥
गढीस लग्ग सथ्यही। सुपिंड पानि रथ्यही ॥ छं० ॥ ५२ ॥
सुलेपना सु कट्टयं। अगं सु राज घट्टयं ॥
अद्दं नपित्र मंडयं। दुकेत राह छंडयं ॥ छं० ॥ ५३ ॥
जुहार कंठ सुभ्भई। सु मेर गंग पुभ्भई ॥
बैरष्प बाहु बंधयं। सु साप सेस गंधयं ॥ छं० ॥ ५४ ॥
जरित्त चूरि फुंदिनी। सुमेर ज्यौँ फुनंदिनी ॥
विराज कंठ दोवरं। कि गंग मेर ओदरं ॥ छं० ॥ ५५ ॥
सुरप्प गुंथि वेनियं। कि दीपमाल रेनियं ॥
दरप्प अट्ठ अट्ठयं। सवक्क हंस तट्टयं ॥ छं० ॥ ५६ ॥
चढी चौडोल अंबरं। मनों कि मेघ घुम्मरं ॥
चली सु अग्ग पच्छयं। इंद्रानि जानि कच्छयं ॥ छं० ॥ ५७ ॥
पचीस छाव अंबरं। असीस मुक्कली भरं ॥
मिष्टान छाव सट्टयं। अनेक रंग मिट्टयं ॥ छं० ॥ ५८ ॥
बतीस भांति मंसयं। सु सादि सुद्ध अंसयं ॥
सुरंभ तीस कट्टयं। कपूर भार पट्टयं ॥ छं० ॥ ५९ ॥
जवादि केसरं सुरं। पलं सु सत्त अंतरं ॥
हजार तीन हूनयं। बतीस छाव दूनयं ॥ छं० ॥ ६० ॥
पँचास सत्त छप्पियं। कपूर पान डब्बियं ॥
जराव जेव सट्टयं। जैचंद पुत्ति पट्टयं ॥ छं० ॥ ६१ ॥

दासियों का रावल जी से संयोगिता की असीस और शिष्टाचार कहना।

दूहा ॥ सषी सकल उत्तरि चली। पंकति करि सब सथ्थ ॥
छच धर्‌यौ चित्तोर पति। आय षडी रहि तथ्थ ॥ छं० ॥ ६२ ॥
गाथा ॥ संजोगिता असीसं। मुकलियं राज चित्रकोटं ॥
अति सनमान जगीसं। आइयं भाग अम्हाई ॥ छं० ॥ ६३ ॥

शवलजी का सखियों का आदर करना और उनसे पृथ्वीराज का हाल चाल पूछना।

दूहा ॥ आदर सषी अनंत किय। कहौ दिल्लियपति बत्त ॥
चार मास संजोगि ग्रह। [1]सुष विलसै नित प्रत्त ॥ छं०॥ ६४ ॥

सखियों का शवलजी को मितीवार सब बीतक सुनाना।

कवित्त ॥ हाव भाव वग्गुरि विथार। विनय षुंटी अति ढुक्किय ॥
कुचतरिया दुहु पष्ष। मूल चछ्छ हरती छुट्टिय ॥
[2]हांकी अहर सुरत्त। लियौ संभर पति घेरिय ॥
छुट्टे सब परिवार। कहै संभरि पति चेरिय ॥
संभलै बत्त रावर समर। है हथ्थी परिगह सुभर ॥
दरबार राज भय भीति दिषि। बहु [3]लिष्षी पतिसाह धर॥छं०॥६५॥
धर लीनी भेहरा। परयौ वंधह पम्मारह ॥
लूटि सहर लाहौर। गए द्रब कोरि अपारह ॥
ग्रह कीनी पुंडीर। हयौ सौदागिर धीरह ॥
बेरी चावंड राय। राउ भोंहा गँग तीरह ॥
माल दे मौति देवराज गय। हाहुलि फिरि बैठौ हियै॥
जादवन सेन संभी भिरै। दिल्लेसर मध्धे हुवै ॥ छं० ॥ ६६ ॥
जे विपरीतह देषि। हुए राजान समथ्थं ॥
जे गिरिवर न छिपंति। हुए धरपति सिर छत्तं ॥
जे डरि देते दंड। तेन फिरि दंड नगौरह ॥
वल्लोची बल राए। ढुरै सिर उप्पर चौँरह ॥
गोरी नरिंद दस लष्ष हय। संभरि पति सल्लै हियै ॥
पंचास दून दोबीस घटि। सो कनवज्ज भुझाइयै ॥ छं० ॥ ६७ ॥
हयौ बान कैमास। सूर कनवज्ज भुझाये ॥
चौ अग्गानिय सट्ठि। सह पंगानी ल्याये ॥
पतिकुल पिता संघारि। म्लेच्छ सुष हुऔ ततच्छिन ॥
मतै गयौ कैमास। सुहौ दिल्लिय धर रष्षन ॥

(१) मो.-सुख विलसत हुअ नित्त। (२) ए. कृ. को. कहा। (३) मो. लिखिय।

दरवान नहीं सिर इच्छियां । सरद मेघ मिहरी रहै ॥
संतान भाग अवग्रह ग्रहै । धर गोरी छत्ती दई ॥ छं० ॥ ६८॥
चावंड वेरी घत्ति । कित्ति पोई रस नहौ ॥
पट्टा पंगुर देस । साहि कोरी धर पट्टौ ॥
रजनी ठग दिन ठग्ग । सुचित दुचिता संसारह ॥
इह गोरी तन रत्त । ग्रही गोरी धर नारह ॥
अवधूत धूत नागिनि डस्यौ । विष लग्गौ लोरै लवन ॥
रहते सु अंसु रथ्यौ नहीं । भई वत्त तीनो भुअन ॥ छं० ॥ ६९ ॥

उक्त समाचार सुनकर रावलजी का शोक प्रगट करना ।

दूहा ॥ सिर धुन्यौ रावर समर । दई सीष सब नारि ॥
पानि कापूर सु हथ्थ दिय । कहि संजोग जुहार ॥ छं० ॥ ७० ॥

पृथ्वी का रानी इंछनी के साथ रहना और जैतराव का रावलजी की खातिरदारी करना ।

प्रथा रनत इंछिनि महल । सुख विलास मिलि जोग ॥
भ्रात चरित्तह दिष्षि सब । लग्यौ मन्न सँयोग ॥ छं० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ जैतराय पम्मार । करिय मनुहार चित्रपति ॥
मधुर सु मेवा अनत । मंस मिष्टान अजब भति ॥
सीधौ मन सैं पंच । साक पल्लव तैला अम ॥
दही दूध अनपाह । घृत मन असी अनोपम ॥
ऐराक वंस जीनह जरे । भरी छाव विधि विधि भली ॥
पहुंचाय निगम रावर समर । हुई जैत अप्पन वली ॥
छं० ॥ ७२ ॥

कुमार रेणसीजी का सब सामंतों सहित रावलजी के लिये गोठ रचना ।

दाहिम्मै चावंड । करी मनुहारि सबन भर ॥
एक पुरंगम अच्छ । फेरि मुह अग्गै रावर ॥

(१) ए. कृ. को.-कट्ठिया ।

बलिभद्रह कूरंभ। इन ऐसो अट्ठारै॥
जर उजवक हय एक। ढिल्लि अंठुनि गिरि डारै॥
रामदे राव षीची प्रसंग। जामानी जद्दव बलिय॥
पम्मार सिंघ इत्ते सुभर। इन सु गोठि छत्रपति कलिय॥
छं० ॥ ७३ ॥

दूहा॥ [1]रेन कुंअर गोठह रचिय। विविधि भांति सब नूप॥
सुरंभ घृत सीधो सघन। कीनौ जीमन भूप॥ छं० ॥ ७४ ॥

गुरुराम का रावलजी को आशीर्वाद देना और कविचंद का विरदावली पढ़ना।

पद्धरी॥ सामंत सबन मनुहार कीन। प्रोहित्त राम आसीस दीन॥
छर सिद्ध दिस बरदान भट्ट। उचर्‌यौ चंद पेषै सुथट्ट॥
छं० ॥ ७५ ॥

दुह, पष्प, चवर सिर धरिय छत्र। वरदाय देत आसीस तत्र॥
उट्ठयौ सिंघ वरदाइ देषि। बोलंत बिरद बहु विधि विसेषि॥
छं० ॥ ७६ ॥

चीतौरराइ काइम्म कीन। घुम्मान पाट पग अचल दीन॥
मेरगिरि सरि चित्तौर मानि। किरनाल तेज बट्टै घुमान॥
छं० ॥ ७७ ॥

जैचंद समह जिन जुद्ध कीन। मांनो कि गुरग [2]तनु मोर पीन॥
कलकियां राय केदारराय। कब देत बिरद मनु उमँग चाय॥
छं० ॥ ७८ ॥

पापियां राइ प्राग्वट समान। कष्पन दरिद्र करतार जान॥
हित्यार राइ कासी अभंग। मदुआन राइ गंगा उतंग॥
छं० ॥ ७९ ॥

सुरतान मलन बंधन समोष। हिंदून राइ टालंन दोष॥
उज्जेन राइ बंधन समथ्थ। आचार राइ [3]जुट्ठरह वथ्थ॥
छं० ॥ ८० ॥

(१) मो.-रेनं कुवरं गोठ सुकरिय। (२) ए. कृ. को.-जनु। (३) मो.-युजिष्टरह।

भीमंग राइ भंजन सुपेत । गह लयौ धवल राजिंद जैत ॥
विनछंभ राइ सिर दंड कीन । अग्घ,आ राइ गड़ लेइ दीन ॥
छं० ॥ ८१ ॥
उथ्थाप राइ थापन समथ्थ । सोंपन सरीर प्रथिराज सथ्थ ॥
दप्पनी साहि भंजन अलग्ग । चंदेरि लिद्धि किय नाम जग्ग ॥
छं० ॥ ८२ ॥
दूहा ॥ जग ऊपर जगदीस गनि । मृत्तलोक दिल्लेस ॥
कैं तूं फुनि चित्रंग पति । आह,हमी नरेस ॥ छं० ॥ ८३ * ॥

रनधीर को परास्त करने के लिये कवि का कन्हा को भी वधाई देना ।

गाहा । कन्हा दिया आसीसं । सध्धौ रनधीर पेत पै रंडै ॥
अट्टा अट्टावीसं । पग्गं तेजाय तेजरं तुट्टं ॥ छं० ॥ ८४ ॥
असि गह महद्दर वारं । भारं सेसाइ सेस फनि इंदं ॥
दिस्मूतं अनपारं । समवर कारसार समर रावरयं ॥ छं० ॥ ८५ ॥

रावलजी का कविचंद से चंद्रवंश की उत्पत्ति पूछना और कवि का इला और वुध का इतिहास कहना ।

कवित्त ॥ रावर पुच्छिय समर । सोम रवि वंस प्रकारं ॥
वरनि कहिय कविचंद । कथा मंडे विसतारं ॥
एक समय वन पंड । सपतरिपि गये रमंते ॥
उमया शंकर तहां । देपि रसकेलि करंते ॥
लाजंत उभ्भर मुनिवर फिरिय । श्राप दियौ सिव मन कुरपि ॥
ह्वजियौ सहित आवत इहां । मैंदी मोबिन अनि पुरप ॥ छं० ॥ ८६ ॥
मारतंड सुत मंड । जग्य मंडाय पुत्रकजि ॥
राजलोक परछन । देत आहुति सौं कि दुज ॥
प्रगट कुंड कन्यका । देपि वाचिष्टति वारं ॥
फेरि मंच तप जोर । करिय दसमन्न कुमारं ॥

* छं० ८३ मो. प्रति में नहीं है ।

षेलत सिकार इक दिवस वह। महादेव कौंवन गयौ ॥
कहि चन्द आप मेटै कवन। पुरषा तन तें त्रिय भयौ ॥छं०॥८७॥
काम लुबद्धि बुद्धि। देषि चयि रुप छल्लि घर ॥
संभलि रिषि वाचिष्ट। बहुत करि अस्तुति शंकर ॥
प्रसंन होइ बर दियौ। पिता घर होय कुआरं ॥
फिरि तिय की तिय होय। बुद्ध घर जाय जिवारं ॥
इक इक मास की अवधि करि। दुअसु पतंगा रष्षि हम॥छं०॥८८॥
बुध अंस चद्र बंसह भयौ। दस मन सूरज वंस क्रम।

रजपूत शब्द की उत्पत्ति।

दस हजार ग्रभवंत। रिषि त्रिय ढंकि धरची ॥
फरसराम कै करत। वार इक वीर न षिची ॥
कासिप को ले दियौ। उदकि सारौ महि मंडल ॥
तपन तात पन छंडि। गयौ मन ग्रहै कमंडल ॥
वसुधा विचार तब कद्वि। निज रष्षा कारन थपिय ॥
उतपन्न सुतन तिन के सरज। दिष्षि नाम [1]रजपूज दिय॥
छं ॥ ८९ ॥

रावल जी का कवि चन्द को दान देना॥

मैदा मन पंचास। वीस मन वेसन दीनौ ॥
मंस जाति बहु भंति। जमन तट भोजन कीनौ ॥
आटा घृत्त अप्पार। षंड गुर सक्कर भंती ॥
जैयोषान जिहान। दई हथ्थनी इक तत्ती ॥
मनुहारि परग्गह सवन करि। भांति भांति आदर करिय ॥
पहुंचाइ समर रावर सुबर। अप्प घरघर विथ्थ,रिय ॥छं०॥९०॥
दो हथ्थिय तरिवार। तुरिय एराक अच्च गल ॥
कंचन जरित पलान। एक जोजन मभ्भ पल ॥
हथ्थी संघल दीप। एक जमदट्ट अमोलं ॥
जर जर कसि सिर पाव। साज साकत्ति समोलं ॥

(१) ए.-को.-रजपूत।

पहुचाय चंद भट्ट सुदर। कीरति कलिजुग विस्तरिय ॥
चित्रकोट गाव दीनौ इतौ। रही कलिज्जुग [1]वित्तरिय ॥छं०॥९१॥

वनवीर का कवि को एक हथनी और दो सुंदरी देना।

दूहा ॥ वनवीरह परिहार दिय। हथिनी एक सुरंग ॥
मोती माला सघन जल। द्वै सुंदरी सुचंग ॥ छं० ॥ ९२ ॥

रावलजी का शंक्रांति पर गुरुराम को एक गांव देना।

सूरजि भई संक्रांति जब। प्रोहित दीनी राम ॥
लष्पह्न न किसनारपन। दिय कारंडौ ग्राम ॥ छं० ॥ ९३ ॥

गाथा॥ दिन प्रति दीजै दानं। सठंह्न नाय परचयं कज्जं ॥
दोय पहर मिलि थट्टं। नह मह दरबार भट्ट चारनयं ॥
छं० ॥ ९४ ॥

इह रावर उनमानं। भानं उग्गाइ दिज्जियै दानं ॥
दिन प्रति दीजै धानं। इह दिट्ठं न कथयं कव्वी ॥ छं० ॥ ९५ ॥

दूहा ॥ [2]भुंजाई रावर समर। आवै बरन अठार ॥
नह को पूछै अप्प पर। दिज्जै अन्न अपार ॥ छं० ॥ ९६ ॥

रावलजी का इक्कीस दिन निगमबोध स्थान पर बास करना।

निगमबोध रिध वासकिय। रावर समर नरिंद ॥
हुए द्योस इकईस तहां। पंच सहस भर हृंद ॥ छं० ॥ ९७ ॥

पृथा का महलों से रावलजी के डेरों पर आना।

दिवस चपथ्थै राव रह। आवै प्रथा इकंत ॥
वासुर दोइ वासै रहै। परी भ्रान्त मन चिंति ॥छं० ॥ ९८ ॥
अति सुख सकुंल वरस तिय। रिंत रितिए आचार ॥
विलसत दिन ग्रीपम अधर। सुपनौ राजन वार ॥ छं० ॥ ९९ ॥

पृथ्वीराज का स्वप्न में एक सुंदरी को देखना।

कवित्त ॥ निसा एक माधव सु मास। ग्रीषम रिति आगम ॥
निसा जाम पच्छलौ। सुपन राजा [3]लहि जागम॥

(१) ए. कृ. को.-विस्तरिय। (२) ए. कृ. को.-भोंजाई। (३) ए. कृ. को-माहि।

सेत चीर छौनी। पवित्त आभ्रंन अलंकिय ॥
मुंकत बंध चाटंक। बंध वेनी अवलंकिय ॥
निज वैरि धारि कज्जल नयन। हर हराह सद्दह करिय ॥
मानिक्क राइ वंसह विषम। रष्षि रष्षि धरनी [१]धरिय ॥छं०॥१००॥

राजा का पूछना कि तू क्या चाहती है। सुन्दरी का उत्तर देना कि "वीर पुरुष" ॥

साटक ॥ का तूं सुंदरि छुंधरा किमहिता इच्छा परा वांछिता ॥
को वांछा बर राज कोवर रुची दाताग्य रूपानिवा ॥
नं नं नं न्रप जान दानरुचयं रूपं न विद्दी चयं ॥
षड गंधार सुमार दुत्तर अरी सो मे वरं सुंदरं ॥ छं० ॥ १०१॥
दूहा ॥ इम वसुधा सुपनंत दिय। रजगति रजन विचार ॥
विलसत दिन ग्रीषम अरध। सुधपिय पंग कुआरि ॥छं०॥१०२॥
रष्षि रष्षि उच्चार बर। गति सिंघल अतिरूप ॥
सुपनंतर चहुआन सों। चलन कहत इल भूप ॥ छं० ॥ १०३ ॥

उसी समय पृथ्वीराज की नींद खुलना और देखना कि प्रभात हो गया है।

धरकि चित्त जोगिनि न्रपति। दिषि प्रभात दुति गान ॥
भान किरन दिसि दिसि फटी। तम घटि तमचर गान ॥
छं० ॥ १०४ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता को स्वप्न का हाल सुनाना।

कवित्त ॥ जग्गि जलनि प्रथिराज। जग्गि संजोग सुपनि कहि ॥
सो सपनंतर जंपि। पत्ति दिट्ठी जु रत्ति महि ॥
सेत वरंच उत्तंग। चित्त हरनी कुटिला गति ॥
वैसम गुन गुर दुत्ति। दुत्ति उजलंत कुटीरति ॥
ऊंचै बचन्न बर कठिनह। घन कुलटा गति चलन कहि ॥
भव भविस गत्ति न्रिम्मान कहि। नन जानै भव गतिय बहि ॥
छं० ॥ १०५ ॥

(१) मो.-ढरिय।

संयोगिता का उत्तर देना कि यह सब हुआ ही करता है।

सुनि सुकंत धरद्दंद। गोय दिनी जुग्गिनि गति ॥
पुत्त मित्त दारा न बंध। रोकन पितुरनि पति ॥
दिष्टमान रोकै प्रमान। चच्छि अंछनि लच्छि कुछी[1] ॥
भाग विना बंधि जगत। अस्सवय जग चय तुछी ॥
मायाति नट्ट संसारनिय। न्त्रिप नच्चवि सुक्के जगत ॥
जीवन्न प्रान प्रापति जवसु। तव लग इह भावी विगति ॥
छं० ॥ १०६ ॥

पुनः दंपति का केलिक्रीडा में प्रवृत्त होना।

मुरिल ॥ हंसि आलिंगन दै चहुआनं। पिय सयूप दंपति रसपानं ॥
सुरते सुरत मंनं वर मत्तं। करहि सार संसार सुरत्तं ॥ छं० ॥ १०७ ॥

रसकेलि वर्णन।

हनुफाल ॥ वर सुरत रत्त सुचंद। दुहुं वढे आनंद कंद ॥
इह वुक्मि रसमुप वाल। वर कहत ओपम साल ॥ छं० ॥ १०८ ॥
ससिभोम कट्ठी रीस। मनु उदित भय ससि सीस ॥
सुपस्वेद विंद विराज। कविराज ओपम साज ॥ छं० ॥ १०९ ॥
कै किरन उल्लससि छुट्टि। कै ठौर मनमथ छुट्टि ॥
कत्ति कासमीर विवंध। वर अग्र आट सुचंद ॥ छं० ॥ ११० ॥
वर चिंत उपम विसाल। उडि चलन संगल वाल ॥
कुच अग्र म्रग मद विंद। रस वढे आनंद कंद ॥ छं० ॥ १११ ॥
[2]सुकि कमल वैससि वाल। अलि लै उडी जनु वाल ॥
कुच छुट्टि छुट्टि सुमग्ग। कुसमेष सीप विलग्ग ॥ छं० ॥ ११२ ॥
दुति होत कविन भकोर। वग उड्डै घन जनु कोर ॥
पिय सेन नेन सुरत्त। तिन मच्छिक वाल सुगत्त ॥ छं० ॥ ११३ ॥
प्रति व्यंब ओपम मीय। जनु सीय से हसि दीय ॥
रति निद्र रतिवर बीर। रति रयन रयन समीर ॥ छं० ॥ ११४ ॥

---

(१) मो.-कुछ, तुछ।
(२) ए कृ० को०—सुकि कमल वैस विसाल

अरिल्ल ॥ अवसर प्रीति बढ़ी रसपानं । कहि वर दूत सुनी सुलतानं ॥
सुनि घर गोरिय साहि नरिंदं । भईय गत्ति ढिल्लिय छिन मंदं ॥
छं० ॥ ११५ ॥

पृथ्वीराज की इस दशा का समाचार पाकर शहाबुद्दीन का अपने सरदारों से सलाह करना।

दूहा ॥ मति छीनी ढिल्लिय तनी । सुनिय साहि चहुआन ॥
दाव न चुक्कै अप्पनौ । दुअन सौति उरगान ॥ छं० ॥ ११६ ॥

कवित्त ॥ बोलि षान षुरसान । बोलि गोरि ततार बर ॥
षां रुस्तम पीरोज । सेन ढिल्ली चरित्र वर ।
बार बेर गहि मुक्कि । दीन में दीन कहायौ ॥
चहुआना जुरि नीर । मन्न मंती गह छायौ ॥
जौ होइ गोर गोरी ग्रहां । तौ तोसल नन भग्गही ॥
चहुआन बँधे बंधन जुरां । सो दिन पंथ तु लग्गही ॥
॥ छं० ॥ ११७ ॥

यह सलाह पक्की होंना कि दिल्ली को दूत भेजकर पूरा हाल जान लिया जाय तब चढाई की तैयारी की जाय।

सुमति सुरत्ती साहि । धाइ बंध्यौ चहुआनं ॥
सोई मता किज्जियै । बोल पछै नत आनं ॥
सुभ्रम निभ्रम बीर । बोलि विभ्रम परिवानं ॥
फेर सुकति सुलतान । जहां ढिल्ली परधानं ॥
तत मत्त बत्त बर संग्रहै । अरु हिरदै भेदै छिनह ॥
इन कहै साहि चतुरंग सजि । तब अरि ग्रहन विचार कह ॥
छं० ॥ ११८ ॥

शहाबुद्दीन का दिल्ली को गुप्त चर भेजना।

तब सु साहि गज्जनै । दूत ढिल्लीय पठाए ॥

जु कछु तंत को मंत। [1]अंत कहि कहि समुझ्झाए ॥
लै आवहु जंगल नरेस। षब्बरि सब सुद्धिय ॥
राज काज चहुआन। सकल सामंत सुबुद्धिय ॥
फुरमान साहि सिर धरि लियौ। भेष कियौ सोफी तिनह ॥
उभै पष्ष क्रम पंथह चलै। कागर काइथ [2]कर दिनह ॥ छं०॥११९॥

दूत की व्याख्या।

दूहा॥ साम दान अरु भेद दँड। ए च्यारौं बिधि आइ ॥
जान पनै सोइ दुत कहि। काम करै सुषदाइ ॥ छं० ॥ १२० ॥

दूतों का दिल्ली पहुँच कर धर्मायन के द्वारा सब भेद लेना।

गाथा॥ चर वर विवरित सुद्धं। लिद्धं चहुआन राजधानीयं ॥
सह दूतं पंथानं। गोरीयं जथ्थ जानामि ॥छं० ॥ १२१ ॥
वचनिका॥ ध्रम्माइन कायथ पै षबरि पाए। तबहिं दुत गज्जन को आए॥
तिहि दिन सुरतान आराम करि आनि घरे रहै। ततार षां सो बातैं कहै॥
बहुत रोज कहु और न आई। कछु दिल्ली की षबरि न पाई॥
तब तत्तार षान कहत है। पातिसाह कछु बात षूब है॥

बहुत दिनों तक दूतों के वापिस न आने पर शाह का चिंता करना।

मुरिल्ल॥ चर चर चित्त चहुआनं। हाम बित्ति ढिल्लीय चहुआनं ॥
बुल्ले साहि ततार बुलाई। अजहूं दूत गज्जन न घाई॥
छं० ॥ १२२ ॥

तत्तार खां का उत्तर देना कि दूत के लिये देर होना ही शुभसूचक है।

श्लोक॥ चिरं जोगीश्र सिद्धं। चिरं बंध प्रधानकं ॥
चिरं सेवक साधर्मं। चिरं दूतस्य लक्षणं ॥ छं० ॥ १२३ ॥

(१) ए. कृ. को.-कंत। (२) ए. कृ. को-दिन करह।

चिरं तपो फलं दाता। चिरं राज फलं प्रभो ॥
चिरं नाम धनी दाता। चिरं दूतस्य लक्षणं ॥ छं० ॥ १२४ ॥
दूहा ॥ इन लच्छिन तसकर सुलभ। तस पर दूत वसीठ ॥
रति दृग हंदग कुसल भल। कर वंधेन घसीट ॥ छं० ॥१२५॥

नीति राव कुटवार का सब समाचार शाह को लिख भेजना।

नीति राव कुटवार दर। तहि निवसै उन रीति ॥
सुमिलि साहि कागद दियै। लिषि दरबारह नीति ॥छं०॥१२६॥

प्रथम दूत का दिल्ली का समाचार कहना।

श गज्जनां सुरतान सों। कहि षिन षान ततार ॥
प्रथम पहुर संभ्रम सुचर[1]। दर बोल्यो कुटवार ॥छं०॥ १२७ ॥
बचनिका ॥ प्रथम पहर बह्या, संभ्रम दूत आप षड़ा रह्या।
सलाम लह्या, दिल्ली के चरित्र कह्या ॥
पातिसाह पहिलों सैं तान बड़े, राजा हुआ रति चढ़े ॥
छं० ॥ १२८ ॥
गाथा ॥ षैरी दं सुलतानं। दुसमन दैवान मह्लह थानं ॥
भर सहरत्त बिरत्ता। आघातं गोरियं साहिं ॥ छं० ॥ १२९ ॥
कवित्त ॥ एक समै हम्मीर राइ। दरवार सपन्नौ ॥
पिथ्थौरा चहुआन। हथ्थ संजोगि बिकन्नौ ॥
नथ्थि बाज गजराज। सुनर भेषह वर नारिय ॥
मार मार उच्चार। लहरि लक्करि सिर रारिय ॥
हाइ हाय दिसि सब्बे[2] हुअ। धुअ समान सुम्भर धुरह ॥
हरि द्रुग्ग द्रुग्ग सुष उच्चरिय। जिन दरोग गंठे डरह ॥छं०॥१३० ॥
दूहा ॥ इह चरित्र पिष्षै सुचर[3]। लग्गे गज्जन राह ॥
नाम सुसंभ्रम सुभग ते। कही सहि सों जाह ॥ छं० ॥ १३१ ॥

---

(१) मो.-नर।
(२) ए. कृ. को.-हुअ सब्ब। (३) ए. कृ. को-दंषे त्रिचर।

भर अनंध अड्डिय महल । रति बढ़ि घटि महिसार ॥
विप्परीति दिल्लिय सहर । न्नपति अलुभ्यौ मार[1] ॥ छं० ॥ १३२ ॥

दूसरे दूत का समाचार ।

बचनिका ॥ दूजा पहर वह्या । विभ्रम दूत आय षरा रह्या ॥
सलाम लह्या । दिल्ली का चरित्र कह्या ॥ ते कहा चरित्र ॥
गाथा ॥ भग्गीवा सुर संधी । बंधे पेमाइ लज्जलो पानां ॥
अप्पा पर न गनिज्जै । जानिज्जै राज भंजाई[2] ॥
। छं० ॥ १३३ ॥

कवित्त ॥ जां निज्जै सुविहान । राज भज्जै राजानी ॥
दर है गै भर नथ्थ । तेज भग्गी चहुआनी ॥
बासर संधि विसंधि । नौति भग्गी ढिल्लो वै ॥
जानिज्जै सु विहान । छोड़ छिंद्वान सुहै वै ॥
लज भगो प्रेम वड्ढे वरह । दइ दुज्जन महलैं ग्रसै ॥
चहुआन चरन सेंवन सुबर । नौति राव अप्पन वसे ॥
छं० ॥ १३४ ॥

तीसर दूत का समाचार ।

बचनिका ॥ तीजा पहर वह्या । निभ्रम दूत आय षरा रह्या ॥
सलाम लह्या ॥ दिल्ली का चरित्र कह्या । ते केहा चरित्र ॥
गाथा ॥ हिन्दू सयन सुदुष्षं । सुष्षं साहाव गोरियं साहिं ॥
राजन विषम चरित्रं । सामंता रोजनं रोज ॥
छं० ॥ १३५ ॥

कवित्त ॥ रोज रोज सु विहान । घेर सामंत ग्रेह घन ॥
सामि निंद उच्चरै । सामि निन्दा न सुनै क्रन ॥
भर अरत्त साईं । विरत्त गोरी सुलतानं ॥
संभ्रू रूप संजोगि । गिलयौ चहुआन सुभानं ॥
विपरीति वत्त ढिल्लिय सहर । राज नीति भग्गी रसं ॥

(१) मो.-उलझ्यौ नार । (२) ए. कृ. को. भज्जाई ।

पंजाब पंच पंचै सुपथ। चिंति तप्प गोरी बसं॥
छं० ॥ १३६ ॥

चौथे दूत का समाचार।

बचनिका ॥ चौथा पहर बह्या। विलास दूत आइ परा रह्या॥
सलाम कह्या। ढिल्ली का चरित्र कह्या॥ ते केहा चरित्र॥
गाथा ॥ गाडंडूर उडंडा। जोरु गरुवार मरद् हरु अंदा॥
धुनि धुनि सह सामंता। चावंड वेरियं बधे॥ छं० ॥१३७॥
दूहा ॥ त्रिया राज बसिवौ नही। वसिवौ नह बहुराज॥
बालराज बसिवौ नही। कहै घर घघर आज॥ छं॥ १३८॥
कवित्त ॥ जिन कंधै ढिल्ली नरेस। कंध जिनके ढिल्लिय पुर॥
जिन कंधै लगि राज। अग्ग अब्बुक्क बहुन धर॥
मान तुंग बर अग्ग। भिरिग कनवज्ज जुझाए॥
चौंसट्टिन सुक्कि कै। भागि जोगिनि पुर आए॥
चहुआन सुबर जानै न्त्रपति। सो बल मग्गौ साहि सुनि॥
चादर सु अप्पि गोरी सुबर। पंच देस पंजाब धुनि ॥छं०॥ १३९॥

शाह का पीर को चादर चढाकर दुआ मांगना।

बचनिका ॥ जमा सुविहानं। शाहब दी सुलतान॥
पैगंबर परवर दिगार। इलाह करीम कवार॥
सुलतांन जलाल सिकंदर जाया। सुलतान साहबदीन अलह उपाया॥
मुसलमान महति। दीन भीमहति॥
इतनी कही कहन लागे। पातिसाह साहाबदीन आगे॥
अपर पराये टरे। सैतान परवरे॥
सानंत मन जरे। चावंड राइ भी वेरी यौं भरै॥
कूरंम कुल संकोड़ा। परिगह पास छोड़ा॥
पांमार परि गनाई। हाहुलि परिहांम जनाई॥
राउ जैतसी पास भेहरा छुट्टा। पुंडीरों लाहौर लुट्टा॥
राउ भोंहा दुनिया मुकी। राउ माल दे मौत चुकी॥

देव रात दीवान छंडया। जादवों वैर संडया॥
पलक आलन आलोई। जीवत पहुआन वोई॥
दलोंही दीला जीती। कनवज्जैं कहर वीती॥
हजरत षुदाइ षेल। असि मरदांन जेल॥
बरन बरन घेरी। बद्दलों पंति नेरी॥
धु आसाहि साहाब साहि। दिजियै चादर उचाय॥

शहाबुद्दीन का चढ़ाई के लिये देश देश को परवाने या पत्र भेजना।

दूहा॥ चर चर वत्तति सिद्ध किय। रुकि किय घाव निसान॥
सत्त सहस कग्गर फटे। देस देस सुरतान॥ छं० ॥ १४०॥
वचनिका॥इतने मुलकन कों फुरमान फाटे। नौवी सदा ठौर ठौर बैठक ठट्ठे
फुरमान पेस कदलिवास। कैलास देस गोह षंधार॥
गष्पर गिरवान षुरासान सुलतान। भटनैर भष्परवान॥

शहाबुद्दीन के चढ़ाई करने का समाचार दिल्ली में पहुंचना और प्रजा बर्ग का अत्यंत व्याकुल होना।

दूहा॥ फुट्टिय वत्त प्रचार चर। घर घर ढिल्लिय थान॥
चढ्यौ साहि चहुआन पर। चढ़ि हय गय असमान॥छं०॥१४१॥
वढि आवत ढिल्ली संहर। चढ्यौ साहि सुरतान॥
घर अंगन संगन रुरिग। सुनत सूर अकुलान॥ छं० ॥ १४२॥
ग्रह वंभन ग्रहवान नर। ग्रह छत्री छह छन्न॥
भई बाति नर नारि सुष। सब लग्गै सन सन्न॥ छं० ॥ १४३॥
कवित्त॥ सुक्रम साहि वानैत। आय गज्जन संपत्ते॥
तिन कग्गर हथवार। आइ उत्ते इत तत्ते॥
सेत दुती रविवार। बार गुरु तेरह तत्ते।
चढ्यौ साहि साहाव। जोध है गै सनि मत्ते॥
जिन करह, ग्रब्ब गोरी सुपहु। जानि पुरानौ सेन सह॥
सज्जयौ सूर साहाव पुर। आयौ आतुर उप्परह॥ छं० ॥ १४४॥

सुरिल्ल ॥ सुनि कग्गर दुज्जर दिल्ली धर । भूमि कंप जिम कंप नरव्वर' ॥
बाल वृद्ध नर नारि समानह । लगी धक्कधकी चिंत चिंतानह ॥
छं० ॥ १४५ ॥

प्रजा के महाजनों का मिलकर नगर सेठ के यहां जाना।

भै लग्गौ दिल्लिय पुर जामह । नगर सेठ पहि गय प्रजतामह ॥
मिलिय सकल एकंत महाजन । किम बुझ्झैं रतिवंतौ राजन ॥
॥ छं० ॥ १४६ ॥

नगरसेठ श्रीमंत के यहां जुडने वाले सब महाजनों के नाम ग्राम और उनकी धन पात्रता वर्णन ।

पद्धरी ॥ प्रज मिलिय ताम विचार कीन । बुल्लाय बुद्धि जन सेठ लीन ॥
श्रीवंत साह सब नयर सेठ । मति वंत बुद्धि गुर गुन निरेठि ॥
छं० ॥ १४७ ॥
बर सिंह साह हंकारि अप्प । भोगवै विभौ लच्छी सु तप्प ॥
श्रीधर सुनाम सुंदरह दास । श्री करन जसोधर संक्र तास ॥
॥ छं० ॥ १४८ ॥
सोमन्न साहि केलन्न साहि । घन सागर आगर सगर ताह ॥
सोवन्न साह साजन्न बोलि । गरुअत्त गाज सुभ तेज तोलि ॥
॥ छं० ॥ १४९ ॥
अमरसी अगर ईसरह दास । करमसी उदैसिंघ राम आस ॥
केसर कपूर षेतसी नाम । गनपति गनेस गौरसी स्याम ॥
॥ छं० ॥ १५० ॥
घड़सीह धनू नेतसी साह । चेतन्न चतुर्भुज मिले माह ॥
छाजू अरु छीतर छविल आइ । जोधा जैसिंघ झांझन बुलाइ ॥
॥ छं० ॥ १५१ ॥
टोडर मल टी लाठ कुरसीह । चलि गए सांप डरपंत लीह ॥
डुंगर सी ढाला तुरत वेग । व्यापार धरम चालै सुनेग ॥
॥ छं० ॥ १५२ ॥

(१) मो.–नरव्वर ।

पानि गढ्ढिया ग्वाला दयाल । पन्नाह पींग भोगी सुआल ॥
परबत्त पदारथ पदमसीह । फांटू फणावर सिंघ ईस ॥
॥ छं० ॥ १५३ ॥

भांनो चाप भोजो मेघराज । मोहन मथूरो जा वड विराज ॥
रनधीर लषमसी बीर दास । सेषो सिंघो हेमंग हास ॥
॥ छं० ॥ १५४ ॥

आये अनेक महाजन्न सथ्थ । संकरहदास पत्ती सुग्रथ्थ ॥
बहु अन्न धरन अति तप्पतार । धति उंच उंच क्रति कम्मकार ॥
छं० ॥ १५५ ॥

तन लहै धाम छाया प्रचार । कोमलह गात लच्छी न पार ॥
कोमंत सास चालंत थूल । अति वध्धौ उदर चढि ग्रीव मूल ॥
छं० ॥ १५६ ॥

पहिरंत वस्त्र ढीले सु उंच । ग्रिह दै कपाट सुररंत मुंछ ॥
लेषिनी कान लेषौ करंत । हरि ब्रह्म रूप ताहू छरंत ॥छं०॥१५७॥
ग्राहंत कोप भीरंत सुट्ट । पीसंत दसन उट्टंत निट्ट ॥
दाता दयाल ऐसो न और । बरजंत पाप क्रम ठौर ठौर ॥
छं० ॥ १५८ ॥

प्रम दान ग्यान तीरथ विनान । सोभंत साह दै अन्न पान ॥
सोभंत नगर जिहि वड़े साहि । लष कोट द्रव्य जिन हट्ट माह ॥
छं० ॥ १५९ ॥

ए मिले साह श्रीवंत गेह । आये सु चिंतातुर चिंति तेह ॥
सुत सुतिय क्रम्म परिवार व्रिद्ध । घरबार भरे भंडार निद्धि ॥
छं० ॥ १६० ॥

कोटीस धज्ज बंदहि अनेक । वर धवल ताम मंडो विवेक ॥
उंच उंच भोमि साजै विलास । वर गौष अनत लग भाल श्रास ॥
छं० ॥१६१ ॥

प्रज्जंक विवध साजे अनूप । बासंसि विवह गुन गंठि भूप ॥
आए सुलब्ब ग्रह नयर साह । आसन्न दिद्ध सम सन्नि ठाह ॥

श्रीमंत साह का सब सेठ महाजनों का आदर सत्कार करना और सब महाजनों का अपनी विपति कथा सुनाना।

दूहा ॥ मानि साह श्रीवंत घन । सब प्रति आदर दीन ॥
अप्प नाम गुन उच्चरिय । सब संबोधन कीन ॥ छं० ॥ १६३ ॥
प्रथुक संबोधित साहि सब । चंदन चरचि कुसम्म ॥
कस्तूरी करपूर युत । बीर सुगंध सुरम्म ॥ छं० ॥ १६४ ॥
आदर करि सब प्रज पसरि । दिय बैठन सुभ ठाइ ॥
मति प्रमान जिहि पुच्छियै। बोलि सुगुभ्भ गुराइ ॥ छं० ॥ १६५ ॥

कवित्त ॥ मंच बयट्ठे साहि । जिके बहु गुन आगर ॥
सुष सरूप भोग बन । सजल लज्जी बुधि सागर ॥
सुतन मंत चिंतवै । चित चिंतै न कोइ नर ॥
रतिमत्तौ राजान को । सुगुदरै दुष अन्दर ॥
सामंत सब्ब अच्छै विरत । राचा वंड वेरिय भर्यौ ॥
कैमास खग्ग[1] जातह सकल । सुवर मत्त[2] सथ्यह सर्यौ ॥
छं० ॥ १६६ ॥

पामारी पर चित्त । विरत किन्नौ चहुआनह ॥
जो बुझ्झै सम विषम । ग्यान अप्पनौ परानह ॥
मधु साह परधान । सोय दरबार न दिष्षहि ॥
रयन कुमर सामंत । सींह सोइ पित न परष्षहि ॥
अनि तरुनि नेह छंड्यौ तमकि । कोइ न सुधि न्रप वर कहै ॥
संजोगि नेह रत्तौ नपति । मनमत्तौ निस दिन रहै ॥
छं० ॥ १६७ ॥

पुचिय रा कमधज्ज । सोइ जुब्बन गुन मत्ती ॥
रूप द्रव्य सिंगार । नेह उर चौजन रत्ती ॥
नह बुझ्झै पर अप्प । तैन रस राजन बंध्यौ ॥

(१) ए. को.-सुर्ग (२) ए. कृ. को.- तत्त

जिम अलियज अंबुजह्नि । गई बासुर निसि संध्यौ ॥
चिचंग राह आयौ सु घर । भये बीस बासुर सुथह ॥
नन भई बुझ्झि राजन किनो । तौ को गुद्दरै अप्प कह ॥
छं० ॥ १६८ ॥

श्रीपति साह का सब साहुकारों को लिवाकर गुरुराम के घर जाना ।

भुजंगी ॥ तबै उच्चयौ साह श्री पत्ति तामं । सबै मंच मंडी जुषंडी विरामं ॥
भए सब्ब सामंत चित्तं विरत्तं । दरंतेन तज्यौ न्रिपं मन्नि मत्तं[1] ॥
छं० ॥ १६९ ॥

पुरष्षं[2] दरब्बार पावै न जानं । रहैं चीय रुक्कै पुरुष्षं पुरानं ॥
विरानंन[3] अप्पंन बुझ्झै न सायं । करं बेत लट्ठी तरस्सीत रायं ॥
छं० ॥ १७० ॥

न्रिपं रस्स बंधे सुपंगानि तासं । भए तीस अग्गं बरं पंच मासं ॥
निसा बासुरं संधि भूल्यौ नियानं । लगे मीनकेतं क्षतं पंच बानं ॥
छं० ॥ १७१ ॥

कहै कोय राजंग सुझ्झै न अप्पं । ग्रिहं राज चल्यौ गुरंराजविप्पं ॥
लहै भंति एकंत कुम्मार थानं । विना सेव देवन्न आहार पानं ॥
छं० ॥ १७२ ॥

पुछ्छै वैरि बर बीर चामंड धारं । करै कानि भानेज रेनं कुमारं ॥
घरं घालि बरदाय सूतो सुअप्पं । करै कित्ति आनूप प्रागट्ट तप्पं ॥
छं० ॥ १७३ ॥

कहै गुद्दरं अन्य सूझै न राजं । विना राम देवं जिनं दिल्लि लाजं[4] ॥
मतों मंडि उट्ठै सबै साहि तामं । चली प्रज्ज सथ्थैं ग्रिहं विप्प रामं ॥
छं० ॥ १७४ ॥

---

(१) ए. कृ. को. वत्त
(२) ए.-गुरष्षं
(३) मो.-विरामन्ना
(४) ए. कृ.को.-काजं

चढै जान एकं सुएकं अनोपं। नरं जान जानंचवं डोल जोपं॥
बहिल्लं सु अस्वं सजुत्ते बनेयं। केयं अभ्रव रोहै सुषं राह रेयं॥
छं० ॥ १७५॥
बसंनं अनूपं जरावं सुधारे। मनों ध्रंम रूपं धरन्नीव तारै॥
चली प्रज्ज सथ्थंग हंकार सद्दं। गए विप्र गेहं गहं माह नद्दं॥
छं० ॥ १७६॥

गुरु राम का सब सेठ साहूकारों से सादर मिलना।

दूहा॥ सुने गहंमह विप्र दर। आयौ उट्ठे ताह॥
तब दर पति सनमुष कहिय। आये श्रीपति साह॥ छं० ॥ १७७॥
प्रजा षलक सथ उम्मही। जे बड़ दिल्ली साह॥
सो आये दरबार तुम। कोइ इक काज उगाह ॥छं० ॥ १७८॥
आए आतुर राज गुर। करिय विवह महमान॥
आदर करि आसन्न दिय। संबोधे बर बानि॥ छं० ॥ १७९॥

श्रीमंत सेठ का गुरु राम से शाह की चढ़ाई का समाचार कह कर सारा दुःख रोना।

कवित्त। सुनि अवाज सुरतान। षलक भज्जिय नद मंडल॥
कर कुसाव भेहरा। दान अरु मान अषंडल॥
मिलि परवान पुंडीर। सहर लुब्यौ द्रब साइय॥
हनि सोदागिरि बानि। बनिज उन्नित पट पाइय॥
अग्यान लुपै अग्या न्रपति। सत संपति संभर धनी॥
गुर राज काज अवसर अवसि। प्रज पुकार मंडिय घनी॥
छं० ॥ १८०॥

दूहा॥ तुम सम राजन राज हित। बित रष्षन चित भ्रम्म॥
कानन मंडै करन सों। तू धर रष्षन अम्म॥ छं० ॥ १८१॥
कवित्त॥ मंद राज माल दे। देष चिय तन असि किन भौ॥
लोहानौ आजानबाह। अजमेर द्रुग्ग गौ॥
पावस रा पट्टनी। महि महि सार निरत्तौ[1]॥

(१) ए.-नारंतौ, नारतौ

जर जोवन तन मंद। तुंग तेजौ रन असुभौ ॥
दाहिम्म दोह बंछै विषम। चरन वीर वैरी वहन ॥
घर घालि भट्ट सूतौ घरह। सुबर विप्र तोही कहन ॥
छं० ॥ १८२ ॥

का कलहंतरि नारि। धारि आनी घर मभझै ॥
रवि समान प्रथिराज। गिल्यौ गोरी जिम संझै ॥
जिहि परिगह परिवार। मारि मारत उप्पारिय ॥
जिम रावन मंडलिय। वलिय बन्दर हरि वारिय ॥
इच्छहु जो विप्र पच्छहि मरन। तौ अग्गै सोइ कहौ ॥
कर दरभ कमंडल छाग म्रग। वादरि द्रुग मारग गहौ ॥
छं० ॥ १८३ ॥

पाहुंनौ रावर नरिंद। वर प्रथा सपत्तौ ॥
सोइ अचिज्ज गरुहां। सुनंत मन मंझह संतौ ॥
ता सज्जन दी लज्ज। बज्र गोरी धर चंपिय ॥
नद नाहर पट्टन। प्रवेस अवनी आकंपिय ॥
इम सुपम निंद आवै न्रपति। विषम अप्प डंकह डसिय ॥
गुर राज काज अवसर वसिय। किम सुनेह छंडै रसिय ॥
छं० ॥ १८४ ॥

राजहौं कूरम्म। हथ्थ लड्डू विय बंधे ॥
चाहुआन सुरतान। कूर कावरि इन बंधे ॥
देव राज पीची प्रसंग। गंग टट्ट पट फुट्टिय ॥
जैत राव हय गय। भंडार साहन सह लुट्टिय ॥
गुज्जर गमार सस्वह वली। मंत दैव द्रुग्गन गनै ॥
वर विप्र राज राजंग गुर। कहै आज तोही वनै ॥ छं० ॥ १८५ ॥

गुरु राम का कहना कि मैं तो ब्राह्मण हूं पोथी पाठ जानता हूं राज काज की बातें क्या जानूं।

प्रोहित वाक्य।

इम सु कज्ज प्रब पंच। पढ़ै पचा प्रभु रंजहि ॥

छम जु लच्छि आस रहि। चरन चंदन घसि बंदहि॥
छम सुदेव जग्योपवीत। सोइ तन मंडन॥
छम विरह बंदि न पढ़त। पापह पर षंडन॥
इह विकट भट्ट चंदहि चरित। कहै सुमानै न्रप नवल॥
परतष्षि द्रुग्ग पुच्छन चलौ। मंच घत्त सज्जह सबल॥
छं०॥ १८६॥

शाह का कहना कि राज गुरु होकर अब आप भी ऐसा कहते हैं तो हम किसके होकर रहें।

प्रजा वाक्य।

धर बाहर पंडवन बुद्धि। बंधवन रुधि छुट्टिय॥
धर बाहर वामंन। छलित्त बल दोष सुयट्टिय॥
धर बाहर जुरि जरासिंध। गुर गजा जुद्ध किय॥
धर बाहर सुर पत्ति। अस्ति दद्धीच मंगि लिय॥
जिहि जियत धरनि धर और प्रभु। तिहि जननी जुव्वन हरिय॥
बंभन सुकज्ज इह अज्ज तुम। प्रज पुकार मंडी करिय॥
छं०॥ १८७॥

गुरु राम का श्रीपत साह और सब महाजनों सहित कविचन्द के घर जाना।

दूहा॥ प्रज्ज सु करिवर विप्र कज। सीस तिलक तन तुंग॥
कुसुम गंध सब सथ्थ मिलि। मनहु कमल रस भ्रंग॥
छं०॥ १८८॥

जब सहाव चहर उठी। तब गलहां फुटि चाय॥
प्रज पुकार गुर सों कहिय। चंद कहन गुर आय॥ छं०॥ १८९॥

कवित्त। राज गुरू दरबार जाय। घर चंद सपत्तौ॥
छच चौडोल रु जान। दिव्य(१) आसन दीपत्तौ॥
हेमहार मुद्रित उ चंद। किरनिय जगमग्गिय॥

(१) ए. कृ. को.-दिष्ष।

तिमिर पाप कट्टन । लिलाट प्राची दिसि उग्गिय ॥
प्रज सोर रोर पावस मनों । सुगर भट्ट चंदह सुनिय ॥
भट्टनि जगाय जग्यौ पुरस । सुगुर पच्छ सद्दह दुनिय ॥
॥ छं० ॥ १९० ॥

कवि का स्त्री बालकों साहित गुरु राम की पूजा करना और गुरुराम का कवि से अपने आने का कारण कहना ।

चंद वदनि जगि चंद । चंद वदनी सुख चाह्यौ ॥
हि चंद्राननि चंद्र । कंत चंदहि न सुहायौ ॥
अन्नित मित्त कलमित । नित्त वंदिन इह वद्दिय ॥
छिन छिन घटि वढि वढै । राह भय भवन सुजंदिय ॥
दुज पुञ्जि अज्ज लज्जा न करि । राज गुरू आयौ घरां ॥
सायंग धूप दीपह परचि । सुवर विप्र मंडल वरां ॥
॥ छं० ॥ १९१ ॥

सुरिल्ल ॥ सकल लोइ पुच्छन गुरु अप्पहि । गुरु षट मास राज विन दिप्पहि॥
तब पर जानि प्रपंच उपायौ । तव गुरु पुच्छन चंदहि आयौ ॥
॥ छं० ॥ १९२ ॥

दूहा ॥ आदर चंद अनंत किय । ग्रह आवत गुरु राम[1] ॥
सम सुत त्रियनि सु चरन परि । सिर फेरिग सव हाम[2] ॥
॥ छं० ॥ १९३ ॥

सुरिल्ल ॥ तव गुरराज राज कवि वुभ्झै ।
तुहि वरदाइ तीन पुर सुभ्झै ॥
अहि निसि देव सेव गुरु ठानिय ।
सो षट मास मिले विन जानिय ॥
छं० ॥ १९४ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-राज । (२)ए. कृ. को.-साम ।

कवि का कहना कि जिस स्त्री के कारण सर्वनाश हुआ राजा उसी के प्रेम में लिप्त है।

दूहा ॥ हस्यौ चंद बर बिप्र सौं। तुम जानहु बहु भंति ॥
जिहि कामिनि कलहौ कियौ। सो जामिनि बिलसंत ॥
॥ छं० ॥ १९५ ॥

गुरुराम का कहना कि पृथ्वीराज ऐसा उदंड पुरुष क्योंकर स्त्री के बश में है।

सुरिल्ल ॥ कही चंद बर बिप्र न[1] मानिय।
रहि रहि कबि तैं बात न जानिय॥
जिहि धनु चिय रन चिन वर आनिय।
सुक्यौं देव चिय बसि करि मानिय॥ छं० ॥ १९६ ॥

कवि का कहना कि अभी आप वह बात नहीं जानते।

तुमसम दिष्टि अदिष्टि न दिष्यौ। जब असीलष्य दल्ल गहि[2] भष्यौ ॥
प्रान समान परत दप छोह्यौ। मरन छंडि महिला सुष[3] मोह्यौ ॥
॥ छं० ॥ १९७ ॥
तिहि महिला महिला बिसराई। अरु गुरु देव सेव सुनि साईं ॥
बिभौ भूमि श्रित जाहु सुजाही। सुनि सौ समौ राज गुर नाहीं ॥
॥ छं० ॥ १९८ ॥

गुरुराम का कहना कि हां कवि कहो क्या बात है।

दूहा ॥ समौ[4] जानि गुर राज रहि। कहि कहि कबि इह बत्त ॥
किहिवै किहि रूपनि रवनि। किम राजन रस रत्त॥ छं० ॥ १९९ ॥

कविचन्द का संयोगिता के रूप राशि का बर्णन करना।

जुब्बन ज्यौं तन मंडनौ। सिसु मंडन तन डोल॥

---

(१) मो.-सु। (२) एं. कृ. को.-गहि गहि।
(३) एं. कृ. को.-मन। (४) ए.-मनौ।

बालप्पन संह बिछुरन। तिहि चित चंचल लोल॥
॥ छं० ॥ २०० ॥

गाथा ॥ जंजोई संजोई। जोईत सिद्ध जम्माई॥
नंजोई संजोई। गोईत सिद्ध जम्माई॥ छं० ॥ २०१ ॥

मालती ॥ गुरु पंच सत्तति चामरे। चहुआन अच्छर धामरे॥
संति पीय पिंगल बंधए। गिय मालती प्रति छंदए॥
॥ छं०॥ २०२ ॥

संजोगि जोवन जंबनं। सुनि सर्वदा गुरु राजनं।
नग हेम हंस जुथप्पनं। गै मग्ग हंस उथप्पनं॥
॥ छं० ॥ २०३ ॥

तल चरन अरुनति अड्डयं। जनु श्रीय श्रीषंड लड्डयं॥
नष कुंद मल्लि सुवेसनं। प्रति व्यंब श्रोन सुदेसनं॥
॥ छं० ॥ २०४ ॥

करि कासमीर सुरंगनं। विपरीत रंभति जंघनं॥
रस नेव रंजि नितंबिनी। कुसुमेष इक्क बिलंबिनी॥
छं० ॥ २०५ ॥

उर भार मध्य विभंगनं[1]। दिय रोम राय सुथंभनं॥
कुच कंज परसन जंअली। मुष मयुष[2] देषि[3] कलंकली॥
छं० ॥ २०६ ॥

हिय[4] अयन सयनति सिद्धयौ। भजि ग्रहन ग्रहनति रिद्धयौ॥
उर भीन भीलति कंचुकी। भुज ओट जोटति पंचकी॥
छं० ॥ २०७ ॥

नलि नील पाखि वअचछयौ। जनु कुंद कुंदन सुच्छयौ[5]॥
कल ग्रीव रेह चिवल्लया। जनु पंच जन्य सुथल्लया॥ छं० ॥२०८॥

अधरेव पाक सुबिंबनं। सुक सालि आलिन खंडनं॥
दस नेव मुक्ति सुनंदनं। प्रति भास मुद्रित बंदनं॥
छं० ॥ २०९ ॥

(१) ए. कृ. को.- विलंगनं (२) को.-नयुष (३) मो.-दोष
(४) ए.-सिय (५) ए.-चच्छयौ

मधु मधुरया मधु सद्दया। कलयंत कोकिल बद्दया ॥
भ्रम भवन जीवन नासिका। नसु ञ्जंजनी पिय चासिका ॥
छं० ॥ २१० ॥

झल मलत अवल तटंकता। रथ भंग अरक विलंवता ॥
तुच्छ तुच्छ दृष्यहि इच्छसी। षष लज्ज सैसव संकसी ॥
छं० ॥ २११ ॥

सित असित उररि अपिंगज्यौ। जनु सेड बंदर वच्छज्यौ ॥
तसु मद्धि म्रग्ग मद विंदुजा। दुति इंदुनिंदत सिंधुजा ॥
छं० ॥ २१२ ॥

कच वक्र चक्रति कुंतलं। तसु ओपमा नह भूतलं ॥
मनि बंध पुह्पति दीसए। जनु कन्ह कालिय सीसए ॥
छं० ॥ २१३ ॥

चिस रावली वनि बंनियं। अवलंवि अलि कुल स्रिनियं ॥
चित चित्र चित्रत अंबरं। रति जानि दृश्वति सम्मरं ॥
छं० ॥ २१४ ॥

जनु सीस फूलति अच्छयौ। मनु कन्ह कालिय सुच्छयौ ॥
* * * * * * * छं० ॥ २१५ ॥

संयोगिता के शरीर में १४ रत्नों की उपमा वर्णन।

कवित्त ॥ जिहि उदद्धि मथ्य ए। रतन चौदह उद्धारे ॥
सोइ रतन संजोग[1]। अंग अंगह प्रति पारे
रूप रंभ गुन लच्छि। वचन अम्रत विष लज्जिय ॥
परिमल सुरतरु अंग। संष ग्रीवा सुभ सज्जिय ॥
वदन चंद चंचल तुरंग। गय सुगति जुव्वन सुरा ॥
धेनह सुधनंतरिसील मनि। भौंह धनुष सज्जों नरा ॥
छं० ॥ २१६ ॥

दूहा ॥ समर समंडन समर ग्रह। समर सुरप्पर भोग ॥
समर सुजित्तिय पंग न्रप। तिहि[2] चल्लन संजोग ॥
छं० ॥ २१७ ॥

(१) ए. कृ. को.-सोइ संजोग सुअंग (२) ए. कृ. को.-वल्लह।

सन्नि राज गुर राज रस । कदि दर दर्गनिय सत्ति ॥
जस भावी तस भुग्गवै । तस विधि अर्प्पै सत्ति ॥
छं० ॥ २१८ ॥

उभै उभै रस उप्पयौ । मिले चंद गुर राज ॥
कर वयनन आनन मिलहि । नयन निरप्पहि राज ॥
छं० ॥ २१९ ॥

कविचन्द और गुरु राम का सब महाजन मंडली सहित राजद्वार पर जाना।

भुजंगी ॥ मिले विप्र भट्टं अनूपं स धामं । मनोहिंदवानं सवानं[1] तकामं ॥
उभै द्वर सांई सु अग्या विनानं । चढ़े एक डोडोल नर एक जानं ॥
छं० ॥ २२० ॥

महा प्रीति अंगं मनं एक कीनं । मिले हथ्थ हथ्थं सुताली[2]य दीनं ॥
उभै ओपमा द्वर चंद सु चंदं । उभै पूजनं राज राजंन वंदं ॥
छं० ॥ २२१ ॥

अनेकं सु भंती उभै जानि वानं । उभै भ्रम्म कित्ती रथं चाहुआनं ॥
उभै आस पासं महाजन्न चालैं । जिनं देख देसं महानीच हालैं ॥
छं० ॥ २२२ ॥

कहै जे समाचार दूरंम होता । मिलै लोकं सथ्थें तमासा निजोता ॥
*　*　*　*　*　*　*　छं० ॥ २२३ ॥

कवित्त ॥ एक रथ्थ आरुहिय । सरद दिन इंद मनोहर ॥
समुह राज दरबार । पलक उम्महिय सगोहर ॥
कालस बंधि बंधियन । सगुन संचारि विचारिय ॥
बढ़े कित्ति वत्ती[2] सुघट्टि । घट आउदि हारिय[3] ॥
उच्छह उतंग छंदह बयन । गयन गज्जि वज्जिय जलह ॥
दरबार राज धुंधरि धरनि । सरन रष्षि दुग्गा बलह ॥
छं० ॥ २२४ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सवानंन
(२) मो.-बेली　　(३) मो.-भट आय निहारिय

संयोगिता की ओर से नरभेष धारण किए हुए पहरे-दार स्त्रियों का सब लोगों को मार कर भगा देना।

दिष्षि दइय दरबार। पंग कुंअरि चर बारहि॥
नारि भेष नर वस्त्र। सस्त्र लकरी कर भारहि॥
मार मार उच्चार। बाल तरुनि सुगंध रस॥
तुरिय नथ्थि गज नथ्थि। नथ्थि रथ विरद बंदि जस॥
बाजहि विसाल रन तूर रव। भवर भीर भामिनि भवन॥
दिठि परत लरथ्थर पय परत[1]। नकरि जीव अग्गह गवन॥
छं० ॥ २२५॥

षलक भग्गि गय सथ्थ। छंडि चौडोल लोग गय॥
लाल लहरि लक्करिय। छाह सिर विप्र भट्ट भय॥
बिन अलच्छि लच्छि नट्ट। बिहुनि इच्छा भइ सुगंह॥
उम्माह ग्राह मिल्लिग[2] पवारे[3]। रवरि राह ठिल्लित ठिल्लिग॥
दासी दिवंग सम अच्छरिय। मिलित दरह दोउनि बुल्लिग॥
छं० ॥ २२६॥

कविचन्द का ड्योढीवाली दासियों से बातें करना और कंचुकी का कलरव सुनकर कवि के पास आना।

चंद्रायना॥ मिले चंद गुरराज विराजत राज दर।
जहां पंगा प्रभानु कियो प्रथिराज बर॥
तहां अपुब्ब रस रास विलासति सुंदरिय।
क्षित बिन न्रप दरबार जिनग बिन मुंदरिय॥
छं० ॥ २२७॥

दूहा॥ इम जंपै कविराज गुर। कंपिग पट्टन वार॥
को गुर देव नरेस सों। दिसि गज्जनी पुकार॥
छं० ॥ २२८॥

(१) ए. कृ. को.-दिटि परतल रथ्थर पय परत। (२) ए. कृ. को.-पिल्लिग
(३) मो-दवरि, ए पवरि

सुनि सुनाइ आवंन मिटि। दिष्षि कविंद न्रप थान ॥
जै जीवन तौ पंच बुलि। दर बोले दरवान ॥
छं० ॥ २२९ ॥

वर किंचिक पुव्वह न्रपति। सुनि कलरव कवि वानि ॥
धाय चंद दरसन कियौ। भ्रम्म परिग्गह ठानि ॥
छं० ॥ २३० ॥

सुनि कवि वानि प्रमान धन। कहि इंछनी सें जाइ ॥
जु कछु कही वरदाय वर। ज्यों हित दिसा पसाइ[1] ॥
छं० ॥ २३१ ॥

अन्दर से इस दासियों का आकर कविचन्द से कहना कि क्या आज्ञा है सो कहिए हम राजा से निवेदन करें।

चद्रायना ॥ तव कुटिल भौंह चख सोहति मोहति दासि दस।
कछुक हँसिय[2] पय लग्गिय जंपी अलीय[3] लसि ॥
तुम सरवग्य सुकव्वि राज गुर राज सम।
तुम तन समुह निरष्षि गये पति पाय हम ॥ छं० ॥ २३२ ॥

दोहा ॥ आसन असु दिय चरन रज। कच झारिय तन रेन ॥
सव्व सिंगार सु सुंदरिय। आदर आभर नेंन ॥
॥ छं० ॥ २३३ ॥

दिट्ठौ सो दिट्ठौ नहीं। अनदिट्ठौ दिट्ठाय ॥
तुम सरवंगिय कवि सुनिय। इह अचिज्ज किहि भाय ॥
छं० ॥ २३४ ॥

कवि अचिज्ज सब अप्प घर। तरह तरह बतिनाइ ॥
नैंप्रिय धन तिन नाव दस। किइ भूत गीताय ॥ छं० ॥ २३५ ॥
आदर दर दिन्नौ कविहि। आयस मंग्यो दासि ॥
कहा पयंपहु न्रपति सों। कहौ चंद गुर भासि ॥
छं० ॥ २३६ ॥

(१) मो.-पठाइ
(२) ए. कृ. को.-हसीय　　(३) ए. कृ. को.-अलिय

कविचन्द का राजा को एक पत्र और सँदेसा देना।

कग्गर अप्पह राज कर। मुष जंपह इह वत्त ॥
गौरी रती तुअ धरनि। तूं गोरी रस रत्त ॥

छं० ॥ २३७ ॥

कवित्त ॥ नथ्थि कन्ह चहुआन। धीर पुंडीरन निड्डुर ॥
नहि सुमंत कयमास। राय गोयंद अषंडर ॥
नहि सुलोह लंगरिय। अत्तताई सुभंग भर[1] ॥
नहि पज्जन पंवार। सलष लष्षन बघघेल नर ॥
भोहांन भूप बंधुन बरन। सरन जाहि ढिल्लिय नयर ॥
घर नयर राय रावर समर। सक्क सहाब गोरी वयर ॥

छं० ॥ २३८ ॥

दासियों का पृथ्वीराज के पास जाना और कवि का पत्र देकर सँदेसा कहना।

दूहा ॥ दासि संपत्तिय तिहि महल। जहं संजोगि नरिंद ॥
सनमुष सषी निरष्षयौ। मनो पृथीपुर इंद ॥ छं० ॥ २३९ ॥
क्रम क्रम दासिय संचरिय। दस दस दिसि दरबार ॥
पग मुक्कत उक्कत लिषिय। न्रिप निय नयन निहारि ॥

छं० ॥ २४० ॥

अन्य महल दासिय निरष। परषि पयंपन जोग ॥
उन्नित सुष रुष राज किय। न्रपति सपत्तौ लोग ॥

छं० ॥ २४१ ॥

इय कहि दासिय अप्पि कर। लिषि जु दियौ गुर चंद ॥
पहिली ओली बंचियौ। भूमिय जाय नरिंद ॥

छं० ॥ २४२ ॥

कविचन्द का पत्र।

* षग तिस जस तिस दान तिस। तिस लग्गै हरि नाम ॥

(१) मो.-मह सुम्भर

* यह दोहा मो० प्रति में नहीं है.

सह निस ते सन वीर वर। तिन रष्षे संग्राम ॥

छं० ॥ २४३ ॥

कवित्त ॥ गज्जनेस आयौ असंभ। सह सेन सकिल्लिय ॥
दै चादर आदर अनंद। दिल्लिय दिसि मिल्लिय ॥
दस हजार वाहनि विसाल। दस लाप तुरंगम ॥
तहं अनेक भर सुभर। मीर गंभीर अभंगम ॥
आवरन वत्त चहुआन सुनि। प्रान रष्षि प्रारंभ करि ॥
सामंत नहीं सोमंत करि। जिन घेरहि ढिल्लिय सुधर ॥

छं० ॥ २४४ ॥

पृथ्वीराज का पत्र फाड़ कर फेंक देना और शृंगार से वीर रस में परिवर्तित हो जाना।

दूहा ॥ सुनि कग्गर फार्यौ सुकर। धर रष्षै गुर भट्ट ॥
तरकि तोन सज्यौ न्रपति। जिम वदल्यौ रस नट्ट ॥

छं० ॥ २४५ ॥

सल किंचत किंचित भयौ। गुनियन मयन उढारि ॥
वर पंचों छिन छिन छुटति। लज्ज पंच वहि पार ॥

छं० ॥ २४६ ॥

राजा का कुछ विमन होकर संयोगिता की ओर देखना और संयोगिता का पूछना कि यह क्यों।

प्रिय अप्रिय दिष्षौ वदन। किय जिय न्रप भौ सथ्थ ॥
हूं पूछों वर वरह तुहि। कहि सम दौरति कथ्थ ॥छं०॥ २४७॥

राजा का कहना कि मुझे रात्रि के स्वप्न का स्मरण आगया है।

अदभुत इक दिष्षौ न्रपति। रयनि गलित [1]षिन प्रात ॥
सुरति एक सम्मुह रही। सा सुपनंतर बात ॥

छं० ॥ २४८ ॥

(१) ए. कृ. को-बिन

संयोगिता का कहना कि यह तो हुआ ही करता है।

कवित्त ॥ कहै पीय पोमिनिय। कंत धन धन्यौ तोन धन ॥
सुष सुमार आरोह। सार संसार मरल मन ॥
दिन दिनयर निसि चंद। रेनि दिन दिनयर आवै ॥
जंतु मंतु इह बरनि। अवन लग्गवि समुझावै ॥
अरधंग धरा अरधंग हुअ। अरि अंग रंग अरधंग करि[1] ॥
जिम हंस रहत तस हंसनिय। सर सुक्कै जिम पंक परि ॥
छं० ॥ २४९ ॥

राजा का कहना कि नहीं वह अरिष्ट सूचक अपूर्व स्वप्न ध्यान देने योग्य है।

दूहा ॥ कहै राज संजोगि सों। अद्भुत चरित सुनंत ॥
निय पाइन लग्गिय सुप्रिय। कहि कहि कंत सुमंत ॥
छं० ॥ २५० ॥

संयोगिता का हठ कर कहना कि अच्छा तो बतलाइए।

कहै राज संजोगि सुनि। सुकथह कथ्य अकथ्य ॥
श्रवन मंडि कनवज्ज निय। सा सुपनंतर अथ्य ॥
छं० ॥ २५१ ॥

राजा का रात्रि के स्वप्न का हाल कहना।

कवित्त ॥ अज्ज सुपन सुंदरिय। रंभ लग्गिय परि रंभह ॥
तहं तुअ संग सुकिय। तेज अच्छिय रवि गिम्मह ॥
तहं तुम मिलि झग्गरौ। गहहि करिवर कर जंपहि ॥
तहं अदिष्ट आरिष्ट। दुष्ट दानव तन चंपहि ॥
तहं तून हून नन अच्छरिय। हर हर हर सुर उप्पज्यौ ॥
जानै न देव दैवान मति। कहन्निम्मान कह निप्पज्यौ ॥
छं० ॥ २५२ ॥

(१) ए. कृ. को.- अरि अरधंग अरंग करि

राजा का महलों से निकल कर कवि के पास आना।

सुनि उद्विय संजोगि। वचन जै जै जंपत जस॥
धनि छ्रति चहुआन। राज सिंगार वीर रस॥
छक्क मरन सुर नरां। मरन सिध साधक मुक्कै॥
मरन रहै जग नाम। चित्त रप्पत म्रत चुक्कै॥
अध अध करे अरियन दुअध। तूं उधतदि अरधंग मौं॥
सामंतन को सो मंत करि। राजस अप्प पधारिहौं॥
छं० ॥ २५३ ॥

राजा के स्वप्न का हाल सुनकर कवि और गुरुराम का वलिदान और दान पुण्य करवाना।

सुपनंतर पुच्छनह। राजगुर कविगुर बुल्लिय॥
सो सुपनंतर सुनवि। तेन मुप तिन प्रति पुल्लिय॥
सुवर हथ्थ दै मथ्थ। अभय पंजर पढि दिन्नौ॥
सहस कलस भरि पीर। अरघ रवि ससि को किन्नौ॥
दस वलि दिसान दस महिष हनि। सित अनंत मित दान दिय॥
तिहि दिवस देव प्रथिराज दर। संझ सुभर भर महल किय॥
छं० ॥ २५४ ॥

दूहा ॥ आवस्यक भावी विगति। कहा महिप वध होइ॥
जो जतननि टारी टरै। नल[1] पंडव सम कोइ॥
छं० ॥ २५५ ॥

पृथ्वीराज का बाहर के सब समाचार और रावलजी की अवाई की खबर सुनकर पश्चात्ताप करना और मंत्रियों से कहना कि जिस तरह हो रावल जी को लिवा लाने का उपाय करो।

पद्धरी ॥ किय महल राज आरंभ संझ। पद्धरी छंद व्रन्नैति मंझ॥

(१) मो.-भल।

धुक्किय निसान हुक्किय जिकीव। दिसि दिसि रिसान धाए नकीव॥
छं० ॥ २५६ ॥

घोलिय सुषग्ग है गै पलान। रथ अरथ दिष्ट गुष्टिय गुमान॥
पट नरम गरम जरि जिमित षान। जे लए दंडि सुरतान षान॥
छं० ॥ २५७ ॥

आवध अरद्ध सिलहन सकोड़। जंपरिय किरन किरनाल होड़।
उच्छरिय सुच्छ बंकुरि कपोल। विदिन विरद उत्तंग बोल॥छं०॥२५८॥

छह रंग छक्क आहत्त दान। दूल मझ्झ नंज बंबरि विपान॥
खिषि खित्त खित्त कग्गर सुदृष्ट। जोगिल जमाति जन मिलि गरिष्ट॥
छं० ॥ २५९ ॥

सनमंध प्रिथापति चित्रकोट। बहु लज्ज वीस बासरति ओट॥
पुछ्यौ प्रधानह छंकरि हकारि। कह करी प्रथापति जनु जुहार॥
छं० ॥ २६० ॥

कामंध अंध वीसल कुलेन। अपराध कोटि कामिनि रसेन॥
जित महल पुरष रस बस अरक्क। भुग्गवै भूप ते निज नरक्क॥
छं० ॥ २६१ ॥

मो बर समान धरपति सुदृष्ट। मो कहि न कवन डर कवन कष्ट॥
गोग्रहन धरनि ग्रह अतिथ राज। रष्षहि सरीर सुष[1] कवन काज॥
छं० ॥ २६२ ॥

अप अप्प दोष चित चिंति वीर। इहि लज्ज अज्ज छंडो सरीर॥
धरनर नरिंद जोगिंद मंत। पति चित्रकोट अरु प्रिया कंत॥
छं० ॥ २६३ ॥

उतर्यौ आय घर निगम बोध। मुहि दइन सुगध किन आय सोध॥
अब करिव कोइ जिहि तिहि उपाय। जिम चलै अप्प ग्रिह समरराइ॥
छं० ॥ २६४ ॥

रिस दिसर ज्ञान संजोगिबान। फिरि मझ्झ बोलि पिय सुनहु आनि॥
महिलान मंत पुच्छै न कोइ॥ हुं कहौं नाथ ज्यों समझि होइ॥
छं० ॥ २६५ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सुष।

सब त्रिया बुद्धि नीची गिनंत। मानैं न सच्च जो फुनि सुनंति ॥
संसार त्रिया विन नाहि होत। संजोगि सकित सिव माँहि जोत ॥
छं० ॥ २६६ ॥

एह रन सरन्न बहु भांति जानि। गुन अगुन अविधि विधि सबै ठानि ॥
ग्रह चरित लषै जोतिग्ग माहिं। त्रिय चरित करत कवि सुद्धि नाहिं ॥
छं० ॥ २६७ ॥

अनादि रीति सुनि एह बात। तिन काज कहै हम बुद्धि घात ॥
हम सुष्य दुष्य बंटन समथ्थ। हम सुरग बास छंडै न सथ्थ ॥ छं० ॥ २६८ ॥

हम भूष प्यास अंग मैं देव। हम सर समान पति हंस सेव ॥
छं० ॥ २६९ ॥

संयोगिता का दासी भेजकर राजा को दरबार में से बुला भेजना।

कवित्त ॥ अंग रष्षि संजोगि। नाम सुभना सुभ लच्छन ॥
रूप तेज अति तास। सकल कल ग्यान विचष्षिन[1] ॥
आइसु मझ्झ महल्ल। देषि द्रिग राजन उच्चिग ॥
गहर लज्ज वर बान। नेम निज नाथ स दुच्चिय ॥
इंछै सुमझ्झ संजोगि तुम। आवन राज पिनक्कनह ॥
सुनि सुभर सबै बैठन कहिग। संजोगी संपत्त ग्रह ॥ छं० ॥ २७० ॥

दूहा ॥ उठत राज सुह सुह हगनि। भरसंडी सन सन्न ॥
त्रिया रसन तृपतो नहीं। राज काज नह मन्न ॥ छं० ॥ २७१ ॥

राजा का संयोगिता से पूछना कि तुम मन खिन्न क्यों हो।

दिष्षिय राज संजोगि द्रिग। मन मलिन्न चलचित्त ॥
कहै राज पंगानि किम। तूं तन मनै अहित्त ॥ छं० ॥ २७२ ॥

संयोगिता का कहना कि जिस विषय पर दरबार में बात चल रही थी उसीके लिये मैंने भी आपको कष्ट दिया है।

कहै संजोगिनि स्वामि तुम। सभा सु जंपिय बत्त।

(१) ए. कृ. को.-सुलच्छिन।

सोइ कारन प्रभु संभर्यौ। सुद्दौं पगि कहौं सत्त ॥

॥ छं० २७३ ॥

संयोगिता का कहना कि मैंने रावलजी का उचित आदर सत्कार साध दिया।

कवित्त ॥ प्रथां कंत आगमह। कंत भोंकलि प्रधान दिय ॥
सुभर अन्न वस्तर सुगंध। आदर अद्व किय ॥
ननद देउ सिंगार। हार उत्तंग दुति मुत्तिय ॥
विजै करत विजैपाल। तात कै तात लिए निय ॥
विस लेष[1] प्रीति अंतर निमष। श्रवन राज आनंद दिय ॥
गुरमंच तंच जिम प्रौढ तिय। पिय पियूष ज्यों रेनि पिय ॥

॥ छं० २७४ ॥

पातिव्रत वर्णन।

चिय जु प्रीय उच्चरिय। चिय जु प्रिय बिन जिय[2] रष्षै ॥
अग्गि लोपि रव रवन। रवन बिन घटिन परष्षै ॥
पवन पंथ हाहंत। रहिन ग्राहत ग्रह तन्नै।
अंसु रष्षि तजि अंसु। हार सिंगारत जन्नै ॥
जुरि[3] चक्क चक्क बोलइ अगनि। चरित चित्त सुज लोक चित ॥
अरधंग अंग संदेह नहिं। सुद्दो सोहिं पिय पंग पित ॥

छं० ॥ २७५ ॥

दूहा ॥ पिय बिन तनपन अनन धन। भूषन वसन न रत्त ॥
जीवन बिन जीवन रषन। तौ पति रंइ परत्त ॥

छं० ॥ २७६ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता को आलिंगन करना।

* हंसि आलिंगन अंग दिय। जुरि लोयन पिय पीय ॥

---

(१) ए. द. को.-विषलेष। (२) ए. द. को.-लिय।
(३) ए. कृ. को.-सुरि।
* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

लव लावन्य समुंद सर । सगुय सुधा रस दीय ॥

छं० ॥ २७७ ॥

आलिंगन समय की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ हँसि आलिंगन देत । उपजि आनंद अपारह ॥
कनक लता जनु उमड़ि । लपटि लग्गी सहकारह ॥
नृप पयान सुनि कान । अंसु फिरि उअर समावत ॥
